ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 21 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-334 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता ... पेज 10 पर

मुख्यमंत्री ने गबन के मामले में सहायक अभियंता के खिलाफ अभियोजन की दी स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरही के भवन निर्माण कार्य के क्रियान्वयन में सरकारी पद का दुरुपयोग, आपराधिक षडयंत्र धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सरकारी राशि के गबन करने के अभियुक्त सुनील कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण विशेष प्रमंडल के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति का आदेश दिया है।

17 लाख से अधिक राशि के गबन का आरोप : मामले में वादी द्वारा इस प्रमण्डल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही के भवन

निर्माण कार्य मद में विभागीय तौर पर अग्रिम राशि देकर कार्य कराया जा रहा था। अभियुक्त के द्वारा वर्णित कार्य के विरुद्ध एक करोड़ 27 लाख रुपये मात्र अग्रिम राशि ली गई थी। एक करोड़ 27 लाख रुपये अग्रिम के विरुद्ध एक करोड़ नौ लाख 84 हजार 837 सौ रुपये समायोजन किये जाने के पश्चात शेष असमायोजित राशि 17,17,167 रुपये अभियुक्त के नाम पर अभी तक लंबित पाया गया जो सरकारी राशि के गबन का मामला बनता है।

बरही में दर्ज हुआ है मामला

वादी डुमरीडीह कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के बयान के आधार पर उपरोक्त वर्णित अभियुक्त के विरुद्ध हजारीबाग जिलान्तर्गत बरही थाना कांड संख्या-379/2013 धारा 406 के अंतर्गत दर्ज किया गया है एवं अनुसंधान के क्रम में धारा-34 का समावेश किया गया है।

झारखंड के चार उपायुक्तों को मिली आपराधिक गतिविधियों को रोकने की शक्ति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बढ़ते अपराध और नक्सल गतिविधियों को लगाम के लिए चार जिलों के उपायुक्तों को शक्ति दी गयी है। जमशेदपुर, सिमडेगा, रामगढ़ व गढ़वा जिले के उपायुक्तों सह जिला दंडाधिकारी के पत्र के आलोक में यह कार्रवाई की गयी है। गृह विभाग के इस स्तर पर विमर्श हुआ, जिसमें यह बात सामने आयी कि इन जिलों में सामान्य दंड संहिता के सिर्फ उपयोग से अपराध या नक्सल गतिविधियों में शामिल लोगों पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता है।

इसलिए अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 का उपयोग करते हुए चारों जिलों के डीसी को धारा 12 (2) से सीसीए लगाने का अधिकार दिया गया है। इस संबंध में बुधवार को अधिसूचना जारी की गयी है। यह शक्ति अगले तीन माह के लिए दी गयी है।

आशुलिपिक की परीक्षा लेगा जेएसएससी, अधिसूचना जारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के अधीन आशुलिपिक सेवा संवर्ग के कर्मियों की नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधित नियमावली-2023 गठित कर दी गयी है। इस संबंध में बुधवार को राजस्व भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत आशुलिपिक के नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटर होना आवश्यक रखा गया है। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त कर लेना होगा। पूर्व में झारखंड के ही शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक-इंटर पास होना अनिवार्य था, जिसे अब विलोपित कर दिया गया है। इसके अलावा अब मेघा सूची के बजाए आशुलिपिक के पद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर भरा जायेगा। नियुक्ति में कोई दिक्कत हुई तो झारखंड सरकार का निर्णय अंतिम होगा। कर्मचारी चयन आयोग अधियाचना के अनुसार योग्यता क्रम में सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति की अनुशंसा करेगा। नियुक्तियां संबंधित विभाग के विभागीय प्रधान द्वारा की जायेगी। इनकी पोस्टिंग विभाग के अधीन कार्यालय में की जायेगी। नई नियमावली बनने के बाद अब विभाग कर्मचारी चयन आयोग को रिक्तियों की अधियाचना भेजेगा, जिसके बाद इसकी प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

NEWS इन ब्रीफ

ट्रेन की चपेट में आने से बच्ची की मौत

दुमका। हंसडीहा थाना क्षेत्र के चोरबटिया गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के चरकटांड गांव निवासी रामदुलार सिंह की पुत्री पिंकू कुमारी के रूम में की गई। जानकारी के अनुसार बच्ची बुधवार सुबह शोच के लिए निकली थी। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने हंसडीहा पुलिस को दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया।

अवैध खनन केस- काला व गोरा संजय को दुबारा ईडी का समन

रांची। साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन केस में ईडी ने बच्चू यादव के रिश्तेदार काला संजय व गोरा संजय को दुबारा समन किया है। दोनों को 27 सितंबर को दिन के 11 बजे तक एजेंसी के रांची जोनल आफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, दोनों को बुधवार को समन कर बुलाया गया था, लेकिन दोनों उपस्थित नहीं हुए। आरोपी बच्चू यादव को जमानत मिलने के बाद ईडी ने उसके दोनों रिश्तेदारों को समन किया था। दोनों की मनी लाउंड्रिंग में संलिप्तता के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं।

प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने बुधवार को जमीन घोटाले के आरोपित प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व 14 सितम्बर को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में अदालत ने आज फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। प्रेम प्रकाश की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की। प्रेम प्रकाश पर चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन और बरियातू स्थित सेना की जमीन की खरीद-बिक्री करने का आरोप है।

अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में हुई गवाही, सुनवाई 29 को

रांची। चेक बाउंस से जुड़े अभिनेत्री अमीषा पटेल के मामले में बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह की ओर से गवाही हुई। मामले में प्रतिवादी बनाए गये कुणाल ग्रोमर की ओर से उसका प्रति परीक्षण किया गया। अमीषा के अधिवक्ता जय प्रकाश ने अदालत से मामले में समय की मांग की। अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि मामले में सीनियर अधिवक्ता प्रति परीक्षण करेंगे। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अंतिम मौका दिया जा रहा है। इसके बाद अदालत ने 29 सितम्बर की तिथि निर्धारित की।

दो तिहाई बहुमत से पास हुआ बिल, पक्ष में 454 वोट पड़े

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास

नई दिल्ली। महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) बुधवार को लंबी चर्चा के बाद तो-तिहाई बहुमत से लोकसभा से पास हो गया। बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पर्ची से वोटिंग कराई। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी और औरंगाबाद से सांसद इम्तियाज जलील ने महिला आरक्षण बिल के विरोध में वोट किया। गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। महिला आरक्षण बिल नई संसद के लोकसभा में पास हुआ पहला बिल भी है। महिला आरक्षण बिल के मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में

महिलाओं के लिए 33% रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।

गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के सवालों का दिया जवाब : महिला आरक्षण बिल पर वोटिंग से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के सवालों का जवाब दिया। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देशभर में दिया। उन्होंने कहा कि गुजरात में उन्होंने जागरूकता पैदा की। इससे लिंगानुपात में सुधार हुआ था। अमित शाह ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाई का फायदा ये हुआ कि एक ओर लिंगानुपात में सुधार हुआ, दूसरा गुजरात में प्राइमरी एजुकेशन में 37 फीसदी ड्रॉपआउट रेशो था, लेकिन जब मोदीजी प्रधानमंत्री ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

तीन दशक से अटका था महिला आरक्षण बिल

संसद में महिलाओं के आरक्षण का प्रस्ताव 3 दशक से अटका हुआ था। पहली बार 1974 में महिलाओं की स्थिति का आकलन करने वाली समिति ने इस मुद्दे को उठाया। इसके बाद 2010 में मनमोहन सरकार ने राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण बिल को बहुमत से पारित करा लिया था। लेकिन तब सपा और आरजेडी ने महिला आरक्षण बिल का विरोध किया। दोनों पार्टियों ने तत्कालीन वढअ सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दे दी थी। इसके बाद बिल को लोकसभा में पेश नहीं किया गया।

महिला आरक्षण बिल कानून बन भी गया तो क्या फंसा है पेंच

आला सरकारी सूत्र के मुताबिक, महिला आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से संभव हो सकता है। आरक्षण को अमली जामा पहनाने के लिए लंबी संवैधानिक प्रक्रिया है। इस बिल को 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की जरुरत नहीं है। यानी संसद से पास होने और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ये कानून बन जाएगा। लेकिन सरकार सबसे पहले नागरिकता संशोधन कानून के रूल्स नोटिफाई करेगी। इसके बाद जनगणना का काम शुरू होगा। उसके बाद परिसीमन आयोग लोकसभा और विधानसभा परिसीमन का काम पूरा करेगा। महिला आरक्षण कानून जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू होगा।

ओबीसी कोटा बिना ये बिल अधूरा : राहुल गांधी

महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में हुई डिबेट में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने इस दौरान ओबीसी को भी इस बिल में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण बिल अधूरा है। राहुल गांधी ने कहा, 'मेरे विचार से यह विधेयक आज ही लागू किया जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़ने के मकसद से तैयार नहीं किया गया है।'

ईडी ने अवैध खनन मामले में बच्चू यादव के दोनों भांजों को भेजा समन

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज के गोरा संजय और काला संजय को एक नया समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें साहिबगंज के अवैध खनन मामले में 27 सितम्बर को ईडी के रांची जोनल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले भी ईडी ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन दोनों उपस्थित नहीं हुए। गोरा संजय और काला संजय बच्चू यादव के भांजे हैं। ईडी को जानकारी मिली है कि बच्चू यादव की अवैध खनन से अर्जित संपत्ति का निवेश उसके दोनों रिश्तेदारों ने किया है। ईडी ने बैंक खातों के ट्रांजेक्शन से जुड़े साक्ष्य और निवेश की जानकारी जुटाई है। इसी आधार पर दोनों को ईडी ने समन किया है।

राज्य के 25 प्रमोटी आईपीएस अधिकारियों को वरीयता मिली, आवंटित हुआ बैच

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य के 25 प्रमोटी आईपीएस अफसरों की वरीतया का निर्धारण केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार के 13 व 14 सितंबर के पत्र के आलोक में वरीयता तक कर बैच का आवंटन कर दिया है। झारखंड पुलिस में 2016-20 तक की रिक्तियों के आधार पर डीएसपी रैंक के अफसरों को आईपीएस में प्रोन्नति दी गई थी। 12 साल की सेवा कर चुके अफसरों को सेलेक्शन के साल से तीन साल, 15 साल पूरी कर चुके अफसरों का सेलेक्शन के साल से चार साल, 18 साल पूरी कर चुके अफसरों को पांच, 21 साल पूरी कर चुके अफसरों को छह, 23 साल की सेवा पूरी कर चुके अफसरों को 7, 25 साल की सेवा पूरी कर चुके अफसरों को आठ व 27 साल की सेवा पूरी कर चुके अफसरों को 9 साल के पीछे की बैच आवंटित किया जाता है।

किस आईपीएस को मिला कौन सा बैच

2012 बैच : आनंद प्रकाश
2014 बैच : सरोजनी लकड़ा, इमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर
2016 बैच : दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेष नैथानी
2017 बैच : अजय कुमार 1, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पितांबर सिंह खेरवार।

झारखंड में कुड़मी समाज का रेल रोको आंदोलन, चांडिल में लाठीचार्ज, धारा 144 लागू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में और कुड़माली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बुधवार को कुड़मी संगठनों ने रेल टेका, डहर छेंका (रेल रोको-रास्ता रोको) आंदोलन शुरू किया। कुड़मियों के इस आंदोलन का असर झारखंड में व्यापक रूप से दिख रहा है। हालांकि, झारखंड पुलिस आंदोलन को लेकर काफी अलर्ट है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

सरायकेला-खरसावां जिले में कुड़मी आंदोलनकारी नीमडीह स्टेशन के अंदर जाने की जिद पर अड़ गए। कुड़मियों ने पथराव भी किया, जिसके बाद पुलिस ने आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस के लाठीचार्ज से आंदोलनकारी भागने लगे। कुछ आंदोलनकारी घायल भी हो गए, जिन्हें समाज के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह ले गए। घटना के बाद चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, दंडाधिकारी सह सीओ सह बीडीओ संजय पांडे घटना स्थल पर पहुंचे और माइकिंग कर आंदोलकारियों को धारा 144 के बारे में बताया। लाठीचार्ज के बाद नीमडीह रेलवे फाटक के दोनों ओर किसी भी व्यक्ति के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। इलाके में नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान, चांडिल के जीआरपी रमेश कुमार, जिला पुलिस बल, आरपीएफ और जीआरपीएफ मोर्चा संभाले हुए हैं। राज्य के विभिन्न स्टेशनों के आसपास का ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

पहल सांसद-विधायक का सदन में वोट के बदले रिश्वत लेना अपराध है या नहीं

अपने फैसले पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान बेंच इस बात पर विचार करेगी कि क्या कोई विधायक या सांसद विधानसभा या संसद में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में मुकदमे की कार्रवाई से छूट का दावा कर सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान बेंच ने ये फैसला लिया।

कोर्ट ने सात जजों के पास भेजते हुए कहा कि यह राजनीति की नैतिकता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाला एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के पीवी नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले पर फिर से विचार करने का फैसला लिया है। सात सदस्यों की ये बेंच 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट की समीक्षा करेगी जिसके मुताबिक रिश्वत लेकर सदन के अंदर भाषण देने, वोट देने या सवाल पूछने के लिए जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

आज वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि झामुमो सांसदों के रिश्वत मामले पर 1998 में पीवी नरसिम्हा

राव के मामले मे ऐसे मामलों मे सांसदों को छूट दी गई है और एक अन्य पांच जजों की बेंच ने 2007 में राजा रामपाल के मामले में फैसला सुनाया था। इसमें संसद में प्रश्न पूछने के लिए पैसे लेने से जुड़े मामले में उन्हें सदन से स्थायी रूप से निष्कासित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1998 और 2007 के फैसले एक-दूसरे के विरोधाभासी हैं। इसलिए इस मुद्दे को सात जजों के पास भेजा जाना चाहिए। दरअसल, सीता सोरेन 2012 में झारखंड विधानसभा की सदस्य थीं। उस समय राज्यसभा चुनाव में मतदान के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने के लिए सीबीआई द्वारा मुकदमा चलाया जा रहा है। उन पर एक राज्यसभा उम्मीदवार से उसके पक्ष में वोट डालने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था, लेकिन इसके बजाय उसने अपना वोट किसी अन्य उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाल दिया। सीता सोरेन के ससुर और झामुमो नेता शिबू सोरेन को 1998 की संविधान पीठ के फैसले से बचा लिया गया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि जिन सांसदों ने पैसे लेकर राव सरकार के पक्ष में मतदान किया था फिर भी उन्हें अभियोजन से छूट दी गई थी। हालांकि, इसमें फैसला सुनाया गया था कि जिन लोगों ने झामुमो सांसदों को रिश्वत दी थी वो अभियोजन से नहीं बचे थे। सीता सोरेन ने अनुच्छेद 194(2) के तहत सुरक्षा का दावा किया है जो अनुच्छेद 105(2) के समान है और राज्य के विधायकों पर लागू होता है। अनुच्छेद 105(2) के अनुसार संसद का कोई भी सदस्य संसद या उसकी किसी समिति में अपने द्वारा कही गई किसी बात या दिए गए वोट के संबंध में किसी भी अदालत में किसी भी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होगा और कोई भी व्यक्ति इसके संबंध में उत्तरदायी नहीं होगा।

हत्या का आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार, छह पुलिसकर्मी निलंबित, थानेदार लाइन हाजिर

नवीन मेल संवाददाता

पाकुड़। पत्नी की हत्या के आरोप में पकड़ा गया कबीरुल शेख मंगलवार देर रात पुलिस कस्टडी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है लेकिन अबतक कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में थानेदार समेत सात पुलिसकर्मी लापरवाही के दोषी पाये गए हैं। दोषी दो हवलदार समेत छह पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। थानेदार को फिलहाल लाइन हाजिर किया गया है।

पाकुड़ एसपी हरदीप पी जनार्दन ने बुधवार को बताया कि हत्या के आरोप में मालपहाड़ी ओपी पुलिस ने आरोपित कबीरुल शेख को गिरफ्तार किया था, जो मंगलवार की रात फरार हो गया। थानेदार समेत अन्य पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आयी है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल मामले की जांच कर रहे हैं। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि जांच रिपोर्ट सौंप दी गई है। थानेदार समेत सात पुलिसकर्मी लापरवाही के दोषी पाये गए है। दोषी दो हवलदार समेत छह पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। थानेदार को फिलहाल लाइन हाजिर किया गया है। बताया गया है कि बीते मंगलवार को चेंगाडांगा गांव निवासी सुंदरी का निकाह पास के ही गांव ऑटोगली के कबीरुल शेख के साथ हुआ था। सुंदरी वर्तमान में मायके में रह रही थी। मंगलवार को सुंदरी का पति कबीरुल चेंगाडांगा गांव पहुंचा और पत्नी के गले पर स्क्रू ड्राइवर से वार कर हत्या कर दिया। आसपास के लोगों को जब घटना की जानकारी मिली तबतक आरोपित फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मालपहाड़ी ओपी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल से एक स्क्रू ड्राइवर जब्त किया। मालपहाड़ी ओपी पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी पति कबीरुल शेख को गिरफ्तार कर लिया लेकिन कबीरुल देर रात पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों को चकमा देकर हाजत से फरार हो गया।

NEWS इन ब्रीफ

महादेव लाइन होटल एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन

हरिहरगंज। पिपरा प्रखंड के अंधारीबाग गांव समीप चिंगुआ मोड़ पर बुधवार को बाबा महादेव लाइन होटल एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन पिपरा जिला पार्षद ददन पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष सह पिपरा मुखिया प्रतिनिधि रामाशीष पासवान, दलपतपुर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पिपरा प्रखंड में ऐसे लाइन होटल की जरूरत थी। जो लोगों की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। उद्घाटन के बाद आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत, संगीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। मौके पर प्रो. अनिल यादव व जितेंद्र यादव के अलावे मिथिलेश यादव, सत्येंद्र यादव, प्रभु यादव, संजय यादव, शिवलाल यादव, दिलीप सिंह, मिथिलेश यादव, सुदामा यादव, कैलाश यादव, सचिन यादव, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

पांकी के गढ़गांव में ग्रामीणों को मिला मानक के अनुसार राशन

पांकी। पांकी प्रखंड के केलहवा पंचायत अंतर्गत गढ़गांव गांव के ग्रामीणों को जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार खुशबू महिला विकास समूह के द्वारा मानक के अनुसार राशन प्राप्त हुआ, मौके पर मौजूद ग्रामीण जमालुद्दीन अंसारी, जान मोहम्मद अंसारी, मैमून बीबी, दुखराज मियां, रहमान मियां, आसिफ मियां सहीत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व राशन आवंटन में गेहूं की कमी को लेकर ग्रामीणों एवं जन वितरण प्रणाली के दुकानदार में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। लेकिन जनप्रतिनिधि के पहल पर उन्हें मानक के अनुसार राशन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि सुखाड़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने से ग्रामीणों के समक्ष खाद्यान्न को लेकर विकट समस्या उत्पन्न हो गई थी। ऐसे में जनप्रतिनिधियों के पहल पर राशन का वितरण होने से उन्हें बेहद राहत मिली है।

बिजली चोरी के आरोप में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 2.8 लाख रुपए का लगा जुर्माना

हुसैनाबाद। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत पांच लोगों को अवैध रुप में बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया है। इन पर बिजली मीटर लगाने के बाद भी अलग से अवैध उपयोग करने का आरोप लगा है। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने पर इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त पांच लोगों पर 2 लाख आठ हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जिसमें बुधुआ गांव के डबल सिंह पर पचास हजार रुपए, नदिआईन गांव निवासी संजय कुमार मेहता पर एक लाख पांच हजार रुपये, एक्सरे सेंटर दंगवार निवासी प्रदीप कुमार 30 हजार रुपए, बबन पासवान ग्राम शिवा विगहा पर आठ हजार रुपए और दंगवार रोड कामत निवासी चंदन कुमार संजीवनी क्लीनिक पर 15 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। इस अभियान में प्रदीप कुमार के अलावा,सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, उबैद अहमद और बबन कुमार आदि शामिल थे। उन्होंने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाए राशि का भुगतान कर सकते हैं।

पिपरा में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

हरिहरगंज। पिपरा प्रखंड के दमवा मोड स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला पार्षद ददन पासवान, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, मुखिया राजेश राजवंशी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने को प्रोत्साहित करना है। सरकार का यह बेहतर कदम है। स्वास्थ्य मेला में टीकाकरण, कुष्ठ, टीबी, मातृत्व, मलेरिया, फाइलेरिया, अंधापन, नाक, कान, गला, दांत, आयुष, टीकाकरण, दवा वितरण, सभी तरह की जांच समेत सामान्य रोगों के मरीज का इलाज किया गया। इसके अलावा परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड तथा संचालन, स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर डॉ अरविंद कुमार, डॉ मो. साजिद, डॉ. विमलेश सिंह बीपीएम संजय कुमार सिंह, परामर्शी मो. इस्लाम अंसारी, बीटीटी संतन मिश्रा, एनसीपी नेता सुनील सिंह, बबलू सिंह, पिंटू सिंह, विकास सिंह, अकाउंट मैनेजर राजकुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

सिर्फ 13 साल की उम्र में हाफिज ए कुरान बना मोहम्मद मुजम्मिल

सतबरवा। मनिका कुई के निवासी मोहम्मद मुजम्मिल रजा 13 वर्ष ने हाफिजे कुरान की शिक्षा हासिल की है। ऐसा कारनामा बहुत कम लोग ही कर पाते हैं। हाफिज ए कुरान बनने का मतलब पूरी कुरान को कंठस्थ याद कर लेना होता है। इस बच्चे का दाखिला सन 2018 में मदरसा जियाउल इस्लाम सतबरवा में हुआ था। मुजम्मिल का हाफिज ए कुरान बनने के बाद अब वह प्रोफेसर बन कर शिक्षा का दीप जलाना चाहता है। सतबरवा में आयोजित जश्ने मुस्तफा कांफ्रेंस में कमिटी के द्वारा मोहम्मद मुजम्मिल रजा को सम्मानित किया गया। मौलाना तौफिक आलम मिस्बाही ने कहा कि दीनी शिक्षा कभी भी दुनियावी (स्कूली) शिक्षा के आड़े नहीं आती। उन्होंने कहा कि बहुत सारे ऐसे बच्चे हैं जो हाफिज ए कुरान बनने के बाद भी डॉक्टर, इंजीनियर,प्रोफेसर और आईएएस बनकर देश की सेवा कर रहे हैं। इस बच्चे ने कामयाबी के पीछे खुद अपनी मेहनत तथा मदरसे के आलिम मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही, मौलाना सरफराज रहबर तथा मदरसा जियाउल इस्लाम के आलिम ए दीन की टीम को श्रेय दिया है।

हुसैनाबाद सीओ नंद राम को दी गयीं भावभीनी विदाई

बीडीओ ने लिया सीओ का अतिरिक्त प्रभार

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद अंचल पदाधिकरी नंद राम के स्थांनातरण के बाद बुधवार को उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इसको लेकर अंचल कार्यालय में विदाई समारोह का अयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने की। जबकि संचालन सीआई ए खान ने किया। कार्यक्रम में अधिकारियों व अंचल प्रखंड कर्मियों ने निवर्तमान अंचल पदाधिकरी नंद राम को बूके व उपहार भेंट किया तथा उनके सुखद जीवन व कुशल कायार्काल की शुभकामनाए दी। विदाई समारोह के दौरान अंचल पदाधिकरी नंदराम ने कहा कि अंचल व प्रखंड के सभी पदाधिकरी व कर्मियों के सामंजस्य से यहां के सभी कार्यों का निष्पादन होते रहा है। यहां के लोग भी काफी मिलनसार लोग है। बीडीओ रतन कुमार सिंह ने कहा कि सीओ साहब ने पूरे ईमानदारी से अपना दायित्व निभाया है। उन्होंने हमारे साथ रहकर बेहतर काम किया हैं और उनसे हमे काफी सहयोग मिला है। मौके पर मुख्य रूप से राजस्व कर्मचारी सचिन गुप्ता, मो. एहशान, अंचल आमीन विनय कुमार, अंचल क्लर्क सुनील सिंह, सुदाम कुमार, टुनटुन लाल, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, विधायक प्रतिनिधि मंदीप राम, ज़िप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमुना सिंह , मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, विमलेश पासवान, रामलखन यादव, आदेशपाल विक्की राम, संतोष उरांव समेत अंचल व प्रखंड के कई कर्मी मौजूद थे।

विश्रामपुर में पहली बार प्रतिमा स्थापित कर किया गणपति पूजन

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। हिंदू महासभा द्वारा विश्रामपुर में पहली बार गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया। सोरडीह चौक पर बने पूजा पंडाल में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ भी उमड़ पड़ी। बुधवार को परंपरागत तरीके से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस के दौरान आकर्षक झांकी भी निकाली गई। जुलूस में भी काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इससे पहले आयोजन कमेटी द्वारा कई गण्यमान्य लोगों को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। मौके पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष अमित सोनी, उपाध्यक्ष अनुज कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, मुकेश चौधरी, विजय कुमार,गोपाल सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

खाना मिला लेकिन पानी नहीं चार किलोमीटर दौड़ कर डीसी आवास पहुंची कस्तूरबा की छात्राएं

दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। खाना मिला लेकिन पानी नहीं मिला। करीब 12 घंटे तक प्यासे रहने के बाद छात्राओं के सब्र का बांध टूट गया और करीब दो दर्जन छात्राएं दौड़ते हुए डीसी आवास तक पहुंच गईं। इस दौरान छात्राएं करीब चार किलोमीटर तक दौड़ीं और डीसी से मिलने पहुंच गईं। छात्राओं के आवास पर पहुंचने के बाद डीसी तुरंत बाहर निकले और सभी छात्राओं की समस्याओं को सुना। यह मामला जिले के चैनपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का है। दरअसल, चैनपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पिछले एक महीने से जलसंकट है, छात्राओं को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा था। मंगलवार की रात छात्राओं को पीने के लिए पानी नहीं मिल पाया था, सुबह में सभी को नाश्ता मिला, मगर पानी नहीं मिला। गौरतलब हो कि चैनपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में 200 के करीब छात्राएं पढ़ती हैं। चैनपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल कोयल नदी के तट पर मौजूद है। बावजूद इसके पानी का संकट है। दौड़ने के बाद कुछ छात्राएं बीमार हो गई। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। छात्राओं का कहना है कि स्कूल में समय पर खाना पानी नहीं मिल पाता है। वहीं स्कूल के क्लर्क का व्यवहार काफी खराब है। डीसी शशि रंजन ने बताया कि पूरे मामले में डीआरडीए के निदेशक के नेतृत्व में चार सदस्यों की जांच कमेटी का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ज्ञातव्य है कि लगभग 15 दिन पूर्व पलामू प्रमंडल के कमिश्नर ने खुद जाकर विद्यालय का निरीक्षण किया था और सुधार करने का निर्देश दिया था।

लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने जोगा में लगाया स्वास्थ शिविर

विश्रामपुर। बुधवार को उटारी प्रखड़ के जोगा पंचायत मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा लगाया गया। जिसमे जांचोपरांत कुल 109 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। इसके अलावा उन्हें दवा भी दी गयी। रोगियों का इलाज डॉ मनीष मुंडा ने किया। वहीं मौके पर नरसिंह प्रभारी अमर कुमार,किरण कुमारी, खुशबू कुमारी, मानदेव साव,सोनू असलम,कुंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

महिलाओं के सपनो और आकांक्षाओं को मिली ऊंची उड़ान : लवली

पांकी। महिला आरक्षण बिल आने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मीडिया को संबोधित करते हुए लवली गुप्ता ने कहा कि 128 वां संविधान संशोधन बिल यानि नारी शक्ति वंदन विधेयक प्रस्ताव लाने के लिए दिल से मोदी जी को आभार व्यक्त करती हूं। इस विधेयक के मुताबिक लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओ में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू किया जाएगा। लंबे इंतजार के बाद आज महिलाओं की उम्मीद को श्री मोदी ने पंख दिया है। महिलाओं को राजनीति में बहुत मुश्किल से जगह मिल पाती है। कड़े संघर्ष के बाद ही महिलाएं राजनीति में अपनी जगह बना पाती हैं । राजनीति में महिलाओं को बहुत कुछ झेलना भी पड़ता है। महिलाओं को आरक्षण मिलने के बाद महिलाएं विधानसभा व संसद तक महिलाओं की बात को पहुंचा सकेंगे। बाहुबल और धनबल के कारण बहुत सी वैसे महिलाएं जो लंबे अरसे से राजनीति के क्षेत्र में संघर्ष करने के बावजूद भी मुकाम तक नहीं पहुंच पाती, ऐसी महिलाओं को मंजिल तक पहुंचने का रास्ता आसान होगा।

कम राशन दिए जाने से नाराज लाभुकों ने किया हंगामा, मुखिया प्रतिनिधि ने लगाई फटकार

विश्रामपुर। प्रखंड के बघमनवा पंचायत के चोरटिया के डीलर जगनारायण प्रसाद द्वारा प्रति यूनिट चार किलो चावल के बदले महज दो किलो दिए जाने पर गौरा और चोरटिया के 50से अधिक राशन लेने पहुंचे कार्डधारी महिला पुरुष ने बुधवार को घंटो हंगामा किया । इस दरम्यान पीडीएस डीलर जगनारायण प्रसाद (पप्पू) ने अलॉटमेंट में बैक लॉग का राशन काटकर खाद्यान मिलने का दुखड़ा सुनाकर राशन की आधी मात्रा दिए जाने की अपनी सफाई दी। वहीं दो रोज से लगातार बुलाकर राशन वितरण नहीं करने व सिर्फ चावल की आधी मात्रा वितरण से नाराज कार्ड धारियों ने इस मामले को प्रखंड कार्यालय खुलने पर बीडीओ सह सीओ तथा एमओ के समक्ष ले जाने की बात कही है। साथ ही डीलर से सही राशन दिलाने की मांग करने की भी बात कही । वहीं सूचना पाकर स्थानीय निवासी मुखिया मंजू देवी के प्रतिनिधि मनीष कुमार ने डीलर को चावल की आधी मात्रा देने पर फटकार लगाई। साथ ही दूर से आए कार्डधारियों को परेशान नहीं करने की हिदायत दी।मौके पर कई लाभुक मौजूद थे।

जन मुद्दे पर राकांपा करेगी एनडीए से गठबंधन : सूर्या

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। हैदरनगर बड़ा शिवालय प्रांगण में बुधवार की शाम समर्थकों व ग्रामीणों के साथ राकांपा के युवा नेता सूर्या सिंह ने बैठक की। जिसमें हुसैनाबाद की दो मुख्य मुद्दों को लेकर एनडीए गठबंधन के साथ जाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद को जिला बनाने व इस क्षेत्र से बेरोजगारी दूर करना प्रमुख जरुरत है। सारी अहर्ता पूरी करने के बावजूद एक दशक बाद भी हुसैनाबाद को जिला का दर्जा नहीं दिया जा सका। जबकि जिला बनाने की मांग पर ही हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह ने झारखंड सरकार को इस कार्यकाल में समर्थन दिया था। लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार ने उनके साथ वादाखिलाफी की है। इससे क्षुब्ध राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अब यूपीए से मोहभंग करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार 31 अक्टूबर तक जिला का दर्जा नहीं दी तो राकांपा राज्य सरकार से समर्थन भी वापस ले लेगी। इसके बाद हुसैनाबाद के विकास के लिए एनडीए के साथ गठबंधन करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा गठबंधन की सरकार को भी पहले कैबिनेट की बैठक में हुसैनाबाद को जिला बनाना होगा। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि हुसैनाबाद का कोई भी नेता यह बताये कि हुसैनाबाद को जिला बनाने में उन्होंने क्या प्रयास किया है। इस बैठक में बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विमलेश सिंह, संजय सिंह, मुखिया जितेंद्र सिंह, श्याम बिहारी मेहता, वीरेंद्र सिंह, लल्लु सिंह, विकास सिंह, मनोज मालाकार, सज्जू खान, बबन कुमार, शंकर ठाकुर, अजित उपाध्याय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

हाईवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिहरगंज। थाना क्षेत्र के ढाब चौखटवा के समीप एनएच 98 पर बुधवार की सुबह हाईवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी। मृतक की पहचान सीमावर्ती बिहार के ढिबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरना गांव निवासी स्व. गणेश सिंह के 43 वर्षीय पुत्र आशुतोष कुमार सिंह के रूप में हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक आशुतोष कुमार सिंह अपने बाइक से छतरपुर की ओर जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही हाईवा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही हाईवा चालक घटनास्थल से ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार सिंह, एसआई शिवशंकर उरांव, अनूप कुमार व एएसआई संजय कुमार सिंह सदलबल के साथ मौके पर पहुंचकर उसे घायल अवस्था में उसे सीएचसी ले गये।

जिला खनन कार्यालय, लोहरदगा

ज्ञापांक ...../एम0 दिनांक.....

आवश्यक सूचना

निदेशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.09.2023 को दोपहर 12:00 बजे से निर्धारित जिला अन्तर्गत जप्त किए गए बालू की नीलामी प्रक्रिया माननीय मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग –सह– प्रभारी मंत्री, लोहरदगा की अध्यक्षता में दिनांक 18.09.2023 को जिला 20–सुत्री/जिला नियोजन समिति की बैठक आहूत होने के फलस्वरूप स्थगित करते हुए बालू नीलामी प्रक्रिया दिनांक 22.09.2023 को दोपहर 12:00 बजे निर्धारित की गई है।

जिला खनन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 307355 Lohardaga (23-24)_D

कार्यालय नगर परिषद,बिश्रामपुर(पलामू)

Email ID :- nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक सं0:–692/न0प0/ दिनांक:–20/09/2023

आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अधिसूचित Plastic waste management (amendment) Rules 2021के प्रावधान के अंतर्गत नगर परिषद बिश्रामपुर क्षेत्र में 75 microns thickness से कम के प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण एवं डिस्ट्रीब्युसन, बिक्री एवं उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

अतः सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक के स्थान पर जूट, कागज या कपड़े के थैलो को उपयोग करें। थर्माकोल से बने थाली एवं प्लेट में भोजन करने से कैंसर जैसे विविध असाध्य बीमारियो के होने की प्रबल संभावना रहती है, इसलिए इसके स्थान पर साल आदि के पत्तो निर्मित पत्तल का उपयोग किया जाय। किसी भी दुकानदार के पास प्लास्टिक कैरी बैग होतो वे यथाशीघ्र नगर परिषद बिश्रामपुर कार्यालय में आकर उसे जमा कर दें और सरकार की प्लास्टिक मुक्त बिश्रामपुर मुहिम में सहयोग करें। प्लास्टिक कैरी बैग के निर्माण, आयात, स्टाकिंग, डिस्ट्रीब्युसन, बिक्री या उपयोग करते हुए पाये जाने पर उपयोगकर्ता, दुकानदार एवं अन्य व्यापारी वर्ग के विरूद्ध प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम तथा नगरपालिका अधिनियम की सुसंगत धाराओ के तहत आर्थिक दंड के साथ–साथ विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जायेगी ।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 307347 District(23-24).D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा

सूचना

निदेशालय पत्रांक–5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2023–1435 रॉची,दिनांक 14.09.2023के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया चतरा में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर आयोजित की जाने वाली Spot Admission से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना।

Time Schedule For Spot Admission

4.	Spot Round Online Admission	22.09.2023	23.09.2023

दिनांक 22.09.2023 एवं 23.09.2023 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया चतरा में Spot Round Online Admission लिया जायगा। Spot Round Online Counselling के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर first come first Serve basis पर सीट /व्यवसाय का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। Spot Round में Online admission module में निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया में नामांकन लिया जायगा।

NOTE:- नामांकन के समय निम्नलिखित प्रमाण पत्र साथ लाना आवश्यक है:–

1. मैट्रिक का अंक प्रमाण पत्र (मूल)। 2- C.L.C/S.L.C (मूल)।
3. आवासीय/जाति/आधार (फोटो प्रति)। 4- Passpot Size फोटो (चार अदद)।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा

PR 307359 Labour Employment and Traning(23-24)#D

जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।

Email Id:-dddogarhwa@gmail.com mobile No. -9934529928

(पशुपालकों के लिए आम सूचना।)

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/ पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांक:–326, दिनांक:–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदर **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्य क्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।**

इच्छुक पशु पालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन प्त्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान पत्र (आधार कार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। **प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।**

वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्य क्रम निम्नवत है।
प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)

क0	दिनांक	समान्य जाति (OSP)			अनूसूचित जाति (SCSP)			कुल योग
	प्रशिक्षण अवधि	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	
1	26.09.2023 से 02.10. 2023	18	10	28	3	3	6	34
कुलः–		18	10	28	3	3	6	34

पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–

1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आना वर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगाए जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधारकार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अति आवश्यक है।
5. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 307345 (Animal Husbandry) 23-24 (D)

पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या :–578(A)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–20.09.2023

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–मतौली, थाना सं0–73, थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना रंका–रमकण्डा पथ के 09 वें कि0मी0 में पुरेगाड़ा नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण का पहुँच पथ योजना हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मतौली, थाना सं0–73, थाना–चैनपुर, अंचल–चैनपुर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.320 एकड़ यानी 0.1295 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–मतौली, थाना सं0–73, कुल रकबा–0.320 एकड़

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0)			
							उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	02	181	रैयती	टांड़ 3	0.1300	अयोध्या प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, सुनील प्रसाद पिता विश्वनाथ साव	नीज	182	नीज	Road
2	41	197	रैयती	टांड़ 3	0.1900	अयोध्या साव वो महेन्द्र साव वो सतेन्द्र साव वो सुनील साव सभी पिता विश्वनाथ साव	नीज	नीज	नीज	नीज

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और संबंधित राजस्व कर्मचारी अंचल चैनपुर को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 (साठ) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानुनगो
जिला भू–अर्जन, कार्या0, पलामू।
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू।
अपर समाहर्त्ता, पलामू।
उपायुक्त, पलामू।

PR 307331 (Palamu)23-24*D

NEWS इन ब्रीफ

ऑटो व पिकअप की टक्कर में महिला की मौत, अन्य घायल

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना अंतर्गत मंगलवार को ऑटो और पिकअप की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई। जबकि टेंपो पर सवार अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे तक नेशनल हाईवे- 98 को जाम रखा था। यह घटना पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र की है। मृतक महिला की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के मुनकेरी पंचायत के रामसुदवा गांव की रहने वाली गुड़िया देवी के बतौर हुई। वो छतरपुर में खरीदारी करने के बाद ऑटो से अपने घर जा रही थी इसी क्रम में रामगढ़ मोड़ के पास एक पिकअप वैन से ऑटो की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में गुड़िया देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य लोगों को मामूली रूप से चोट लगी थी। दुर्घटना में जख्मी लोग स्थानीय स्तर पर इलाज करवा कर घर चले गए। गुड़िया देवी की मौत के बाद नाराज परिजन और ग्रामीण नेशनल हाईवे- 98 को जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक के परिजनों को नौकरी और मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया।

भाजपा के अमृत महोत्सव काल में भी पीने को पानी नहीं : रूचिर

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने ग्राम पंचायत चियांकी के पहाड़ टोला का दौरा किया और लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुए। जहां पर यह पाया कि पहाड़ टोला के पास अप्रैल माह से ही चापाकल खराब है और उक्त चापाकल से दर्जनों घर के लोग पानी पीते हैं । वहीं पहाड़ टोला के पास ही सैकड़ो मुसहर परिवार रहते हैं और उनके भी पीने का पानी का स्त्रोत जल मिनार आज 8 महीना से खराब पड़ा है। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि चाहे क्षेत्र के जिला परिषद भाजपा के विधायक या सांसद उनको इस और कोई ध्यान नहीं है। भाजपा के प्रधानमंत्री के द्वारा मनाया जा रहा इस अमृत महोत्सव में भी आम लोगों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। वही चापाकल के पास पानी का भी जमाव बराबर रहता है पानी निकालने का कोई स्त्रोत नहीं है। भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने बस्ती में रहने वाले सभी लोगों से मुलाकात किया और उसके बाद कार्यपालक अभियंता (पीएचडी विभाग) को पत्र लिखकर अभिलंब इन गरीबों के बस्ती का एकमात्र पानी पीने का साधन चापाकल और जलमिनार बनवाने की मांग की है।

तालाब में नहाने गयी 11 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू छोटी बहन के साथ तालाब में नहाने गयी 11 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गयी। मामला पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के चेगौना गांव का है। यहीं के निवासी मो. जफर की 11 वर्षीय पुत्री साबिया खातून की मंगलवार को तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हो गयी। सूचना मिलने के बाद ग्रामीण और छतरपुर थाना पुलिस ने तालाब की जांच की और बच्ची का शव बरामद किया। साथ ही पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया।जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह साबिया अपनी छोटी बहन के साथ घर से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित तालाब में नहाने गयी थी। नहाते समय साबिया तालाब की गहरायी की ओर चली गयी और गहरे पानी में चले जाने से डूबने से उसकी मौत हो गयी। तालाब में उसके साथ नहा रही साबिया की छोटी बहन रोते हुए घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजनों के साथ आसपास के लोग जुट गये और तालाब के पास पहुंच कर शव की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर तलाश करने के बाद साबिया का शव मिला। उसे बाहर निकाला गया और घर ले जाया गया। इसकी सूचना छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार को दी गयी। पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच भेज दिया।

मुख्यमंत्री पशु धन विकास योजना के तहत लभुकों को मिली गाय

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला पशुपालन कार्यालय पलामू के परिसर में मुख्यमंत्री पशु धन विकास योजना के तहत आज दो लभुकों क्रमशः नवाबजार प्रखंड की लाभुक प्रमिला देवी और पाँकी प्रखंड की लाभुक सुशीला देवी को 75% अनुदान पर दो दुधारू गाय की योजना का लाभ के तहत प्रथम चरण में पहली गाय दिया गया इस कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी ड़ा प्रभाकर सिन्हा,पशु शल्यचिकित्सक पलामू सह प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी नवाबजार ड़ा दीनबन्धु गुप्ता, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी पाँकी ड़ा सन्तोष रवानी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर ड़ा अनुप विलियम लकड़ा, पशुधन सप्लायर अजित कुमार उपस्थित थे । जिला पशुपालन पदाधिकारी ने लाभुकों को पशु के रखरखाव की जानकारी दी। ड़ा अनुप विलियम लकड़ा ने पशुपालकों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर अपने प्रखंड के पशु चिकित्सक से सम्पर्क करने का सलाह दिया। संबंधित पशु का तीन साल का बीमा होता है, किसी भी तरह को अनहोनी होने पर बीमा का लाभ लिया जा सकता है। इसकी सारी प्रक्रिया पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने पशुपालकों को विस्तृत रूप से बतलाया।

आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक

आयुष्मान कार्ड के लिए पीडीएस डीलर से संपर्क करें : नोडल पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितम्बर से शुरू है। यह 2 अक्टूबर तक चलेगा। यह कार्यक्रम हर गांव हर वार्ड में चलाया जा रहा है। इसके तहत आयुष्मान आपके द्वार,आयुष्मान मेला और आयुष्मान सभा के रूप में तीन तरह के प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार में फ्रंटलाइन वर्कर सहिया, आंगनबाड़ी सेविका और आयुष्मान मित्रों द्वारा विभिन्न चरणों में कई स्तरों पर कार्य किये जा रहे हैं। इन सभी का एक मात्र उद्देश्य योग्य लाभुकों का आयुषमान कार्ड बनाना है। आयुषमान भवःपखवाड़ा अंतर्गत जिले में मिशन मोड में योग्य लाभुकों का कार्ड बनाया जा रहा है। अगर किसी व्यक्ति के पास राशन कार्ड व आधार कार्ड है एवं आधार के साथ मोबाइल नंबर लिंक है तो संबंधित व्यक्ति का आसानी से कार्ड बन जायेगा। उस व्यक्ति को अपने पीडीएस डीलर या सहिया या सीएससी के साथ संपर्क करना है। उन्होंने बताया कि यह कार्ड निःशुल्क बनाया जा रहा है।

सभी राशन कार्डधारी बनवा लें अपना आयुष्मान कार्ड : उपायुक्त

मेदिनीनगर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिले के सभी राशन कार्डधारियों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि पूरे जिले में युद्ध स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिले के सभी राशन कार्डधारी अपना-अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। उन्होंने कहा है कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्डधारी अपने-अपने क्षेत्र के मुखिया, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार, सहिया (स्वास्थ्य) एवं प्रज्ञा केंद्र संचालक से संपर्क करें। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए उपरोक्त सभी व्यक्तियों को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया है। उपायुक्त ने जिले के सामाजिक संगठनों से जुड़े व्यक्तियों, बुद्धिजीवियों, राजीनीतिक दल के नेताओं और युवाओं से भी सभी राशन कार्डधारियों का राशन कार्ड बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

माइंस प्रबंधन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू- हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा माइंस परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन सिविल सर्जन डॉ अनील सिंह ने किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनील सिंह ने कहा कि अपने आप को स्वस्थ रखने के साथ साथ दूसरे को नयी जिंदगी देने के लिए रक्तदान जरूरी है। रक्तदान के प्रति सभी लोगों को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि भारतीय संस्कृति में रक्तदान और अंग दान का बहुत बड़ा महत्व होता है। यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी ने कहा कि कंपनी केवल व्यवसाय नहीं करतीं हैं बल्कि जिस क्षेत्र में काम करतीं उस इलाके के लोगों के बेहतरी के साथ साथ समाज के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति सक्रियता के साथ काम करती हैं। शिविर में 26 पदाधिकारियों व कर्मियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर डीपीएम दीपक कुमार, माइंस मैनेजर राजु सिंह, अश्विनी कुमार, चेतलाल विश्वकर्मा, राहुल जा, एपी सिंह, जयंत शुक्ला, डाक्टर टी गफ्फार, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, गौतम सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह, प्रवीण सिंह, केसी मोदक, राकेश सिंह, संजय कुमार साहू, योगेश द्विवेदी, सुनील सिन्हा, अमरेन्द्र सिंह, आशीष वर्णवाल, चिरादीप मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

जनता शिवरात्रि कॉलेज में फुटबॉल मैच का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आज जनता शिवरात्रि कॉलेज में इंटरमीडिएट और डिग्री क्लास के देखने वाले स्टाफ और विद्यार्थियों के बीच अलग-अलग फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।यह आयोजन जनता शिवरात्रि कॉलेज के 55 साल के इतिहास में पहला था। इसका श्रेय जनता शिवरात्रि के प्रिंसिपल डाक्टर राणा प्रताप सिंह को जाता है। इस फुटबॉल मैच के आयोजन के मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य थे। प्रिंसिपल डाक्टर राणा प्रताप सिंह ने प्रेस को जानकारी दी कि इस फुटबॉल मैच का आयोजन 55 साल में पहली बार हो रहा है। यह अपने आप में एक अति महत्वपूर्ण आयोजन है। लेकिन उसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि यह फुटबॉल मैच का आयोजन उसी जमीन और उसी खेल मैदान पर हो रहा है। जिसे कुछ भूमि माफियाओं ने अतिक्रमण कर लिया था। उन्होंने बताया कि कॉलेज की एक एकड़ 20 डिसमिल जमीन भू माफियाओं ने बल और गलत तरीके से अतिक्रमण कर लिया था। कॉलेज प्रशासन ने बहुत मेहनत के बाद इस अतिक्रमण को मुक्त कराया था। आज इस भूमि ,के जो मुक्त हो चुकी है, मैदान पर मैच कराया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर शांडिल्य ने अपने संबोधन में इस बात को दोहराया कि कॉलेज प्रशासन में एक बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। कि उसने अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया ।यह एक अत्यंत सहारणीय और हिम्मत भरा काम है।इसके लिए कार्यवाहक वाइस चांसलर डॉक्टर शांडिल्य , प्रिंसिपल डाक्टर राणा प्रताप सिंह और उनकी टीम को बहादुर की तारीफ की।

सूचना अधिकार अधिनियम के प्रति अधिकारी गंभीर नहीं

एसडीएम का आदेश सीओ के ठेंगा पर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में सूचना अधिकार अधिनियम के प्रति अधिकारी गंभीर नहीं हैं।अधिनियम के तहत मांगी गई सूचनाएं विभागीय प्रमुख द्वारा निर्धारित अवधि में उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इतना ही नहीं प्रथम अपीलिय पदाधिकारी के आदेश का भी अनुपालन सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहा है। वैसे तो इसकी कई शिकायतें सामने आई हैं, लेकिन ताजा मामला चैनपुर अंचल से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि स्थानीय एक आवेदक संजय कुमार द्वारा चैनपुर के जन सूचना पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी से अंचल के हल्का तीन की जमीन से जुड़ी जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई थी। इसमें हल्का तीन में गैरमजरुआ जमीन के अलावे आहर, तालाब, नहर व नदी की जमीन व बंदोबस्ती से जुड़ी सूचना शामिल है। बताया जाता है कि आवेदक ने 5 जुलाई 2023को अधिनियम के तहत सूचना के लिए आवेदन अंचल कार्यालय को दिया था। जिसमें पोस्टल ऑडर (न.95जी 905488) भी लगा हुआ है। इसकी रिसिविंग भी आवेदक के पास उपलब्ध है।आवेदक के अनुसार आवेदन देने के एक माह से अधिक का समय गुजरने के बाद भी अंचल कार्यालय द्वारा उन्हें सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है । जिसके बाद उन्होंने प्रथम अपिलीय पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर के न्यायालय की शरण लिया और आवेदन देकर अंचल कार्यालय द्वारा मांगी गई सूचना नहीं देने की शिकायत की। आवेदक के अनुसार उनके आवेदन के आधार पर प्रथम अपिलीय जन सूचना पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर के न्यायालय में वाद दर्ज करते हुए चैनपुर सीओ सह जन सूचना पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर मांगी गई सूचना उपलब्ध कराते हुए सत्यापित प्रति के साथ न्यायालय में पक्ष रखने का आदेश दिया गया है। आवेदक के अनुसार एसडीएम के आदेश के बाद भी आज तक अंचल से उन्हें कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। आवेदक के अनुसार सीओ के लिए एसडीएम के आदेश के भी कोई मायने नहीं हैं। एसडीएम का आदेश भी उनके ठेंगे पर होने जैसा है। इस बाबत चैनपुर सीओ का पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव ही नहीं किया। इधर जानकारों की माने तो चैनपुर अंचल के हल्का तीन में गैरमजरुआ जमीन ही नहीं आहर, तालाब, नहर व नदी के साथ अस्पताल एवं स्कूल की जमीन की जमकर फर्जी बंदोबस्ती अंचल उपनिरीक्षक द्वारा भू -माफियाओ के साथ मिलकर मोटी रकम लेकर किया गया है। यही कारण है कि जमीन से जुड़ी जानकारी देने में अंचल कार्यालय का पसीना छूट रहा है। बताते चलें कि मुख्य सूचना आयुक्त झारखण्ड रांची के ज्ञापंक 12057 दिनांक 31-5-2016 के निदेश के आलोक में अपीलकर्ता को 30दिनों के अंदर सूचना उपलब्ध कराना है है, लेकिन जिले के अधिकारी इसके प्रति गंभीर नहीं हैं।

वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक को ज्ञापन सौंप कर सत्र 2019-22 और 2018- 21 के विद्यार्थियों की जेनेरिक पेपर की परीक्षा के संबंध में जिसकी सूचना 4 माह पहले जारी की गई थी, लेकिन अभी तक उसके संदर्भ में कोई सूचना अभी तक नहीं जारी की गई है, उसपर ध्यान आकृष्ट कराया। जिससे हजारों के तादाद में विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। विपिन यादव ने कहा कि करीब 4 माह पहले नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना जारी की गई थी कि सत्र 19- 22 और 18-21 के विद्यार्थियों की जेनेरिक पेपर की परीक्षा छूट गई थी जिसकी वजह से उनकी डिग्री को मान्यता नहीं मिल सकती , वह परीक्षा जल्द ही विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा आयोजित की जाएगी। लेकिन अभी तक उसे पर आगे की कोई कार्रवाई नहीं की गई है कई छात्र-छात्राएं इस वजह से परेशानी झेल रहे हैं जो की सही नहीं है। इन सब में उन विद्यार्थियों की कोई गलती नहीं थी। इसलिए हम मांग करते हैं कि उक्त परीक्षा जल्द से जल्द आयोजित की जाए ताकि विद्यार्थियों की डिग्री को मान्यता मिल सके। जिस पर परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि वह इस पर जल्दी विचार करेंगे और कोशिश करेंगे की इस पर कोई सकारात्मक परिणाम निकल सके। इस मौके पर रवि, रंजन अभिषेक आदि मौजूद थे।

महिला आरक्षण बिल लाने के लिए पीएम को दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने कल गणेश चतुर्थी के दिन महिला आरक्षण बिल लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई और नमन करते हुए चैनपुर में हिंदू एकता दल द्वारा स्थापित गणेश जी की आरती में सम्मिलित होकर महिलाओं के हित में इस ऐतिहासिक फैसले के लिए सबों को बधाई दी। श्रीमती शंकर ने कहा इस बिल का चर्चा तो हमेशा होता रहा, लेकिन हिम्मत हमारे प्रधानमंत्री ने दिखाई और एक ऐतिहासिक फैसला कर डाला। इस बिल के आने से महिलाओं को जहां समाज में सम्मान एवं भागीदारी सुनिश्चित होगी वहीं संसद एवं विधानसभा में महिला हित एवं सुरक्षा की बात बुलंद होगी। संध्या आरती के इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चंदू गुप्ता, विजय प्रमुख, आकाश, विकास, सागर, विवेक ,रितेश फंटूश एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सिविल कोर्ट में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मची अफरा-तफरी

मेदिनीनगर। सिविल कोर्ट में मंगलवार को इलेक्ट्रिक बोर्ड में शार्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण आधे घंटे तक अफरा-तफरी मच गयी। हालांकि, आग पर पुलिस के मौजूद होने से जल्द ही काबू पा लिया। मौके पर एक दमकल गाड़ी भी सूचना पर आ पहुंची। इससे पहले ही आग पर नियंत्रण पा लिया गया था। यह आग न्यायालय के निचले तले के मुख्य बरामदे में इलेक्ट्रिक बोर्ड में लगी थी, जिससे अधिवक्ताओं के न्यायिक अदालत में आने-जाने वालों को करीब एक घंटे तक दिक्कत हुई।

आस्था पर्वधिराज पर्युषन पर्व के दूसरे दिन विविध आयोजन

अहंकार का विसर्जन, विनम्रता को आत्मसात करना ही सच्चा धर्म है : उमेश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पर्वधिराज पर्युषन पर्व के दूसरे दिन आज प्रातः प्रथम अभिषेक ज्ञानचंद श्रेयांश काला ने किया। शांति धारा सुभाष सुनील राजीव संजय उज्वल अंकुर भव्य रारा के द्वारा सम्पन्न हुई। सामूहिक पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने भाग लिया। आज उत्तम मार्दव धर्म पर प्रकाश डालते हुए सांगानेर जयपुर से। आये विद्वान उमेश जैन ने बताया कि 'मै' अर्थात अहंकार का विसर्जन, विनम्रता को आत्मसात करना ही सच्चे अर्थों में मार्दव धर्म है। उन्होंने बताया की प्रत्येक दिन आने वाले धर्मो को क्रमशः अपने जीवन में अपनाकर कर मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं। रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा एम पी सिंह ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने हरी वरी और करी को जीवन खुशहाल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। मंगलाचरण नृत्य अदिति रारा द्वारा किया गया। जिनेन्द्र भक्त मंडल के कमल गुंजन, विशाल मयूर, सुमित निशांत, महिला मंडल की ओर से सोनिया, प्रिया, श्वेता, स्वाति, निकिता, बरखा, एवम अदिति की और से मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। रचना, गुंजन, काजल, महिमा और प्रिंसी ने नाटक की प्रस्तुति दी।

कोर कमिटी पदाधिकारियों की मौजूदगी में बसपा की बैठक

विश्रामपुर। पांडु मुख्य बाजार के समीप स्थित एक मकान में बुधवार को बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी राजन मेहता के नेतृत्व में पांडु के सेक्टर कोर कमिटी पदाधिकारियों की मौजूदगी में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें पार्टी विस्तार पर चर्चा की गई। श्री मेहता ने कहा कि बहन मायावती के निर्देश पर बसपा के सभी सिपाही पूरी निष्ठा के साथ घर घर जाकर पार्टी की नीति व सिद्धांत से उन्हे रूबरू कराएंगे। बैठक में पांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला, सोनू रवि,अजय राम, शमीम अंसारी, अजय ठाकुर, प्रदीप ठाकुर,मनोज मेहता, ललन पासवान, सुमंत यादव, मुस्लिम अंसारी, संतोष मेहता, श्यामलाल ठाकुर, राष्ट्रीय नाई महासभा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

महाधिवेशन को लेकर आजसू की विस्तारित बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। परिषदन भवन में मंगलवार को आजसू पार्टी की बैठक देर शाम तक चली। बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला ने किया। बैठक का विषय प्रवेश कराते हुए पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि पार्टी का महाधिवेशन पुरे झारखण्ड के 32 हजार गांव के जनता का प्रतिनिधित्व करेगा। 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय महाधिवेशन रांची के मोरहाबादी मैदान मे 1 लाख पदेन सदस्य शामिल होंगे। पुर्व बिधायक व पलामू जिला प्रभारी शिव पुजन मेहता ने कहा कि झारखण्ड के नवनिर्माण का संघर्ष अभी बाकी है। महाधिवेशन में पार्टी के अलावा राष्ट्रीय स्तर के समाजिक राजनीतिक व आर्थिक जानकार के अलावे अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सांस्कृतिक आयोजन भी होगा। सभी डेलिगेशन को आनलाइन व आफलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। जिला कमिटी की समिक्षा किया गया। जिला के प्रधान महासचिव एन के तिवारी को पद से मुक्त करने की अनुशंसा केन्द्रीय अध्यक्ष को भेजा गया। व प्रखंड प्रभारी की फेरबदल की गई। साथ ही पार्टी के सभी अनुसांगीक ईकाइ के पदाधिकारी को महाधिवेशन मे सभी पदाधिकारियों को शामिल कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारीयो के अलावा बुद्धिजीवी मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, जफर हुसैन कुमारी सुनिता कौशल्या देवी अनुभव देवी छात्र संघ के अभिशेख राज जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी राम जी पासवान रोहीत पाल समेत सैकड़ों प्रखंड व अनुसांगीक इकाई के कार्यकर्ता शामिल थे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत 1-19 वर्ष आयुवर्ग के बालक व किशोरों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहेंगे तो दवा की नहीं पड़ेगी जरुरत : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत जिले में 1-19 वर्ष आयु के 739545 बच्चों एवं किशोरों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य है। इसे लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित शांति निवास विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन कर इसकी औपचारिक शुरूआत की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपायुक्त शेखर जमुआर के अलावा आइएमए गढ़वा के संरक्षक डा.एम यासिन अंसारी, डीआरसीएचओ डा.संध्या टोपनो, सीएचसी गढ़वा के एमओआईसी डा.संजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की

शुरुआत की। छात्र-छात्राओं को कृमिनाशक गोली खिलाई गई।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहकर दिनचर्या का समुचित अनुपालन करें तो दवा की जरुरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संगठनें काम कर रही हैं। लोग स्वस्थ रहें, इसके लिए विशेष दिवस मनाकर संबंधित बीमारी के लिए एहतियातन दवा खिलाई जा रही है। लोगों को स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों को जानें, समझें एवं उसका अनुपालन करें। जिले की अन्य समस्याओं की चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यहां पानी को लेकर सबसे बड़ी समस्या है। जिले में दिनानुदिन भूगर्भ जलस्तर नीचे जा रहा है। ऐसे में हमें ऐसे फसलों की खेती करना चाहिए, जो कम पानी में उपज सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि माता-पिता एवं शिक्षकों के अनुशासन में रहते हुए ऐसी दिनचर्या का पालन करें कि बाद में आपको अपने आप पर गर्व हो सके। उन्होंने कहा कि जीवन में पहले 25 वर्षों तक किया गया मेहनत कर पढेंगे तो बाकी जीवन भी बहुत बढ़िया रहेगा। इससे पूर्व शांति नवास विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर रौशना उपायुक्त एवं अन्य सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने विद्यालय के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से पढ़े विद्यार्थी डाक्टर,इंजीनियर के साथ ही कई बड़े पदों पर गए हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहिया कार्यक्रम के डीपीसी जेवियर एक्का ने कहा कि कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली पूरी तरह सुरक्षित है। आज जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाई जा रही है। जो बालक बालिकाएं दवा खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 29 सितंबर को माप अप राउंड के तहत दवा खिलाई जाएगी। मौके पर एकजुट के अजीत कुमार सिंह, बीएएम प्रेममणि सुधांशु, डीपीसी कुमार शुभम आदि उपस्थित थे।

मजदूरी करने गए युवक की सांप के काटने से मौत

नवीन मेल संवाददाता। डंडाई
बाहर मजदूरी करने गये एक मजदूर की सांप के काटने से सोमवार की रात्रि मौत हो गई। बुधवार को मृतक का शव घर पर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बेरिया दामर गांव निवासी अख्तर अंसारी (35) बीते दो माह पूर्व मजदूरी करने ओडिशा के जगदलपुर गांव गया था। वहीं प्रत्येक दिन की तरह सोमवार को काम करने के बाद जब वह शाम को अपने डेरा लौटा तो रात्रि का भोजन करने के बाद अपने कमरे में सो गया। इसी बीच मृतक को करैत सांप ने पैर में काट लिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। कंपनी के वाहन खर्च पर बुधवार को मृतक

मृतक का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया

का शव गांव लाया गया। उसके बाद गांव के ग्रामीणों के बीच मृत शव को मिट्टी देने का काम किया गया। बताते चलें कि मजदूरों के लिए महत्वाकांक्षी योजना बना मनरेगा से इन दिनों मजदूरों का मोह भंग हो गया है। मजदूरी करने के बाद भी उन्हें मजदूरी नहीं मिल पाता है। ऐसे में मजदूरी के लिए बाहर पलायन करना उनकी मजबूरी हो जाता है। प्रखंड क्षेत्र के हजारों से भी अधिक ऐसे मजदूर हैं जिन्हें अभी तक मनरेगा योजना में काम करने के बाद मजदूरी नहीं मिल पाई है। आज भी उन मजदूरों में कुछ अपने-अपने घर पर बैठकर अपने पैसे का इंतजार कर रहे हैं।

संक्षिप्त

हासनदाग में दुर्गा पूजा कमेटी की गई गठित

मेराल। थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव स्थित देवी मंडप प्रांगण में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। साथ ही पुरानी दुर्गा पूजा कमेटी को भंग कर नई दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। गठित नई कमेटी का अध्यक्ष अविनाश चौबे, उपाध्यक्ष मानदेव बैठा, सचिव राजेंद्र चौधरी, उप सचिव संतोष चौधरी, कोषाध्यक्ष मानिकचंद चौधरी, उपकोषाध्यक्ष आरकेस चंद्रवंशी को बनाया गया। इसके कमल किशोर चौबे, बिगन राम, अंतू चौधरी, इलायची राम, रामनाथ चौधरी, राजबली चौधरी, द्वारिका चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, देवदत्त चौधरी, राजेंद्र चौधरी, को सदस्य बनाया गया। मौके पर बुद्धदेव चौधरी, मानदेव चौधरी, मालू चौधरी, बदन चौधरी, काशीनाथ चौधरी, बिट्टू चौबे, सुदर्शन विश्वकर्मा, हीरामन चौधरी मौजूद थे।

दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक आयोजित

भवनाथपुर। प्रखंड कार्यालय स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार की शाम दुर्गा पूजा मनाने को लेकर जय मां भवानी क्लब की बैठक की गई। बैठक सुरेश रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष गुड्डू यादव, उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, सचिव सोनू सिंह, कोषाध्यक्षअनिल रावत, संरक्षक कंचन राउत, संचालन पुटुन राउत, सदस्य सुरेश रावत, सोनू रावत, सोना बच्चा, लल्लू राउत, उदित पासवान, सोनू राउत विवेक कुमार, अखिलेश, रावत अनिल रावत, अंकित रावत, अजीत कुमार, किशन गुप्ता, रवि यादव बनाया गया।

पत्नी से विवाद पर युवक ने की आत्महत्या

केतार। थाना क्षेत्र के बलिगढ़ गांव निवासी नंदू चेरो (35 वर्ष) ने मंगलवार की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि पति- पत्नी के बीच आपस में विवाद हुआ था, जिसके बाद रात्रि में नंदू चेरो ने दूसरे रूम में जाकर फांसी लगा ली। जानकारी के बाद परिजनों ने बुधवार की सुबह फांसी के फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

श्री बंशीधर नगर। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर नगर द्वारा संचालित जायन्ट्स सेवा सप्ताह के चौथे दिन बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग 6 से वर्ग 8 की 21 छात्राएं शामिल हुई। मेहंदी प्रतियोगिता में पंखुड़ी कुमारी ने प्रथम, शीतल कुमारी ने द्वितीय तथा वैष्णवी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया मेहंदी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को जायन्ट्स ग्रुप द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, विनोद कुमार,राहुल कुमार जायसवाल, अश्विनी कुमार, बिरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, हीरालाल, विद्यालय के शिक्षक खुशदिल सिंह, आफताब आलम, अनूप कुमार ठाकुर, अनिता कुमारी, सुधा कुमारी सहित सभी प्रतिभागी छात्राएं उपस्थित थे।

इंपिरियल स्पाइसेस रेस्टोरेंट का उद्घाटन

गढ़वा। चिनिया रोड में थे इंपिरियल स्पाइसेस रेस्टोरेंट का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। मौके पर रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर सत्य हसन, पूर्व सांसद घूरन राम, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिंहा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, पूरन तिवारी, डॉ संतोष मिश्रा, आनंद सिंह आदि मौजूद थे।

नगर में धूमधाम से मनाई जा रही गणेश चतुर्थी

श्री बंशीधर नगर। शहर में सिद्धि विनायक भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। चेचरिया में दो स्थानों पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। चेचरिया स्थित सीसीएल कंप्यूटर सेंटर के समीप गली में और प्रतिष्ठित व्यवसाई वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी के घर के समीप गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की किया गया। गणेश महोत्सव को लेकर लोगों के बीच विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मौके पर खुशी कुमारी, निशा कुमारी, नंदनी कुमारी, परी कुमारी, सलोनी कुमारी, किट्टू कुमारी, आदित्य राज, अदिति कुमारी, विवेक कुमार, जिया कुमारी, जागृति कुमारी, नैना कुमारी आदि मौजूद रहे।

दो गुटों में बंट कर फसलों को किया सफाचट, छलका किसानों का दर्द

बिलैती खैर में हाथियों ने मचाया उत्पात

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
थाना क्षेत्र के बिलैती खैर गांव में बीती रात हाथियों ने जमकर तांडव मचाया है। ग्रामीणों के अनुसार 20 से 22 की संख्या में हाथियों ने शाम 7:00 बजे ही गांव में दस्तक दे दी थी और पूरी रात हाथी दो गुटों में बंटकर तिल, मक्का व धान की फसलों को बर्बाद करते रहे। ग्रामीण डर के मारे रात भर रत जगा कर इधर-उधर दौड़कर जान बचाते रहे। सभी हाथी सुबह के 4:00 बजे जंगलों की तरफ रुख कर गए। वहीं फसलों को हुए भारी नुकसान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

जिन किसानों की फसलों को हाथियों के द्वारा नुकसान किया गया है, उनमें उदय शाह के चार एकड़ खेत में लगी मक्के व धान की फसल, संतोष शाह की 3 एकड़ में धान, संजय शाह के 3 एकड़ में धान, यमुना शाह के 2 एकड़ में मकई, शिव साह के दो एकड़ में मकई, जितेंद्र भूइहर के दो एकड़ में मकई, परीखा भुइया की एक एकड़ में मकई, राजेश यादव के 2 एकड़ में धान, तिल, कामेश्वर यादव के दो एकड़ में धान-तिल, निर्मला देवी के खेत में 2 एकड़ में लगी धान व तील, भोला यादव के दो एकड़ में धान, प्रेम शाह के दो एकड़ में धान, अभिषेक यादव के दो एकड़ में मकई, रमेश यादव के दो एकड़ में मकई, विनय शाह का एक एकड़ में धान व तिल, पदार्थ यादव के एक एकड़ में मकई व धान, शिवधर यादव के 1 एकड़ में मकई, संतोष शाह के 3 एकड़ में मकई, विजय यादव के ढाई एकड़ में मकई, इंदल यादव के दो एकड़ में मकई, राजेश यादव के दो एकड़ में मकई, शिवनारायण यादव के दो एकड़ में तिल व मकई, सत्यनारायण यादव के दो एकड़ में मक, पचू यादव के दो एकड़ में मकइ, सूर्य नारायण यादव के दो एकड़ में मकई, राजन चौधरी की एक एकड़ में लगी मकई की फसल व मकान में लगे मलाई शामिल हैं। वहीं किसानों ने अपने दर्द को बयां करते हुए बताया कि हम लोगों के साथ प्रकृति ने दोहरी चाल चली। एक तो समय से बारिश नहीं हुई ऊपर से हम लोग किसी भी तरीके से कर्ज वगैरह लेकर डीजल पंप के सहारे थोड़ी बहुत खेती किए थे, जिसे भी जंगली हाथियों के द्वारा पूरी तरीके से सफाचट कर दिया गया है। अब हम लोगों के सामने एक बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। अब हम लोग ऐसे में करें तो क्या करें। हम सभी पीड़ित किसान वन विभाग से यह मांग करते हैं कि हम लोग अपनी रायटी भूमि व गैर मजरूआ भूमि पर भी फसल की पैदावार किए थे जिसे हाथियों के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। विभाग आकलन कर हम लोगों को उचित मुआवजा दे।

पूछे जाने पर चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथियों के द्वारा फसलों को बर्बाद करने की जानकारी मिली है। वन विभाग की टीम के द्वारा इसका आकलन किया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के हिसाब से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा जरूर मिलेगा। फिलहाल जब तक हाथी क्षेत्र से भाग नहीं जाते हैं लोग पूरी तरीके से सतर्क रहें।

स्वास्थ्य सहिया चयन में गड़बड़ी का लगाया आरोप

केतार। पाचाडुमर पंचायत के सोनवर्षा गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास को लिखित आवेदन देकर गत 19 सितम्बर को सोनवर्षा गांव में स्वास्थ्य सहिया का हुआ चुनाव को रद्द कराते हुए नये सिरे से चुनाव कराने की मांग किया है।

आवेदन में उल्लेख किया है की 19 सितम्बर को सोनवर्षा गांव में स्वास्थ्य सहिया का चुनाव को लेकर आमसभा हुई थी इसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में बीटीटी अनुज कुमार उपस्थित थे। लेकिन उक्त चुनाव से पुर्व गांव में प्रचार प्रसार नहीं किया गया और ग्रामीणों को अनदेखी करते हुए नियमावली के विरुद्ध मुखिया के निजी सम्बंधी को स्वास्थ्य सहिया के लिए चयन कर दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांचोपरांत चुनाव रद्द कर फिर से चुनाव की तिथि निर्धारित की जायेगी। आवेदन देने वालों में शोभा देवी, बेबी देवी, सोनी देवी, सोनी देवी दीपक रजक मिठु बैठा, मुखराम बैठा, गीता देवी आदि शामिल हैं।

फाइनेंस कंपनी के कर्मियों पर चाकू से जानलेवा हमला

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
थाना क्षेत्र के बुका तितही टोला में मंगलवार की देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति ने समस्ता माइक्रो फाइनेंस कंपनी के दो कर्मियों पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उक्त दोनों कर्मी समस्ता कम्पनी के ब्रांच मैनेजर है, जिसमें पलामू जिला के हैदरनगर निवासी अक्षय कुमार तथा गिरिडीह निवासी सदाम हुसैन का नाम शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, एसआई सहदेव साह, कुंदन यादव, सअनि मुनेश्वर राम विरोधी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचकर ईलाजरत कर्मी से चाकूबाजी की घटना की जानकारी ली। उसके निशानदेही पर पुलिस ने इस घटना में घायल होने से डरकर तितही टोला के एक घर में छुपे समस्ता फाइनेंस कम्पनी के एक अन्य कर्मी सदाम हुसैन को सकुशल बरामद कर उसे ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार समस्ता फाइनेंस कम्पनी के उक्त दोनों ब्रांच मैनेजर मंगलवार की शाम करीब 7 बजे पड़वा चट्टान स्थित तितही

टोला में पैसा कलेक्शन हेतु गए हुए थे। इसी बीच हाथ में चाकू लिए एक अज्ञात हमलावर आ धमका तथा उक्त कर्मियों के पीठ, हाथ, पैर में ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक हुई घटना से वहां अफरा तफरी मच गई। कर्मी अक्षय कुमार घायलावस्था में ही किसी तरह वहाँ से पैदल भागते हुए अस्पताल पहुंचा। वहीं इस घटना में एक अन्य कर्मी सदाम हुसैन हाथ में चाकू लगने से घायल हो गया। वह भागते हुए तितही टोला के एक घर में छुप कर अपनी जान बचाई। बाद में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उसे बरामद कर ईलाज के अस्पताल लाया। उधर स्थानीय पुलिस चाकूबाजी की घटना में शामिल अज्ञात व्यक्ति की गिरफ्तारी हेतु जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मानस मंडली ने किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ

मेराल। प्रसिद्ध व्यवसाई वीरेंद्र प्रसाद के आवास पर सुंदरकांड मानस मंडली द्वारा मंगलवार की रात्रि संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसमें गढ़वा के अलावे मेराल लगमा खजूरी अकलवानी बाना, गोंदा, लातदाग सहित कई गांवों से बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इसमें मुख्य गायक अरुण दुबे, बृजेश पांडे, अमरेंद्र मिश्र, अशोक पटवा, आत्मा पांडे, द्वारिका नाथ पांडे, सतीश दुबे, राजनाथ दुबे, दिवाकांत पाठक, त्रिपुरारी पांडे, मृत्युंजय पांडे, रघुपत सिंह, अरविंद तिवारी, शेखर सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, मार्कंडेय तिवारी, चंद्रशेखर दुबे, सुबोध सोनी, बृजमोहन प्रसाद, राकेश रंजन चौबे, संजय भगत, डॉक्टर अनिल शाह, आनंद जायसवाल, प्रभु केसरी, अजय सिंह, देवेंद्र शर्मा, धनवंत प्रसाद, जय राम तिवारी, विनोद कुशवाहा, संजय सोनी, यशवंत पांडे, राजू विश्वकर्मा, एसके पांडे, मिथिलेश प्रसाद, डाक्टर लालमोहन, महेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, गोरखनाथ शाह, अखिलेश गुप्ता, रामनाथ ठाकुर, राजीव पांडेय, उमेश सिंह, मुखिया गौरी देवी शामिल थे।

लाभुकों ने राशन में कटौती को लेकर प्रखंड कार्यालय को घेरा

नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव
प्रखंड क्षेत्र के करमडीह पंचायत के जोगिबीर गांव के राशन कार्ड धारियों ने नेहा महिला स्वयं सहायता समूह के जनवितरण प्रणाली के डीलर पर अगस्त एवं सितंबर का राशन नही देने का आरोप लगाया है। आक्रोशित सैकड़ों कार्ड धारियों ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नीतीश भास्कर को शिकायत पत्र देकर अगस्त एवं सितंबर का राशन दिलाने की मांग की। शिकायत पत्र में कहा गया है कि दो वर्ष से क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण अकाल पड़ा हुआ है और अधिकांश लाभुक छोटे किसान व मजदूर वर्ग से आते हैं। दो माह से राशन नहीं मिलने के कारण उनके परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति आ गई है। जोगिबीर गांव के राशन कार्डधारियों ने बीडीओ से मिलकर

शिकायत पत्र देने के साथ साथ प्रखंड आपूर्ति कार्यालय सह बीडीओ के द्वारा नेहा महिला स्वयं सहायता समूह को भेजे गए आदेश पत्र को दिखाते हुए कहा कि 13 सितंबर तक अवशेष राशन 63.52 क्विंटल वितरण करने का निर्देश नेहा समूह को दिया गया था। लेकिन उसके द्वारा एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी राशन नहीं वितरण कर आदेश की अवहेलना की गई है। बीडीओ सह एमओ नीतीश भास्कर को दिये गए शिकायत पत्र में सजदा वीवी, मंसूर आलम, समीम अंसारी, मुमताज अंसारी, इरफान अंसारी, कलीम अंसारी, करार अंसारी, हसन अंसारी, एजाज अंसारी, निजामुदीन अंसारी, सरवरी वीवी, नजमा खातून, खतबुन वीवी, कुरैशा वीवी,मिली देवी,रेणु देवी, सदाकत अंसारी, महफूज आलम, मुमताज अंसारी, आरिफ अंसारी, रेयाजू दीन अंसारी, मैमून वीवी, रूबी खातून, सबीना वीवी सहित 88 लाभुकों के हस्ताक्षर हैं।

खेलकूद | झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, मंत्री मिथिलेश भी रहे मौजूद

जमशेदपुर ने गोड्डा को 5-0 से मात देकर जीती ट्रॉफी

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा 10 सितंबर से आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को रंका के प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इसकी शुरुआत इंडियन आइडियल के सुरंजन एंव गायत्री मंडल के द्वारा देश भक्ति गीत तू मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखंड के सरायकेला खरसावां के शिव शंभू छयु नृत्य ग्रुप के द्वारा नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही

जबलपुर से पहुंची इंडियन ताशा बैंड के द्वारा मैदान में बैंड बजाकर खिलाड़ियों और अतिथियों का स्वागत किया गया। इंडियन आइडल के गायक सुरंजन एवं गायत्री मंडल की युगल जोड़ी के द्वारा लगातार देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया गया। एक एक बाद युगल जोड़ी के द्वारा कई गीत प्रस्तुत किए गए। दर्शकों के मनोरंजन के लिए यहां चीयर्स लीडर्स की भी व्यवस्था की गई थी। मैदान दर्शकों की भीड़ से खचाखच भरी हुई थी। खेल को देखने के लिए दर्शक मैदान के अलावा आसपास के विभिन्न छतों पर चढ़कर आनंद ले रहे थे। संस्कृति कार्यक्रम के उपरांत गोड्डा एवं जमशेदपुर के बीच मैच की शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार ठाकुर एवं झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव गुलाम रब्बानी ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।

इस मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम रंग, अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, जिला की सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने किया। फाइनल में जमशेदपुर की टीम में ने गोड्डा की टीम को 5-0 से पराजित कर शील्ड कब्जा कर लिया।

लघु व कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक गायब

नवीन मेल संवाददाता। केतार
लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार प्रखंड कार्यालय में योगदान के बाद से ही गायब है। लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक का कार्य है प्रखंड के शिक्षित, बेरोजगारों एवं व्यवसायियों को सरकार के द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार पुर्वक बताना एवं इसका लाभ योग्य व्यक्तियों को दिलवाना है, परंतु प्रखंड समन्वयक के लगातार प्रखंड कार्यालय से नदारद रहने की वजह से सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। प्रखंड कार्यालय में दर्जनों युवा प्रति-दिन सरकार की विभिन्न योजनाओं का जानकारी और लाभ लेने के लिए प्रखंड कार्यालय आते हैं लेकिन समन्वयक के गायब रहने से निराश होकर बैरंग लौट जा रहें हैं। इसके कारण केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मधु मक्खी पालन सहित कई योजनाओं के लाभ से सैकड़ों युवा वंचित हैं। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि प्रखंड समन्वयक कभी भी प्रखंड कार्यालय नहीं आते हैं। उन्होंने प्रखंड समन्वयक के विरुद्ध जिला में लिखित शिकायत करने की बात कही। जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने कहा कि समन्वयक के गायब रहने से युवाओं को लघु एवं कुटीर विभाग के लाभों की जानकारी नहीं मिल पा रहा है।

लात सड़क निर्माण कार्य वन विभाग की ओर से रोके जाने से जनता में आक्रोश

चक्का जाम-भूख हड़ताल करेंगे ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के छिपादोहर थानाक्षेत्र के अतिनक्सल प्रभावित और पिछड़े लात पंचायत में बन रही सड़क निर्माण में वन विभाग के अड़ियल रवैये के कारण सड़क निर्माण कार्य रुक जाने से ग्रामीणों में व्यापक आक्रोश है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर लात पंचायत में एक बैठक कर निर्माण को लेकर आंदोलन का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण के तहत लाभार नाका मुख्य सड़क से लात पंचायत के टोंगरी तक करोड़ों रुपये की लागत से लगभग 6 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य शुरू हुई थी, जिसमें लाभर बस्ती तक रेयती जमीन में लगभग 2 किलोमीटर का सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया, लेकिन बाकी के चार किलोमीटर सड़क निर्माण वन विभाग क्षेत्र में कराया जाना है लेकिन वन विभाग ने उक्त जमीन में सड़क निर्माण कार्य में रोक लगा दी जिससे दो माह से अधिक समय से सड़क निर्माण कार्य रुका हुआ है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर अथक प्रयास भी किया, लेकिन सभी प्रयास विफल होने के बाद अब ग्रामीण आंदोलन के मूड में हैं। सड़क निर्माण को लेकर पंचायत की ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों पंचायत सचिवालय में मुखिया ईश्वरी देवी की अध्यक्षता में बैठक कर आंदोलन का निर्णय लिया है। आंदोलन के प्रथम चरण में ग्रामीणों की हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के साथ सड़क निर्माण को लेकर लातेहार उपायुक्त को मांग पत्र देकर सड़क निर्माण की मांग करेंगे। अगर उनकी मांगों पर पर 24 अक्टूबर तक कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो लात पंचायत के सभी गांव के ग्रामीण 25 अक्टूबर सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण बेतला गारू मुख्य सड़क को अनिश्चितकालीन जाम करते हुए मुख्य सड़क पर ही भूख हड़ताल में बैठ जाएंगे। बैठक में लात मुखिया ईश्वरी देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रेमलता मिंज, उपमुखिया सबिता कुमारी, वार्ड सदस्य झुनिया देवी, रूबी देवी, सुदामा सिंह, सोहराय सिंह, कॉर्नियुस टोप्पो, सतीश प्रसाद, पताली तिवारी, जयकिशोर प्रसाद समेत सभी जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। लाभर लात रोड निर्माण हो जाने से लात पंचायत के 13 गांव के 12 हजार ग्रामीणों को लाभ होगा। वे आसानी से जिला और प्रखंड मुख्यालय तक पहुंच सकते हैं। उक्त सड़क निर्माण नही होने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, खास कर मरीजों को। अबतक कई मरीज इस खराब सड़क के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण असमय काल के गाल में समा चुके हैं।

चोरी के सामान के साथ पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
शहर से चोरी को जड़ से उखाड़ने के लिए पुलिस ने बनाई रणनीति, घर से निकलने से पहले संबंधित थाने को दें सूचना। कोई भी आभूषण या अन्य सामान खरीदने से पहले विक्रेता से आधार कार्ड अवश्य ले लें। संदेह होने पर संबंधित थाने को सूचना दें। सूचना गोपनीय रखी जाएगी।

उक्त बातें एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान कही। एसडीपीओ ने आगे बताया कि बीते 12 अगस्त की रात महुआ चौक सदर थाना चतरा स्थित वादी मोहम्मद सब्बीर के घर में रखे 10 लाख रुपये और सोने-चांदी के आभूषण अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिये थे। 13 सितंबर को वादी इरफा स्थित वादी जिन्नत परवीन के घर से आभूषण एवं पैसे की चोरी हो गयी थी। वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार मेरे नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा चोरी के आभूषणों के साथ एक व्यक्ति राहुल कुमार को पकड़ा गया, जिसने दोनों घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की और बताया कि चोरी के आभूषण हीना ज्वेलर्स के मालिक जीतेंद्र कुमार को बेचे गये थे। इसके बाद जीतेंद्र कुमार के पास से चोरी के आभूषण बरामद किया गया। बरामद सामानों की विस्तृत जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि एक सोने जैसा दिखने वाला हार, 2 पीस सोने जैसा दिखने वाला झुमका और चोरी के पैसे से खरीदी गई एक काले रंग की बजाज प्लस मोटरसाइकिल शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल साव (19)पिता भगवान साव निवासी नावाडीह, थाना सदर जिला चतरा व जीतेन्द्र कुमार सोनी (39) पिता स्वर्गीय शंकर प्रसाद निवासी गुदरी बाजार थाना सदर जिला चतरा को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। टीम में एसडीपीओ के साथ सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक नईम अंसारी, सहायक अवर निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

उप डाकघर का अज्ञात अपराधियों ने तोड़ा ताला

नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया (चतरा)
सिमरिया उप डाकघर में बीते मंगलवार की रात अज्ञात अपराधियों ने पीछे का ताला तोड़कर ऑफिस में प्रवेश कर ड्रावर का ताला तोड़ डाला। साथ हीं डाक घर में रखें सरकारी कागजातों को बिखेर दिया। इस संबंध में उप डाकपाल विनोद कुमार ने बताया कि जब मैं बुधवार को कार्यालय 9:00 बजे पहुंचा तो देखा कि पीछे का ताला तोड़ दिया गया है। तत्काल इसकी सूचना विभाग के वरीय अधिकारी डाक निरीक्षक चतरा एवं सिमरिया थाना प्रभारी को लिखित रूप में दिया। सूचना प्राप्त होते ही सिमरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। थाना प्रभारीने कहा कि जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे। डाकपाल को कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगाने और नाइट गार्ड की व्यवस्था करने की बात कही।

ऑपरेशन नंबर प्लेट के तहत चोरी गयी बाइक बरामद

चंदवा। रेसुब पोस्ट टोरी के अधिकारी व जवान के द्वारा रेलवे स्टेशन टोरी के सकुर्लेटिंग एरिया में बुधवार को ऑपरेशन नंबर प्लेट के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक हिरो सुपर स्प्लेंडर जे एच 19 सी 6311 को लावारिश हालत में पाया गया जिसका हैंडिल भी लॉक नही था। इसके बाद उक्त बाइक को पोस्ट पर लाकर सुरक्षित रखा गया तथा गाड़ी नंबर के आधार पर छानबिन कर उसके मलिक उपेंद्र मेहता पिता सुरेश मेहता ग्राम-हुंडरू थाना लातेहार को सूचित किया गया। इसकी सूचना क्षेत्राधिकार के लोकल थाना लातेहार को भी दी गई सूचना पर उपेंद्र मेहता के पिता सुरेश मेहता व परिजन रेसुब पोस्ट टोरी पर पहुंचे व उनके द्वारा बताया गया कि बीते 18 सितंबर को उक्त गाड़ी कि चोरी उसके घर से हो गई थी तथा इस बावत उन्होंने लातेहार थाना में आवेदन भी दिया है।

भारी बारिश से बानपुर में गरीब का घर हुआ ध्वस्त

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
पिछले तीन दिनों से हो रही भारी वर्षा के कारण बानपुर स्थित अनिल भुइंया का घर ध्वस्त हो गया है। अनिल भुइंया की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि वह चार अबोध बच्चों को लेकर इसी घर में रहती है। उसके पति कमाने बाहर गए हुए हैं। अब उसके पास इतनी भी क्षमता नहीं है वह मलबा को भी हटा सके। सुनीता देवी टूटे हुए घर के दूसरे हिस्से में जान जोखिम में रखकर अपने चार अबोध बच्चों के साथ रह रही है। उसका कहना है कि वह पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र कुमार पाठक उर्फ बली पाठक के घर आज सुबह गई थी और अपनी इस व्यथा से उन्हें अवगत कराया पर श्री पाठक ने उन्हें यह कह कर वापस कर दिया कि अब वह वार्ड पार्षद नहीं हैं। इसके बाद भुक्तभोगी महिला में घोर निराशा व्याप्त है। उसने मदद करने की अपील नगर पंचायत व जिला प्रशासन से की है।

शिविर में 500 से अधिक मरीजों का किया गया इलाज

बरवाडीह। जिला प्रशासन और प्रखंड स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को प्रखंड के अति सुदूर लात पंचायत(हरहे) सचिवालय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आशीष रंजन, कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेमकुमार सिंह पिंटू, मुखिया ईश्वरी देवी, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह समेत अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। शिविर में 500 से अधिक मरीजों का इलाज कर दवा भी दी गई। शिविर में डॉ जुबेर आलम, डॉ रश्मि रानी, डॉ शुभंकर कुमारी, डॉ चंदन, डा शशि, डॉ भरत, सीएचओ आभा कुमारी, सीमा सिंह, खुशबू कुमारी, संतोषी खलको, मीणा प्रजापति, अनिता तिर्की, आरती रजनी सुरीन, विनीता बेक, आलोक रंजन, युवराज विक्रम सिंह मौजूद रहे।

संक्षिप्त

कौशल विकास मंत्री सत्यानंद लातेहार में आज

लातेहार। राज्य के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता का 21 सितंबर दिन गुरुवार को लातेहार परिसदन भवन में 10 बजे आगमन होगी। वह जिले के राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं की अपनी समस्याओं से रूबरू होंगे। इसके बाद 11 बजे मंत्री सत्यानंद भोक्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन स्टेशन रोड में कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं लातेहार जिले के सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के पत्रकार भी आमंत्रित हैं। उक्त जानकारी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने दी।

महिला संकुल में वार्षिक आमसभा का आयोजन

गिद्धौर। प्रखंड के बारियातु आजीविका महिला संकुल में बुधवार को वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुखिया डेगन गंझु ने किया। आमसभा में वार्षिक आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि महिलाएं जेएसएलपीएस से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है। अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़कर लाभ पहुंचाने का आह्वान भी किया गया। मौके पर सुनीता कुमारी, शीला देवी, संगीता देवी, बबीता देवी, नसरीन परवीन आदि मौजूद थे।

ग्रीन नेचुरल क्लब ने महाप्रसाद वितरण शुरू किया

लातेहार। शहर के बीचोबीच स्थित ठाकुरबाड़ी राधाकृष्ण मंदिर परिसर में ग्रीन नेचुरल क्लब के तत्वावधान में प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। यहां आकर्षक सजावट की गयी है। पूजन में बतौर मुख्य यजमान रविनाथ प्रसाद गुप्ता सप्तनीक उपस्थित थे, जबकि वैदिक मंत्रोच्चारण संतोष मिश्रा ने किया। यहां दूसरे दिन भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर पवन गुप्ता, आनंद कुमार, बिनोद प्रसाद, संतोष प्रसाद, मिठू सिंह, राहुल अग्रवाल, नितेश यादव, राजू साहू, बजरंगी प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, मनीष, निखिल, चीकू, चंदन प्रसाद, गौरव अग्रवाल, विनोद, अरविंद, विष्णु सोनी, कुलदीप कुमार, सौरव कुमार, मुकेश गुप्ता, विकास कुमार, प्रियांशु कुमार, प्रिंस कुमार, मोनू कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार, धीरज कुमार व भरत कुमार आदि मौजूद थे।

बाल श्रम, हिंसा, बाल दुर्व्यवहार पर कार्यशाला

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय के विकास एवं कौशल भवन में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था वैदिक सोसाइटी के द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, बाल दुर्व्यवहार और बाल यौन हिंसा पर आधारित विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, वैदिक समिति के सचिव चंद्रशेखर सिंह, बचपन बचाओ आंदोलन के समन्वयक रविशंकर आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर वैदिक सोसाइटी के सचिव चंद्रशेखर सिंह, समन्वयक पंकज पांडेय, डॉ आरती कुमारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष आशीष सिंह चेरो, मुखिया जितेंद्र सिंह, सीडीपीओ अनीता कुमारी आदि मौजूद थे।

आरपीएफ स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर

चंदवा। पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के टोरी रेलवे सुरक्षा बल बैरक के प्रांगण में बुधवार को रेसुब स्थापना दिवस पर लातेहार ब्लड बैंक के सहयोग से मोबाइल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान के उपरांत इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने कहा कि रक्तदान कर आप किसी का जीवन बचा सकते हैं। शिविर में छह यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर शशिंद्र कुमार, सुनील कुमार,भीम सिंह यादव, देशराज सिंह सिंघल, सोहित शर्मा समेत डॉक्टरों की टीम मौजूद थी।

केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसो. का चुनाव 8 को

लातेहार। लातेहार जिला के केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन का चुनाव आगामी 8 अक्टूबर को लातेहार के माको डाक बंगला में किया जायेगा। संगठन के विजय कुमार ने बताया कि कुल 6 पदों के लिए चुनाव होंगे। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव के पद के लिए चुनाव होंगे। नामांकन 22 और 23 सितंबर को शाम 4 बजे तक किया जाएगा। 24 और 25 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 26 और 27 सितंबर नामांकन वापसी की तिथि तय की गई है। 29 सितंबर को प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी तत्पश्चात 8 अक्टूबर को मतदान के जरिए सभी पदों के लिए चुनाव होंगे। चुनाव कार्यालय निशा मेडिकल हॉल लातेहार को बनाया गया है। नामांकन शुल्क 500 रखा गया है जबकि 100 रुपये में मतदाता सूची उपलब्ध होगी। मेडिसिन सेंटर चंदवा के अजय कुमार को मुख्य चुनाव पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि निशा मेडिकल हॉल के रमेश कुमार गुप्ता और ज्योति मेडिकल एजेंसी मनिका के धनंजय तिवारी को सहायक चुनाव पदाधिकारी बनाया गया है।

राशन घोटाले मामले में बीडीओ नावाडीह पहुंचे

बारियातु। प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत नवाडीह ग्राम के राशन डीलर शांति महिला समूह पर अगस्त माह के राशन घोटाले की शिकायत पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी राशन दुकान पहुंच कर जांच की। नावाडीह के ग्रामीणों ने एक सप्ताह पूर्व बीडीओ प्रतिमा कुमारी को राशन कार्डधारियों ने आवेदन के माध्यम से बातया था कि 2022 अगस्त व जनवरी 2023 में यहां के राशन लाभुकों का राशन पीडीएस दुकानदार द्वारा गटक लिया गया। दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ को लिखित शिकायत की थी। बीडीओ ने कहा कि जांचोपरांत 13 राशन कार्डधारियों से पूछताछ की गई। सभी ने बताया कि राशन नहीं मिला है। वहीं 8 लोगों द्वारा पर्ची के साथ बताया गया कि अंगूठा लेकर राशन वितरण नहीं किया गया। बीडीओ ने डीलर से एक दिन के अंदर जवाब मांगा है।

अदालत परिसर में नाजायज मजमा बनाने के मामले में हुई गवाही

लातेहार। पिछले 10 अक्टूबर 2022 को लातेहार व्यवहार न्यायालय परिसर में टाना भक्तों के समूह के द्वारा हरवे हथियार से लैस होकर व्यवहार न्यायालय परिसर में घुसकर नाजायज मजमा बनाने वाले टानाभक्तों के खिलाफ दर्ज मामले में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मेघनाथ उरांव ने अपनी गवाही कलमबद्ध कराया। दोनों अधिकारियों ने बताया कि सुमेज टाना भगत, परमेश्वर टाना भगत, बाबूलाल टाना भगत, बहादुर टाना भगत, जय मंगलटाना भगत, प्रभु दयाल भगत समेत कुल 238 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। मालूम हो करीब चार पांच सौ की संख्या में उपद्रवी महिला पुरुषों ने हरवे हथियार तीर धनुष टांगा फरसा गुलेल से लैस होकर व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रवेश कर गए थे और सुरक्षा व्यवस्था को दरकिनार जबरन अंदर प्रवेश करने लगे एवं तत्कालीन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के ऊपर हमला कर दिए थे जिससे वह घायल हो गए थे। इसकी सुनवाई जिला व सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा की अदालत में चल रही है।

नेतरहाट में पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में नेतरहाट में पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गयी। उक्त बैठक में उपायुक्त ने नेतरहाट अंतर्गत पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए संचालित योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये सभी संचालित योजनाओं को जल्द पूर्ण कराया जाये। उपायुक्त ने नेतरहाट पर्यटन प्रक्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले सभी आंतरिक मार्गों की मरम्मति और सौंदर्यीकरण कराने एवं प्रवेश मार्गों पर स्वागत द्वार का निर्माण कराये जाने के संबंध में जानकारी लिया तथा इससे संबंधित कार्यों को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नेतरहाट पर्यटन प्रक्षेत्र में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में जानकारी लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ ने जानकारी दिया कि नेतरहाट क्षेत्र से कचड़ा उठाव हेतु दो गाड़ियों एवं सफाई कर्मियों की व्यवस्था की गयी है। आगे उपायुक्त ने नेतरहाट पर्यटन प्रक्षेत्र को नो

प्लास्टिक जोन घोषित करने के संबंध में आवश्यक कारवाई करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड को दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता ने जानकारी दिया कि नेतरहाट में योगा हेल्थ रिट्रीट सेंटर के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर स्वास्थ्य विभाग को चिन्हित भूमि से सम्बंधित जानकारी पत्राचार के माध्यम से दे दी गयी है। नेतरहाट लेक में बोट संचालन करने के संबंध में भी चर्चा किया गया। नेतरहाट में पर्यटन के विकास से संबंधित विभिन्न अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड नीत निखिल सुरीन, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

अंतर जिला करमा महोत्सव की तैयारी को ग्रामीणों ने की बैठक

टंडवा(चतरा)। प्रखंड क्षेत्र के सनहा में बुधवार को करमा महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दशरथ महतो व संचालन विनोद महतो ने किया। जहां पूर्व गठित कमिटी द्वारा पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि पिछले छः वर्षों से गांव में करमा महोत्सव के मौके पर मनाया जाने वाला अंतर जिला झूमर प्रतियोगिता की ख्याति अब काफी दूर-दूर तक फैल चुकी है। ऐसे में करमा झूमर प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक उत्सवों को इस वर्ष बेहतर बनाने के लिये कबरा मुखिया निलेश ज्ञासेन ने भरपूर सहयोग करने का वादा किया। इसके साथ हीं, नव गठित कमिटी में अध्यक्ष सुनील महतो, सचिव रोहन महतो, कोषाध्यक्ष लोकनाथ महतो व संचालक अशोक महतो का चयन करने के साथ सदस्यों को यथावत रखा गया। करमा महोत्सव से पूर्व 23 सितंबर को पटेल मैदान में झारखंड के मशहूर कलाकारों द्वारा गायन व नृत्य प्रस्तुत कर मनोरंजन करने के बात कही गई। मौके पर बिनोद बिहारी सहित भारी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे।

अधिग्रहित भूमि के रैयतों को मुआवजा देने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में सर्वप्रथम अपर समाहर्त्ता ने पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड लिमिट मशीन लगाने को लेकर दिए गए निर्देश पर बताया गया की कार्यवाही की जा रही है। आरसीडी चतरा के कार्यपालक अभियंता को गिद्धौर गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के समीप स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद में जल्द से जल्द पार्किंग स्थल चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने जानकारी दिया कि सड़क दुर्घटना स्थल से घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।

इसे लेकर अपर समाहर्त्ता ने सभी थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी एवं सिविल सर्जन को चिन्हित कर योग्य लाभुकों को नियमानुसार लाभान्वित करने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं कोविड-19 से संबंधित लंबित प्रस्ताव कि विवरणी की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से डीएफओ उत्तरी राहुल मीना, दक्षिणी मुकेश कुमार, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, एसएसपीओ, डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, संबंधित अंचल अधिकारी, संबंधित परियोजनाओं के प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी वासुदेव प्रसाद बुधवार को महुआडांड का दौरा कर महुआडांड प्रखण्ड सभागार में डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेन डांग, गोदाम मैनेजर संजय मिंज, डीएसओ कार्यालय के पंकज कुमार, पाठक, डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, सुचीत प्रसाद, बद्रीनाथ प्रसाद, श्यामकुमार प्रसाद, अशोक प्रसाद, किशोरी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, शेरू खान, अनुप कुमार पांडेय, दोस्त मोहम्मद, सत्येंद्र प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता आदि समेत लगभग सभी राशन दूकानदार एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य मौजूद थे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी वासुदेव प्रसाद ने कहा कि राशन वितरण में बहानेबाजी या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने डीलरों को 25 सितंबर तक सौ प्रतिशत हर हाल में राशन वितरण करने का सख्त निर्देश दिया। प्रसाद ने राशन वितरण नहीं करने वाले डीलरों से बारी-बारी से अब तक राशन वितरण नहीं करने का कारण पूछा व ससमय राशन वितरण करने का निर्देश दिया अन्यथा कारवाई करने की बात कही। बैठक में प्रसाद ने राशन वितरण करने के समय डीलरों को आ रही परेशानी एवं समस्याओ से भी अवगत हुए एवं उनके निराकरण की बात कही।

गड़बड़झाला | बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने घर-घर लिया जायजा

कागजों में चल रही नल जल योजना!

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु
बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझु ने प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत के विभिन्न गांव टोला का भ्रमण किया। इस दौरान गोली टांड में ग्रामीणों की नल जल योजना के तहत पानी नहीं मिलने की शिकायत की पर घर घर नल जल योजना का जायजा लिया।

गंझु ने कहा कि कहने को विभाग ने कागजों पर नल जल योजना की एक तस्वीर खिंची हुई है, लेकिन जमीनी स्तर की सच्चाई ठीक इसके विपरीत है। नल की टोटी में से ना तो हवा बाहर आ रही है और ना ही पानी। ग्रामीण रोजमर्रा की जरूरतों के लिए या तो ढोड़ी के

गंदे पानी का उपयोग करते हैं या फिर किसी कुएं से पानी लेकर अपने घर आते हैं। 80 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों को नल जल योजना के तहत पानी न मिलने का कारण पुराने बोरिंग में मशीन डाल कर जल मीनार का निर्माण किया जाना है। इनमें से अधिकांश बोरिंग दस वर्ष पूर्व का है एवं सभी की गहराई भी काफी कम है। सामान्य वर्षा न होने के कारण पूरे क्षेत्र में जल स्तर काफी नीचे चला गया है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि समस्या के निराकरण के लिए सभी नल जल योजना के तहत लगे सोलर जल मीनार की जांच हेतु उपायुक्त से मिल कर संलिप्त अधिकारी एवं दोषी ठेकेदारों पर कार्रवाई कराने की बात कही।

मौके पर ग्रामीण कर्मा गंझु, अशोक पांडे, प्रमोद गंझु, गुलाब गंझु, मुकेश पांडे, राहुल पांडे, प्रकाश पांडे, धनु गंझु, भुनेश्वर गंझु, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

एनआरईपी ईई को बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस का निर्देश

जिप कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनुमोदित

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
जिला परिषद, लोहरदगा के कार्यकारिणी की बैठक जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा सभी विभागों को निदेश दिया गया कि जो भी योजनाएं संचालित हो रही और उनके निरीक्षण कार्य की सूचना जिला परिषद के सदस्यों को भी दी जाय। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, भंडरा में जलमीनार को ठीक करने के लिए डीएमएफटी से प्रस्ताव उपायुक्त को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। किस्को स्थित एसएस उच्च विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था हेतु पीएचईडी, लोहरदगा को पत्राचार किये जाने का निदेश दिया गया।

लोहरदगा में प्रबंधक-सह-कार्यपालक अभियंता, झारखंड राज्य भवन निगम लिमिटेड, पीआईयू दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल की ओर से किसी पदाधिकारी की नियुक्ति लोहरदगा जिला में कराने हेतु उपायुक्त के माध्यम से प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी लोहरदगा के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस भेजे जाने का निदेश दिया गया। कुडू प्रखंड में 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक के संबंध में शिकायत पर जिला परिषद अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के स्तर से कारण बताओ नोटिस देने और मामले का जांच प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रमुख स्तर से समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। पाखर और बगडू क्षेत्र में हिंडाल्को द्वारा खनन कार्य पश्चात गड्ढों को नहीं भरे जाने के मामले में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को शो कॉज दिए जाने का निर्णय सभी सदस्यों की सहमति से लिया गया। किस्को प्रखंड के पंचायतों में 14वें वित्त से बिना निविदा के क्रय किये जाने के मामले की जांच किये जाने का निदेश कार्यपालक दण्डाधिकारी लोहरदगा को दिया गया। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, उपाध्यक्ष विनोद उराँव, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद समेत सभी जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, सेन्हा जिप सदस्य राधा तिर्की, कुडू पूर्वी की जिप सदस्य गंगोत्री देवी, पेशरार जिप सदस्य रूबी कुमारी, कैरो जिप सदस्य सुखदेव उराँव, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड प्रमुख आदि उपस्थित थे।

'गलत तरीके से ली गयी किसान सम्मान राशि की जल्द वसूली होगी'

कुडू। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में गलत तरीके से ली गयी लगभग 40 लाख रुपये की वसूली जल्द होगी। उक्त जानकारी कुडू के सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इस योजना के तहत एक परिवार में एक व्यक्ति को इसका लाभ दिया जाना है। लेकिन सूचना मिली है कि एक ही परिवार के एक से अधिक सदस्यों के द्वारा इस योजना का लाभ लिया जा रहा है, जो सरकार के नियमावली के अनुरूप नहीं है। इसके लिए कुडू अंचल अन्तर्गत अयोग्य लाभुकों की कुल संख्या 738 चिन्हित की हुई है। चिन्हित अयोग्य लाभुकों से कुल राशि 39 लाख 26 हजार रुपये की वसूली के लिए नोटिस निर्गत किया जा चुका है, जिसमें अभी तक छह लाख 66 हजार रुपये की वसूली कर ली गई है, जबकि बाकी राशि 32 लाख 60 हजार रुपये की वसुली की जानी है। सभी चिन्हित अयोग्य लाभुकों को दूसरा नोटिस जारी किया जा चुका है। भ्रामक सूचना या गलत जानकारी के आधार पर ली गई राशि जमा नहीं करने वालों पर सर्टिफिकेट केश दायर कर राशि की वसूली की जाएगी। और भी अयोग्य लाभुकों को चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है।

बिहारियों से घिरे हैं हेमंत, आदिवासियों का कहां से करेंगे भला : लोबिन हेम्ब्रम

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
17 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में बुधवार को समाहरणालय मैदान में कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से विधायक सह झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक लोबिन हेम्ब्रम, पूर्व मंत्री सधनु भगत, केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, महासचिव प्रो. लाल अजय नाथ शाहदेव, केंद्रीय सचिव अरुण कुमार दुबे, आजम अहमद, इसरार अहमद, संयोजक प्रो. विनोद भगत, भुनेश्वर सेनापति, राजकिशोर महतो आदि उपस्थित हुए। मौके पर बोरियो विधायक लोबिन हेब्रंम अपनी ही सरकार और पार्टी नेतृत्व पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि जनता से जिस वादे और संकल्प के साथ हेमंत सोरेन सत्ता में आये थे, आज उन वादों और संकल्प को भूल गए हैं। अगर यहां के आदिवासी और मूलवासियों के पास जमीन ही नहीं बचेगी तो आदिवासी मूलवासियों कहां जाएंगे। आज आदिवासी मूलवासी समाज अपने ही राज्य में उपेक्षित होता जा रहा है। जल, जंगल और जमीन की लूट जारी है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट में संशोधन कर सरकार इसे कमजोर करने में लगी है। आंदोलनकारी एवं झारखंड बचाओ मोर्चा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। लोबिन ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी अब तक न स्थानीय नीति बनी, न नियोजन नीति बनी। साथ ही विस्थापन आयोग का भी गठन नहीं हुआ। सरकार रोजगार देने की बात कह रही है, लेकिन सरकार यह तो बताए कि किस प्रखंड में किस कंपनी में अब तक कितने लोगों को 75 फीसदी नौकरी दी गई है, लोबिन ने कहा कि हेमंत सोरेन चुनाव के वक्त स्मार्ट गांव बनाने की बात की थी, लेकिन अब वह स्मार्ट सिटी बनाने में लग गए हैं। ऐसे के राज्य की जनता का विश्वास खत्म हो रहा है। झारखंड झारखंड आंदोलनकारी महासभा के अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड के राज नेताओं ने झारखंड के आदिवासी मूलवासी जनता की भावनाओं के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। झारखंड में हमारे शहीदों एवं पुरखों के सपनों को चकनाचूर करते हुए स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। पूर्व मंत्री सधनू भगत ने कहा कि यहां के महापुरुषों, आंदोलनकारियों ने बलिदान दिया तब सीएनटी व एसपीटी एक्ट बना। जो यहां के लोगों के जल जंगल जमीन का सुरक्षा कवच है। बावजूद इसके जमीन की लूट हो रही है। आज आंदोलनकारी अपनी पहचान के लिए सड़कों पर भटक रहे हैं। जल, जंगल और जमीन की लूट जारी है। कार्यक्रम में महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, महासचिव प्रो. लाल अजय नाथ शाहदेव, केन्द्रीय सचिव अरुण कुमार दुबे, आजम अहमद, शंखनाद सिंह, विनिता खलखो, इसरार अहमद, संयोजक प्रो. विनोद भगत, भुनेश्वर सेनापति, राजकिशोर महतो आदि शामिल थे।

महिला आरक्षण बिल लोस में पेश होने पर जताई खुशी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
भारतीय संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदना अधिनियम लोकसभा में पेश होने की खुशी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कलावती देवी, जिला उपाध्यक्ष सामेला भगत, मीणा बाकला, भारती सिंह, नीलम श्रीवास्तव, सुशील गुप्ता, विनीत गुप्ता, पूजा गुप्ता, आरती गुप्ता, मीनाक्षी देवी, पूनम देवी, रेणु देवी, लीला देवी, मधु देवी, मीना देवी, विभा देवी, सुनीता देवी, देवमणि देवी, कमला देवी आदि महिलाएं शामिल थीं।

क्रीमी उन्मूलन दिवस पर 150 बच्चों को दी गई दवा

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में क्रीमी निरोधक दिवस का आयोजन किया गया। तथा इस अवसर पर लगभग 150 शिशुओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। सरस्वती वंदना के पश्चात इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा स्वस्थ जीवन की कल्पना स्वस्थ शरीर से होता है माता-पिता शिक्षक सदैव बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क के विकास ही हमारे जीवन का लक्ष्य है।

विद्या विकास समिति के तत्वावधान में विद्यालय में प्रारंभिक प्रतिभा चयन एवं प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के सभी भैया बहन ने भाग लिया। यह परीक्षा भैया बहनों के सर्वांगीण विकास एवं प्रतियोगितात्मक परीक्षा तथा अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने वाले प्रतिभागियों की मुख्य परीक्षा विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा बाद में आयोजित की जाएगी। सफल प्रतिभागियों को प्रांतीय स्तर से बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया जाता है। मौके पर सभी आचार्य जी दीदी जी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को कृमि नाशक दवा खिलाई

सेन्हा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत 135 छात्र छात्रओं को बहनों को कृमि नाशक दवा एल्वेन्डाजोल टेबलेट खिलाई गई। प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने बच्चों को कृमि के बारे में जागरूक किया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी तथा विद्यालय के अचार्य आचार्या और सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

संक्षिप्त

गणेश उत्सव में भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालुगण

लोहरदगा। देवस्थल प्रांगण में 19 से 23 सितंबर के बीच भव्य गणेश उत्सव का आयोजन किया गया है। आज दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुरोहित सूरज मिश्रा द्वारा गणेश पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। गणेश उत्सव समिति के द्वारा किया गया भंडारे में युवा समाजसेवी आजाद शत्रु के द्वारा सहयोग किया गया था। इसमें बढ़-चढ़कर बच्चे, मातृशक्ति, शांति आश्रम के ब्रम्हचारीगण, शांतिनगर, ब्लॉक कालोनी, पतराटोली, कुटमू, नदिया, हरमू, आदर्श नगर, कोर्ट एरिया समेत शहरी क्षेत्र से श्रद्धालुगण देवस्थल में भगवान गणेश पूजन में आकर दर्शन कर रहे हैं। संध्या महा आरती में भी महिलाओं की संख्या अच्छी खासी जुट रहे हैं। देवस्थल प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।गणेश चतुर्थी को धूमधाम से मनाए जाने हेतु समिति के अध्यक्ष श्रेयांश सिद्धार्थ (चीकू), सचिव शुभम गुप्ता, गुड्डुस गुप्ता, धीरज कुमार, उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, अरविंद वर्मा, संजय साव, हेमंत राय, सूरज गुप्ता, करण साहू, मोनित कुमार, अनुराग शिखर, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, नीरज कुमार, दिनेश वर्मा, अरुण वर्मा, अमन वर्मा, चंदन यादव, बंशी साहू, शंकर साहू, संदीप यादव, अरुण वर्मा, अमन वर्मा, उत्तम कुमार, पंकज गुप्ता, सूरज मिश्रा, अमित कुमार, सूरज सिंह, ज्योति देवी, बबिता देवी, केसरी देवी, अनुराधा देवी, इंदु देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, मानसी, संजय महतो, राजेश रंजन, पंकज कुमार व अन्य का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।

धूमधाम से मनाया गया गणेशोत्सव का त्योहार

सेन्हा। ठाकुरबाड़ी और सती मंदिर के समीप कुशवाहा नवयुवक संघ और ठाकुर बाड़ी पूजा समिति के द्वारा धूमधाम से गणेशोत्सव मनाया गया। मुहल्ले की सबसे बुजुर्ग माता 85 वर्षीय सुलोचनी देवी से पंडाल का उद्घाटन कराया गया। नवयुवक संघ सती मंदिर में अवनीश पाठक के द्वारा पूजन कराया गया। ठाकुरबाड़ी पूजा समिति में पुरोहित विनय पाठक द्वारा पूजा कराई गई। मौके पर उत्कर्ष मेहता, संजय महतो, आदर्श महतो, विक्की महतो, अजय महतो, विशाल महतो, अशोक महतो, दिलीप महतो, उज्जवल पाठक, सिद्धार्थ पाठक, दीपक महतो, पंकज महतो आदि उपस्थित थे।

विद्या भारती प्रतिभा खोज परीक्षा हुई संपन्न

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती प्रतिभा खोज/चयन परीक्षा आज आयोजित हुई। यह प्रारंभिक परीक्षा थी। इसमें उत्तीर्ण होने वाले भैया बहन आगामी आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। यह परीक्षा बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग में संपन्न हुई। प्रतिभा खोज एवं चयन की परीक्षा ओ एम आर शीट पर अलग-अलग वर्गों में पूर्ण व्यवस्थित रूप से संपादित की गई। प्रतिभा खोज में 499 भैया बहन एवं प्रतिभा चयन में 43 भैया बहनों की उपस्थिति हुई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं से भैया बहनों में प्रतिभा का विकास होता है।

अध्ययनरत कॉलेज छात्र-छात्राओं की क्लास

घाघरा। टाना भगत इंटर कालेज घाघरा में जिले एवं प्रखंड के अधिकारियों ने शिक्षा का भेंट कार्यक्रम के माध्यम से कॉलेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की क्लास ली। इसके तहत बुधवार को एसी सुधीर प्रसाद गुप्ता, सीओ प्रणव ऋतुराज एवं बीडीओ दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों के मन से परीक्षा के तनाव एवं दबाव को समाप्त करने के उद्देश्य से उनकी क्लास ली एवं उन्हें पढ़ाने का काम किया। एसी श्री गुप्ता में कहा कि यही बच्चे कल के भविष्य का निर्माणकर्ता है। समाज की दशा एवं दिशा इन्ही के हाथों तय होना है। इसलिए इनके भविष्य को ध्यान में रखते हुवे इन्हें बेहतर शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। मौके पर अंचल अधिकारी प्रणव ऋतुराज एवं बीडीओ दिनेश कुमार ने भी बच्चों को पढ़ाया। वहीं मौके पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य विपिन विहारी सिंह ने एसी श्री गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों का परिचय कराया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य अरसद मोमिन सहित अन्य कर्मी विद्यार्थी शामिल थे।

शिक्षकों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

लोहरदगा। झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में जिला स्तरीय चिन्हित 22 विद्यालयों के 2-2 शिक्षकों को समेकित विज्ञान और गणित लैब से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला मिथ इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात के सहयोग से दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में जीतेन्द्र मित्तल सीआरपी द्वारा विज्ञान और गणित लैब और उसका उपयोग वर्ग कक्ष में कैसे किया जाय बारीकी से बतलाया गया। जिसमें विज्ञान की शाखा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान के विभिन्न मॉडल और चार्ट द्वारा जानकारी उपलब्ध कराया गया। गणित की विभिन्न सूत्र और संक्रियाओं को प्रयोग के माध्यम से सरलतम तरीके से बताया गया। सभी को बताया गया कि सभी चार्ट मॉडल में क्यू आर कोर्ड दिया गया है। जिसे स्कैन कर आप सभी इससे संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से प्राप्त कर सकते हैं। मिथ इंटरप्राइजेज द्वारा सभी 22 विद्यालयों को 492 विभिन्न विज्ञान और गणित के प्रयोग से संबंधित वीडियो पेन ड्राइव और बुकलेट हार्ड और सॉफ्टकॉपी में उपलब्ध कराया गया। उक्त का उपयोग विद्यालय शिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों के द्वारा किया जाना है ताकि छात्रों को विज्ञान, गणित की बारीकियों से उनको सरलतम तरीकों से शिक्षण दिया जा सके।

ट्रेनिंग पूर्ण करने वालों को दिया प्रमाणपत्र

मार्केटिंग कौशल के 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में नीति आयोग अवार्ड मनी अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची के माध्यम से लोहरदगा जिला में स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के स्वरोजगार से जुड़े 30 सदस्यों को मार्केटिंग (विपणन) कौशल के 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज बुधवार को समापन हो गया।

मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि 10 दिनों तक चला यह कार्यक्रम काफी सफल रहा। आईआईएम, रांची की वजह से सफल हो पाया। जिले के स्वयं सहायता समूह को एक मंच देने का यह प्रयास था। अब यहां की दीदियां मार्केटिंग का कौशल सीख कर यहां के उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान दिलायेंगीं। आप सभी को एक दिशा दी गयी है लेकिन अब आपको आगे की राह आपको तय करनी है। आप अकेले नहीं हैं, आप समूह में हैं। इसका आपको फायदा मिलेगा। कार्यक्रम में 10 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। उपायुक्त, डीपीओ, आईआईएम के प्राध्यापकों के द्वारा प्रमाण दिया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा आईआईएम के प्राध्यापकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आईआईएम, रांची की ओर से भी उपायुक्त, लोहरदगा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली दीदियों की ओर से भी उपायुक्त को हाथों से बनाये उत्पाद भेंट किये गए। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस अनिता केरकेट्टा, आरसेटी के मयंक, आई आई एम के प्रोफेसर सत्यम, जोसेफ, श्वेता झा आदि मौजूद थे।

अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापेमारी की गई

कैरो। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विधुत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर मंगलवार को थाना क्षेत्र के हनहट पंचायत के गितिलगढ़ गांव में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापेमारी की गई। इस दौरान लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले व मीटर से बाईपास कर बिजली चोरी करते वसीम अंसारी पिता इकबाल अंसारी, जसीम अंसारी पिता इकबाल अंसारी, फिरोज अंसारी पिता तैयब अंसारी,जाकिर अंसारी पिता रमजान अंसारी, संजय कुमार ओझा पिता प्रभु राम ओझा, अनिता उरांव पति प्रमोद उरांव व राजू उरांव पिता मांडू उरांव इन 7 लोगों के खिलाफ कैरो थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आवश्यक करवाई की बात कही है। पुलिस ने धारा 135, 137 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

32 प्रतिभागियों की फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा
प्रखंड क्षेत्र के बरही चटकपुर के लोलस फॉर्म मैदान में एस टी क्लब के सौजन्य से पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन समाजसेवी महावीर प्रसाद ने किया। विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 25 हजार नकद, जर्सी सेट व टॉफी और उपविजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 18 हजार रुपये जर्सी सेट व टॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 12 हजार जर्सी एवं फुटबॉल तथा चतुर्थ पुरस्कार 8 हजार खस्सी प्लस फुटबॉल दिया जाएगा। पांचवें स्थान से आठवें स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एक-एक खस्सी और पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बालिका वर्ग को भी पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजन समिति अध्यक्ष रिझु महतो ने कहा कि 19 सितंबर से 23 सितंबर तक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, जिसमें बालक वर्ग में 32 टीम और बालिका वर्ग में 16 टीमों ने नामांकन कराया है। मौके पर अध्यक्ष रिझु महतो, उपाध्यक्ष रमेश उरांव, सचिव सुनील उरांव, सह सचिव अरविंद साहू, कोषाध्यक्ष शंकर ठाकुर, शिवचरण साहू आदि उपस्थित थे।

परंपरा

भंडरा में मांदर वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

करमा पूजा हमारी संस्कृति की धरोहर : डॉ. उरांव

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा
पर्यटन कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा प्रखंड सभागार में मंगलवार को मांदर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधयाक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित हुए। कार्यक्रम मे पहुचे मंत्री का स्वागत पारंपरिक अंदाज में ढोल नगाड़ा से महिलाओं द्वारा स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एव अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मांदर वितरण के दौरान डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की राज्य सरकार सभी जनता के हित मे कार्य कर रही है सरकार सभी तरह की योजना चाहे कब्रिस्तान का घेराव हो, पीसीसी सड़क, अखरा का निर्माण, अखरा में सोलर लाइट, धोती साड़ी योजना, राशन कार्ड का निर्माण, पेंशन जिसके लिए वर्षो तक इंतजार करना पड़ता था उसे हमने अपने वायदे के अनुसार पुरा करने का काम कर रहे हैं। आदिवासी की पहचान उसके पहनावा, सभ्यता, संस्कृति, वाद्य यंत्र का वितरण करने का हम काम कर रहे हैं। पूरे जिले में हमने 300 मांदर देने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि मांदर, ढोल, नगाड़ा झारखंड का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र है। हमारे संस्कृति सभ्यता की पहचान है। यहा के लोग खासकर आदिवासी प्रत्येक त्योहार, शादी-विवाह में इसका उपयोग करते हैं। आदिवासी धार्मिक, सांस्कृतिक, परंपरा को बचाए रखने के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मांदर और नगाड़े का वितरण किया जा रहा है। आगामी करमा पर्व में लोग इसका उपयोग कर सकेंगे। आदिवासी परंपरा को बचाए रखने के लिए विधायक मद से युद्ध स्तर पर अखड़ा का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा जिले के 62 अखड़ा में सोलर लाईट लगाने का काम किया जा रहा है। वह आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की प्रकृति महापर्व करमा पूजा हमारे संस्कृति की धरोहर है। यह प्रकृति के साथ समाज के समरूपता का परिचायक भी है। प्रकृति के प्रति लोगों का प्रेम और समर्पण ही यहां चलने को नृत्य बन देता है और बोलने को संगीत। करमा प्रकृति से मानव जीवन के गहरे जुड़ाव का पर्व है। इसे धूमधाम से मनाने की जरूरत है। सभ्यता एवं संस्कृति को एक नई पहचान देने की जरूरत है। मौके पर बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार, कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, डा अजयनाथ शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जुगल भगत, डोमना उरांव, विशाल डुंगडुंग आदि मौजूद थे।

चंद्रवंशी महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 1 को

लोहरदगा। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश युवा प्रदेश अध्यक्ष निश्चय वर्मा ने बताया कि आगामी 1 अक्टूबर को स्थानीय थाना टोली स्थित बलदेव साहू, शिव प्रसाद साहू धर्मशाला में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक होगी। इसके निमित्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रेम वर्मा, सचिव किशोर वर्मा एवं महासभा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी के निर्देशानुसार तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। बैठक में उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, दिल्ली, आदि राज्यों के चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी गण लोहरदगा आएंगे। युवा प्रदेश अध्यक्ष ने व्यवस्था को लेकर जानकारी दी है कि इसके लिए एक स्वागत समिति बनाई जाएगी।

फिक्स्ड डिपॉजिट पर कौन बैंक सबसे ज्यादा ब्याज दे रहा है?

-आरएनएम

नई दिल्ली। टैक्स-सेविंग फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम के साथ कोई भी टैक्सपेयर आसानी से हर साल टैक्स बचा सकता है। इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत हर साल 1.5 लाख रुपये तक टैक्स डिडक्ट का दावा किया जा सकता है। टैक्स सेवर एफडी का लॉक-इन पीरियड 5 साल है। हालांकि, 5 साल की टैक्स सेवर एफडी पर सभी बैंक अलग-अलग ब्याज दर पेश कर रहे हैं।बैंक बाजार वेबसाइट पर दिए गए आंकड़ों के अनुसार देश के 8 बैंक सितंबर में 5 साल की टैक्स-सेविंग फिक्स्ड डिपॉजिट पर एसबीआई से ज्यादा ब्याज दर दे रहे हैं। ये बैंक आम लोगों के साथ-साथ सीनियर सिटीजन के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से ज्यादा ब्याज दर दे रहे हैं।एसबीआई टैक्स सेविंग एफडी पर आम नागरिकों को 6.5 प्रतिशत ब्याज दर जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7 प्रतिशत ब्याज दर ऑफर कर रहा है। वहीं एचडीएफसी बैंक , इंडसलैंड बैंक , आरबीएल बैंक, केनरा बैंक, एक्सिस बैंक एफडी पर ज्यादा ब्याज दे रहे हैं। 5 साल की फिक्स्ड डिपॉजिट पर एसबीआई से ज्यादा निम्न बैंक ब्याज दे रहे हैं- इंडसइंड बैंक टैक्स सेवर स्कीम - इंडस बैंक 5 साल की फिक्स्ड डिपॉजिट पर आम नागरिकों को 7.25 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 8 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। आरबीएल बैंक टैक्स सेविंग एफडी - आरबीएल बैंक आम नागरिकों को 7.1 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7.6 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। एचडीएफसी बैंक टैक्स सेविंग एफडी -एचडीएफसी बैंक आम नागरिकों को 7 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 7.75 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। केनरा बैंक टैक्स सेविंग एफडी -केनरा बैंक आम नागरिकों को 5 साल की एफडी पर 6.70 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 7.20 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। एक्सिस बैंक टैक्स सेविंग एफडी -आम नागरिकों को एक्सिस बैंक 7 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7.75 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टैक्स सेविंग एफडी- आईडीएफसी बैंक आम नागरिकों को 7 प्रतिशत जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7.5 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया टैक्स सेविंग एफडी - 5 साल की एफडी पर आम नागरिकों को यूनियन बैंक में एफडी कराने पर 6.70 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 7.20 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। आईसीआईसीआई बैंक टैक्स सेवर एफडी- आईसीआईसीआई बैंक आम नागरिकों को 7 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7.50 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। पीएनबी टैक्स सेविंग एफडी - पंजाब नेशनल बैंक आम नागरिकों को 6.50 प्रतिशत जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7.30 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा टैक्स सेविंग एफडी - बैंक ऑफ बड़ौदा आम नागरिकों को 6.50 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 7.15 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। एसबीआई टैक्स सेविंग एफडी - एसबीआई आम नागरिकों को 6.50 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक टैक्स सेविंग एफडी - पंजाब एंड सिंध बैंक आम नागरिकों को 6.25 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 6.75 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। आईडीबीआई बैंक टैक्स सेविंग एफडी - आईडीबीआई बैंक आम नागरिकों को 6.50 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।

नए सर्वे में भारतवंशी निक्की हेली से पिछड़ रहे बाइडेन

एजेंसी। वाशिंगटन

एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय-अमेरिकी और पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजदूत निक्की हेली 2024 के चुनाव की दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडेन से आगे हैं, हालांकि वह भारतीय मूल के ही विवेक रामास्वामी से आगे हैं। इस सप्ताह जारी हार्वर्ड कैप्स-हैरिस पोल सर्वेक्षण में पाया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में डोनाल्ड ट्रम्प, हेली और टिम स्कॉट से पीछे चल रहे हैं, लेकिन भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस से आगे हैं। जब 2024 में हेली और बाइडेन के बीच एक काल्पनिक मुकाबले के बारे में पूछा गया, तो 41 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे हेली का समर्थन करेंगे, जबकि 37 प्रतिशत ने कहा कि वे वर्तमान मौजूदा राष्ट्रपति का समर्थन करेंगे। इक्कीस प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे नहीं जानते या अनिश्चित हैं कि वे किसका समर्थन करेंगे, बाइडेन का या हेली। हार्वर्ड सीएपीएस/हैरिस पोल के सह-निदेशक मार्क पेन ने द हिल को बताया, "इसमें कोई संदेह नहीं है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन राष्ट्रीय सर्वेक्षण संख्या में पिछड़ रहे हैं और अब कई उम्मीदवार उनसे आगे हैं। यह एक नया विकास है क्योंकि हेली जैसे (गैर-ट्रम्प) संभावित विरोधियों को एक्सपोजर मिलता है।

चीन को झटका देगा भारत, विदेशी टेलीकॉम कंपोनेंट पर टैक्स लगाएगी सरकार



नई दिल्ली। देश की केंद्र सरकार ने टेलीकॉम इंडस्ट्री को मजबूत बनाने और ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने के लिए नया प्लान बना लिया है। जानकारी के अनुसार भारत से इंपोर्ट को कम करने और डॉमेस्टिक सप्लाई चेन बनाने के लिए टेलीकॉम कंपोनेंट पर फेजवाइज कस्टम ड्यूटी लगाने की योजना बना रहा है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट पैकेजिंग आइटम्स, एंटीना, वाईफाई स्विच, प्लास्टिक/मेटल हाउसिंग आइटम्स, वायर्स/केबल्स पर जनवरी से 10 फीसदी कस्टम ड्यूटी लगाने और अगले साल अक्टूबर तक इसे 15 फीसदी तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर काम कर रहा है। इस कदम से चीन और उन देशों को झटका लगेगा जो भारत को टेलीकॉम कंपोनेंट काफी ज्यादा एक्सपोर्ट करते हैं। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार टेलीकॉम कंपोनेंट में यूएसबी पोर्ट/कनेक्टर, पावर एडॉप्टर और अन्य इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल आइटम भी शामिल हैं।

चीन में बवंडर से 5 की मौत 4 गंभीर रूप से घायल

बीजिंग। चीन के जियांग्सू प्रांत की दो टाउनशिप में बवंडर ने तबाही मचा दी है। इस क्षेत्र में बवंडर से पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, सुकियान शहर में डैक्सिंग टाउनशिप और नानकाई टाउनशिप में मंगलवार शाम करीब 5 बजे बवंडर आया। इस बवंडर से लगभग 5,512 लोग प्रभावित हुए हैं। 1,646 घर क्षतिग्रस्त हो गए और 137 घर ढह गए। शहर के आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, कुल 41.8 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हो गई और 405 लोगों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया। स्थानीय सरकारी विभाग स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस तूफान से लोगों को काफी क्षति हुई है।

कोटक महिंद्रा से पेटीएम तक इन शेयरों में है कनाडा का निवेश

नई दिल्ली। भारत और कनाडा के रिश्तों में आजकल तनातनी चल रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक खालिस्तानी आतंकवादी की कनाडा में हुई हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया है। कनाडा ने भारत के एक राजनयिक को निकाल दिया। भारत ने भी इस पर जवाबी कार्रवाई की है। इससे दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास आई है। इससे दोनों देशों के बीच ट्रेड और इन्वेस्टमेंट के भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। कनाडा के बड़े पेंशन फंड्स ने भारत में भारी निवेश किया है। अगस्त तक यह निवेश 1.77 लाख करोड़ रुपये था। इसमें से 1.5 लाख करोड़ रुपये इक्विटी मार्केट्स में है। कनाडा के सबसे बड़े पेंशन फंड सीपीपीआईबी ने भारत की कई लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों में निवेश किया है।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
samajiksurksha@gmail.com

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2518 दिनांक 12.09.2023 द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत् राज्य योजनान्तर्गत ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों को राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत प्रतिमाह 1000/–(एक हजार) रूपया पेंशन दिया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्रों में अंचल अधिकारी से योग्य लाभुक सम्पर्क करेगें।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 307292 (Social Welfare,Women and Child Development) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
प्राचार्य का कार्यालय,औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज
Email :principalitidtg@gmail.com

पत्रांक– ..... डालटनगंज, दिनांक– .....

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में विभिन्न व्यवसायों में Spot Round Online Admission से संबंधित सूचना।

निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, रांची का पत्रांक–1435, दिनांक–14.09.2023 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में नामांकन के लिए Spot Round Online Admission नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् है:–

Time Schedule for Spot Round Online Admission

Sl. No.	Activity	Date	
1.	Spot Round Online Admission	22.09.2023	23.09.2023

2. वैसे सभी आवेदक जिन्होनों Online ITI Admission Module में निबंधित कराया है, लेकिन किसी कारणवश अपना नामांकन किसी भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अभी तक नहीं कराया है, वैसे सभी आवेदक Spot Round Online Admission के माध्यम से First Come First Serve basis नामांकन करा सकते है।
3. दिनांक–22.09.2023 एवं 23.09.2023 को झारखण्ड के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में Spot Round Online Admission लिया जाएगा। Spot Round Online Admission के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First Serve basis पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। Spot Round esa Admission Module में निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा नामांकन लिया जाएगा।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज।

PR.NO.307349 District(23-24):D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा 822114
email : principal.itigarhwa@gmail.com

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर Spot Round Admission हेतु सत्र 2023–24–25 में नामांकन से संबंधित सूचना

विभागीय सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के निर्देशानुसार गढ़वा जिला में संचालित सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2023–24–25 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु Spot Round Admission में उपलब्ध व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक उम्मीदवारों से जिन्होंने Online Form भरा है परंतु अभी तक कहीं भी नामांकन नहीं लिया है वैसे अभ्यर्थी दिनांक 22 एवं 23 सितंबर को शाम 5.00 बजे तक पहले आवो पहले पावो के आधार पर नामांकन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थी को जिस ITI में नामांकन लेना है उनको संबंधित ITI में सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र को लेकर जाना अनिवार्य है।

SL.No	Name of the ITI	Name of the Trade	Place of Admission	Contact no.
1	Govt. ITI, Garhwa	Fitter, Electronics Mechanic, MMV, Draughtsman Mechanic, Turner & Welder	Govt. ITI, Garhwa	9973279454, 7992311265
2	Govt. ITI , Chiniya	Fitter		
3	Govt. ITI Jhagratand	Mechanic Diesel & Welder	Govt. ITI , Jhagratand	7903517097, 9430067318
4	Govt. ITI Bhandariya	Electrcian, Fitter, Mechanic Diesel & Welder	Govt. ITI , Bhandariya	9110986060

प्रभारी प्राचार्य
नोड़ल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा

PR 307338 Labour Employment and Traning (23-24)_D

जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा
Email Id:-dddogarhwa@gmail.com mobile No. -9934529928

(पशुपालकों के लिए आम सूचना)

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/पशु पालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्योंको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांकः–326, दिनांकः–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदरदुधारू पशुप्रबंधन एवंपशुपोषणप्रशिक्षणकार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन प्त्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचानपत्र (आधारकार्ड का छाया प्रति), दो पास पोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पास बुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।
प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)

क0	दिनांक	समान्य जाति (OSP)			अनूसूचितजाति (SCSP)			कुल योग
	प्रशिक्षणअवधि	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	
1	07.11.2023 से 13.11.2023	18	10	28	3	3	6	34
2	21.11.2023 से 27.11.2023	18	15	33	3	3	6	39
	कुलः–	36	25	61	6	6	12	73

पशु पालकों के चयन हेतु अहर्ता :–
1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आनावर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगाए जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अतिआवश्यक है।
5. उम्रन्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 307352 Animal Husbandry(23-24)#D

तुर्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर उठाया कश्मीर का मुद्दा

संयुक्त राष्ट्र। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाते हुए कहा है कि भारत और पाकिस्तान द्वारा बातचीत के जरिए इसे सुलझाने से क्षेत्र में स्थिरता आएगी। उन्होंने विगत मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत एवं सहयोग के माध्यम से कश्मीर में न्यायसंगत और स्थायी शांति की स्थापना से ही दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा, तुर्की इस दिशा में उठाए जाने वाले कदमों का समर्थन करना जारी रखेगा। उनकी नवीनतम टिप्पणी पिछले दो वर्षों की तरह ही हल्की थी।

OFFICE OF THE DISTRICT BOARD CHATRA
(Email id-districtboardchatra@gmail.com)

INVITATION FOR E-QUATATION NO. 04/2023-24(3rd call)

District Board Chatra invites e-bids in two bids system (Technical & Financial) form reputed, and experienced firms/agencies for the following works related to office renovation. It will be made available on the official website mentioned hereinafter;

Sl No.	Name of work
1	Electronic item Supply and installation in the office of executive chamber, conference room office, Members office etc.

Important dates/details related to the tender:

Sl No	Activity	Start Date	Time	End Date	Time
1	Online availability of bid document	21.09.2023	10.00 AM	29.09.2023	05.00 PM
2	Online bid submission	21.09.2023	10.00 AM	29.09.2023	05.00 PM
3	Submission of original DD, EMD, Affidavit, Photograph, other documents	30.09.2023	10.00 AM	30.09.2023	03.00 PM
4	Opening of technical Bid	03.10.2023	11.00 AM	-	-
5	Opening of Financial Bid	To be announced after the technical evaluation			

Interested eligible bidders may view and download bid document for the website http://jhakhandtenders.gov.in. The cost of bid document is Rs. 10000/- (Ten Thousand only) which is to be submitted through bank draft in favour of DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA. Which is non refundable. Manual/Offline bids shall not be accepted except for the original documents/instruments as mentioned in this e-bids document. Interested eligible bidders should regularly visit the website for addendum/corrigendum/amendment etc. if any, to keep themselves updates before uploading the bids. However the information on exact number and quantity. In the event of the date specified for opening of the bids happens to be a holiday, the appointed time on the next working day will automatically be fixed for the purpose. Any further communication, if required in the entire duration of contract awarding process would only be done through e-mail only on districtboardchatra@gmail.com. The DDC CUM CEO DISTRIT BOARD CHATRA Reserves the right to accept or reject (fully/partly) any tender without assigning any reason thereof.

DDC CUM CEO
DISTRICT BOARD CHATRA.

PR 307295 District(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण
अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-13/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	भण्डरा प्रखण्ड के अखिलेश्वर धाम में डीप बोरिंग एवं प्याउ निर्माण।	7,31,950.00	14,700.00	1250.00	2 माह
2	भण्डरा प्रखण्ड के पंचायत चट्टी के ग्राम ब्राहमण्डीहा रा0+2 उच्च विद्यालय ब्राहमण्डीहा, चट्टी में शौचालय निर्माण।	24,97,300.00	50,000.00	5000.00	2 माह
3	1. कैरो प्रखण्ड के ग्राम गजनी पाहन टोली कजलोटा के समीप धर्मराज उरॉव के घर के पास चापाकल निर्माण, 2 .कैरो प्रखण्ड के ग्राम हनहट के चीराटोली सुकरा उरॉव के घर के पास डीप बोरिंग निर्माण एवं 3. कैरो प्रखण्ड के ग्राम नगड़ा बसरी सुकूरहुदू से प्रखण्ड मुख्यालय तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण	24,38,500.00	48,800.00	5000.00	2 माह
4	कैरो प्रखण्ड के कुम्हारबांध से प्रखण्ड मुख्यालय तक लगभग 01 कि0मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	41,70,000.00	83,400.00	5000.00	2 माह
5	पेशरार प्रखण्ड के ग्राम होन्हे से सहेदा जाने वाले पथ में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण।	49,41,000.00	98,900.00	5000.00	3 माह
6	पेशरार प्रखण्ड के ग्राम तुईमू बंजारीपाट से सेरेंगदाग बाजारटांड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	49,96,000.00	1,00,000.00	5000.00	3 माह
7	Transformation of Anusuchit Janjatiya Aawasiya Vidhyalaya Kisko	99,95,300.00	2,00,000.00	10000.00	4 माह

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 27.09.2023
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 07.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहर दगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, **Bank Credit Certificate** एवं **Affidavit (Section X)** जमा करने की तिथि एवं समय :- 09.10.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 10.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- **9934523795** (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank/Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 307279 Lohardaga(23-24)D

Lohardaga Collectorate, Lohardaga
(Planning Cell)

Very Short-Term Notice
Aspirational Block Fellow, Lohardaga, Jharkhand

Mission Director, Aspirational District & Block Programme, NITI Aayog, as per the condition contained in the circular on Key Initiative under Aspirational Block Programme, dated 25.08.2023, representations are invited from interested candidates in the prescribe form for the appointment of Aspirational Block Fellow for the Aspirational Block Programme in Lohardaga District on a purely temporary basis for 01 year in following terms & conditions.

Number of Post	Name of Position	Age	Location	Education Qualification
01	Aspirational Block Fellow	25-40	Kisko (Lohardaga)	1.Post Graduate in any discipline from a reputed institution 2.Experience of working with development organisation. 3.Strong passion for community development and social change. 4.Excellent communication and interpersonal skills. 5.Ability to work independently and as part of a team. 6.Problem-solving mindset and adaptability. 7. Previous experience in rural development is a plus.

Role of Aspirational Block Fellows:
As an Aspirational Block Fellow in Kisko Block, you will be responsible for:
1.Collaborating with block level officials, local stakeholders, NGOs, and government bodies to attain ABP.
2.Implementing and managing projects to achieve measurable outcomes.
3.Monitoring and evaluating project progress and impact.
4.Mobilizing resources and building community support.
5.Identifying community needs and designing impactful projects.
6.Keeping, district, state and NITI with the issues, challenges for any necessary support.

Benefits & Impact:
The deployment of Aspirational Blocks Fellows is expected to yield multiple benefits:
1) Strengthening governance and administrative capabilities at the Block level.
2) Enhancing the efficiency and effectiveness of developmental projects.
3) Enabling knowledge transfer and cross-learning between the fellows, officials, and local communities.
4) Contributing to data-driven policy formulation and evidence-based decision-making.
5) Building a talent pipeline of future leaders committed to social impact and community

Tenure & Compensation:
Each fellow will receive a monthly stipend of Rs 55,000 as a token of appreciation for their dedicated service and valuable contributions to the Aspirational Blocks Program for 1 year.

Terms & Conditions:
1.The undersigned reserves the right to postpone/cancel the said advertisement and change/amend the conditions. The decision of the undersigned will be the final decision, which cannot be challenged in any court.
2.This process will be implemented completely on the basis of self-employment.
3.No fee of any kind is payable for the application.

Application Process:
1. Last date for the application is 30.09.2023 till 04:00 PM.
2. Applicants should submit the application in the prescribed form and self-attested copies of all certificates in a closed envelope on any working day by registered post/speed post/courier to **District Planning Office, 1st Floor, Collectorate Building, Lohardaga, Pin- 835302.** Applications forms sent through other means like, e-mail and WhatsApp will not be accepted.

Final Selection Process:
Shortlisted candidates will be invited for the final interview and other process.
Note: Detailed information about the above advertisement is apparent on the district website lohardaga.nic.in.

Sd/-
Deputy Commissioner,Lohardaga.

PR 307267 (Lohardaga)23-24*D

ज्ञान की बात

अहंकार और संस्कार में बहुत फर्क है मेरे दोस्त अहंकार दूसरों को झुकाकर खुश होता है, संस्कार स्वयं झुककर खुश रहता है !!

– अज्ञात

बदलते जमाने में सिनेमा

झारखंड के साथ -साथ कई जगहों पर बड़े पर्दे यानि सिनेमाघर अब बंद हो रहे हैं। कभी किसी जमाने में यह शान हुआ करते थे। एक समय था जब किसी शहर में छोटे पर्दे सहित बड़े पर्दे के कई सिनेमा घर हुआ करते थे। लेकिन आज इनके सारे कर्मचारी बेरोजगार हो गये हैं। ये सब देखकर एहसास होता है कि कैसे नगरीकरण की वजह से शहर अपना इतिहास खोते जा रहे हैं। कुछ को इमारतों के लिए जगह बनाने के लिए ढहा दिया गया। बाकी सिंगल-स्क्रीन सिनेमाघर ग्राहक खोने की वजह से खंडहर में तब्दील हो गये। ये थिएटर और सिनेमा घर किसी जमाने में वहां की संस्कृति व विकास के गवाह भी थे। पहले तो कोरोना वायरस के कारण बड़े पर्दे पर ताला लटके। अब कई कारणों से यह बंद हो गये हैं। सिनेमा हॉल की जगह अब बड़े-बड़े मॉल ने ले ली है। सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई तरह से यह हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। आने वाले दिनों में सिनेमा के और स्वरूप बदलेगें। पलामू की बात की जाये तो यहां संगीत और कला की दृष्टि से एक बड़ा प्लेटफार्म आज भी है। यहां हीरों व कलाकारों की कमी नहीं है। आप पलामू के किसी भी घर में जायें, तो लोग देर रात तक टीवी पर फिल्में और धारावाहिक देखते हुए मिल जायेंगे। किसी भी बड़े शहर या महानगर में जो सुविधाएं होती हैं, वे पलामू में भी होनी चाहिए। इसलिए आने वाले दिनों में सिनेमाघरों का खुलना अच्छी पहल होगी। पलामू को इन मामलों में पिछड़ा बनाये रखने की हिमाकत नहीं की जा सकती है। सिनेमाघर खुलेंगे, तो साथ में दुकानें, खाने-पीने की जगहें भी बढ़ेंगी, जिनका अच्छा आर्थिक प्रभाव होगा और कुछ रोजगार के अवसर भी बनेंगे। सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कई तरह से हमें बनाने में सिनेमा का योगदान होता है। सिनेमा संस्कृति बढ़ेगी, तो यहां के युवाओं में भी सिनेमा उद्योग से जुड़ने के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। सौंदर्य के जो प्रतिमान माने जाते हैं, उनमें तो आज का युवा अव्वल दिखते हैं। सिनेमा उनमें एक सपना जगायेगा कि हम भी हीरो बन सकते हैं, कुछ कलात्मक कार्य कर सकते हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि जिजीविषा के फूल के बीच आज थियेटर और सिनेमा जो गुम हो गये हैं, उन्हें खोलने की दिशा में सरकार की ओर से भी पहल होनी चाहिए। ऐसा होने से ही युवाओं में कला के प्रति रूझान आयेगा। बहरहाल बदलते जमाने के अनुसार आधुनिक होना भी जरूरी है। ऐसे में कल के सिनेमा हॉल आधुनिक हो रहे हैं, या होने की दिशा में अग्रसर हैं। यह अच्छी बात है। ऐसे में समय के साथ युवा पीढ़ी उसे आत्मसात करेगी। कारण यह समय की मांग है। बहरहाल समाज को वैचारिक रूप से मजबूती प्रदान करने वाला सिनेमा आज उतना मजबूत नहीं है, जितना पहले हुआ करता था। सबसे लोक प्रिय कला माध्यम के रूप में हम सिनेमा को देखते हैं। फिल्में समाज और समय का जीवंत दस्तावेज होते हैं। जिस प्रकार साहित्य को समाज का आईना कहा जाता है, ठीक उसी तरह फिल्मों का किसी भी व्यक्ति के जीवन में गहरा प्रभाव छोड़ता है। बदलते समय के अनुसार आज कई आयाम बदले हैं। बावजूद सिनेमा को खारिज नहीं किया जा सकता है।

सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई तरह से यह हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। आने वाले दिनों में सिनेमा के और स्वरूप बदलेगें। पलामू की बात की जाये तो यहां संगीत और कला की दृष्टि से एक बड़ा प्लेटफार्म आज भी है। यहां हीरों व कलाकारों की कमी नहीं है।

नारी का राजनीतिक जीवन भी अमृतमय बने

ललित गर्ग

भारतीय संसद के नए भवन के पहले सत्र का श्रीगणेश अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, यादगार एवं अविस्मरणीय रहा। मंगलवार के शुभदिन अनेक नये अध्याय एवं अमिट आलेख रचे गये, जिनमें सरकार और विपक्ष के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध की दुर्लभ तस्वीर सामने आयी, वहीं 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के रूप में नारी शक्ति के अभ्युदय का नया इतिहास रचा गया। यह सुनकर एवं देखकर अच्छा लगा कि सभी नेताओं ने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर बाबा साहेब अंबडेकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबू राजेंद्र प्रसाद, अटलविहारी वाजपेयी जैसे सभी महान नेताओं को याद किया, जिन्होंने नया एवं सशक्त भारत बनाने में योगदान दिया। हर राजनीतिक दल महिला उत्थान, उन्नयन एवं विधायी संस्थानों में संतुलित महिला प्रतिनिधित्व के लंबे-चौड़े दावे करते रहे हैं और वादे भी, लेकिन जब समय आता है तो महिलाओं को उनका हक देने में अनेक किन्तु-परन्तु एवं कौताही होती रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में कुल 82 महिला सांसद चुनकर आई थी। जिस देश में आधी आबादी महिलाओं की हो, वहां सिर्फ 15 फीसदी महिलाएं ही लोकसभा पहुंचे तो आश्चर्य ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण ही है। आश्चर्य की बात यह कि 2019 से पहले हुए चुनावों में जीतने वाली महिला सांसदों की संख्या 82 से भी कम रहती आई है। विधानसभाओं के हाल भी कमोबेश लोकसभा जैसे ही हैं। ऐसे हालात में भाजपा एवं मोदी सरकार ने साहस का परिचय देते हुए महिला आरक्षण विधेयक को पेश कर सराहनीय उपक्रम किया है, इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। इससे शासन चलाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी तो उनके खिलाफ होने वाले अत्याचार के मामले भी कम होंगे। सवाल सिर्फ सांसद-विधायक का ही नहीं है, प्रयास होने चाहिए कि मंत्री पद पर भी महिलाओं की भागीदारी बढ़े।

महिला आरक्षण को लेकर कई बहसें और विवाद होते रहे हैं। संसद में कई प्रयास किये गये। 1996 में इससे जुड़ा पहला बिल पेश किया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में कई बार महिला आरक्षण विधेयक लाया गया लेकिन इसके लिए संख्या नहीं जुटाई जा सकी और सपना अधूरा रह गया। महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने, उनकी शक्ति का उपयोग करने और ऐसे अनेक महान कार्यों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो पहल की है, इसके लिये वे अभिनन्दनीय है। भले ही विधेयक पारित होने के बावजूद इसका लाभ लेने के लिए महिलाओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। यानी 1996 में पहली बार पेश आरक्षण विधेयक के व्यावहारिक रूप में लागू होने में अभी तीन चार साल और लगने के आसार हैं। लेकिन, यहां एक सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर महिला आरक्षण विधेयक संसद में लाने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या बिना आरक्षण के राजनीतिक दल महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पर्याप्त टिकट नहीं दे सकते? मुद्दे की जड़ यह है कि राजनीतिक दल चाहे वह भाजपा हो या कांग्रेस या कोई अन्य दल, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अधिक संख्या में महिला उम्मीदवारों को टिकट देने की शुरूआत आने वाले चुनावों में ही करें, इसके लिए उन्हें किसी कानून की जरूरत नहीं होनी चाहिए। राजनीतिक दल 'आधी आबादी' को उनका पूरा हक दें, ताकि सामाजिक समरसता का ताना-बाना और मजबूत हो सके।

पिछले लोकसभा चुनाव में कुल 82 महिला सांसद चुनकर आई थी। जिस देश में आधी आबादी महिलाओं की हो, वहां सिर्फ 15 फीसदी महिलाएं ही लोकसभा पहुंचे तो आश्चर्य ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण ही है।

इन दिनों

महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है। राजनीतिक मंचों पर तो महिलाओं के साथ भेदभाव समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा था। इन विसंगतियों में संगति बिठाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक एक सार्थक प्रयास है, अब महिलाओं को एक निश्चित लक्ष्य की दिशा में प्रस्थान करना होगा। राजनीतिक सत्ता एक जरिया बना रहा है, जिसके बल पर सत्ता भी मर्दों के हाथ में केंद्रित करके महिलाओं पर दबदबा कायम रखा जाता रहा है। एक पूर्वाग्रह भी रहा है कि महिलाओं के हाथों में राजनीति सौंप दी गई, तो पुरुषों की सत्ता पलट जाएगी। अभी तक जो महिलाएं संसद पहुंचती रही हैं, उनमें से ज्यादातर अभिजात वर्ग से आती हैं, पर महिला आरक्षण लागू होने से अब दबी-कुचली महिलाएं ज्यादा बड़ी संख्या में ऊपर आएंगी।

महिलाओं को उचित एवं सम्मानजनक स्थान देने में आरक्षण एकमात्र इलाज नहीं हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी मुल्कों में वर्षों से विधायी संस्थाओं में स्त्रियों की सीटें आरक्षित रही हैं, पर वहां उनके हालात कैसे हैं, यह बताने की जरूरत नहीं। खुद हमारे देश में ही पंचायती राज संस्थाओं में कई सूबों में 50 प्रतिशत तक महिला आरक्षण लागू है। मगर मुखिया-पति और पार्षद-पति भी हमारे ही समाज की हकीकत है। इसलिए चुनौती राजनीतिक दलों के आगे है कि वे जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व गढ़ने की कोशिश करें। नारी शक्ति वंदन विधेयक ने तमाम राजनीतिक पार्टियों को एक अवसर दिया है कि वे महिलाओं की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील रूख अपनाएं। इस कानून का सियासी लाभ अब चाहे कोई उठाए, क्योंकि पिछड़े वर्गों में इसे लेकर जैसी प्रतिक्रिया देखने को मिली है, वह आने वाले दिनों में देश की चुनावी राजनीति में व्यापक बदलाव करेंगी। मगर फिलहाल आजादी के इस अमृतकाल में भारतीय महिलाओं के लिए संभावनाओं के शीर्ष पर सदन का जो बड़ा पट खुला है, उसका स्वागत करते हुए महिलाओं को नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनाना चाहिए। एक बड़ी आशंका है कि इस विधेयक के लागू हो जाने के बाद भी महिलाओं के लिये संसद एवं विधानसभाओं के दरवाजे जरूर खुल जायेंगे, आरक्षण से माताएं, बेटियां और बहुएं चुनाव लड़कर सदनों में आएंगी लेकिन उनका सारा कामकाज एवं राजनीतिक दावपेंच पुरुष ही करेंगे। इसलिए शासन पुरुषों का रहेगा। पंचायत चुनाव में हम ऐसा होते हुए देख रहे हैं। इस बड़ी विसंगति एवं विडम्बना को दूर किये बिना महिला आरक्षण का वास्तविक लक्ष्य हासिल नहीं हो पायेगा। औरतों ने बार-बार खुद को साबित किया है। फिर भी पुरुष प्रधान मानसिकता में माना गया कि महिलाओं में न इतनी अक्ल होती है, न इतना अनुभव होता है और न ही उन्हें प्रकृति ने इस काबिल बनाया है कि वे राजनीतिक कार्यों से जुड़ी कठिनाइयां झेल सकें। एक कहावत है कि औरत जन्मती नहीं, बना दी जाती है और कई कट्टर मान्यता वाले औरत को मर्द की खेती समझते हैं। कानून एवं राजनीति का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। प्राचीन काल में भारतीय नारी को विशिष्ट सम्मान दिया जाता था। सीता, सती-सावित्री आदि अगणित भारतीय नारियों ने अपना विशिष्ट स्थान सिद्ध किया है।

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

यम के दूत आत्मा से कहते हैं कि आपने शुभ कर्म और दान नहीं किया है इसलिए आपको कुछ भी नहीं दिया जाएगा। यम के दूत आत्मा को बुरी तरह पीटते है और कहते हैं कि हम तुम्हें धर्मराज (यम) के दरबार में ले जाएंगे और तुम्हारा वहां हिसाब करेंगे। काल ब्रह्म को हर दिन एक लाख मनुष्यों की आत्माओं का मैल खाने और सवा लाख मनुष्य पैदा करने का श्राप लगा हुआ है। धर्मराज के दरबार में जाते हुए आत्मा पाता है कि ब्रह्म काल के लोक की सभी क्रियाएं स्वतः संचालित होती रहती है। आत्मा स्वतः ही यमदूत के हाथ को छोड़कर ऊपर उड़ जाता है और एक गुप्त स्थान पर चली जाता है। यह गुप्त स्थान तपटशिला है जो एक बहुत गर्म जलता हुआ पत्थर है। तपटशिला पर काल आत्माओं को मक्के की खील की तरह भूनता है और आत्माओं से जमी हुई मैल निकालता है और उन्हें खाता है। ये दृश्य बहुत दर्दनाक होता है। आत्मा जोर-जोर से चीखता चिल्लाता है और बेहोश तक हो जाता है। धर्मराज (यम) और यमदूत भी इस गुप्त स्थान से अपरिचित हैं क्योंकि ब्रह्म काल अव्यक्त रहता है और छिपकर सभी बुरे काम करता है। आत्मा तप्तशिला में भुनने के बाद, धर्मराज (यम) के दरबार में वापस आ जाता है। धर्मराज (यम) के दरबार में जब आत्मा से प्रश्न किया जाता है कि उसने सतभक्ति क्यों नहीं की? जिस कार्य के लिए उसे मानव जन्म दिया गया था वह कार्य क्यों नहीं पूरा किया? वह आत्मा बहाने बनाने लगता है कि किसी ने उसे भगवान के बारे में नहीं बताया। नोटः पूर्ण परमात्मा का यह विधान है कि वह निश्चित रूप से मानव जन्म प्राप्त अपनी आत्मा को स्वयं या किसी न किसी स्त्रोत के माध्यम से अपने बारे में तथा सतभक्ति करने के लिए ज्ञान देते हैं लेकिन सभी ***(क्रमशः)***

बिखरी जीवनशैली कर रही है स्मरण शक्ति पर प्रहार?

डॉ. रमेश ठाकुर

अल्जाइमर को हल्के में लेने की भूल कतई नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इसी के चलते न्यूरोजेनरेटिव यानी भूलने की बीमारी का आरंभ होता है। चिकित्सीय रिपोर्टस की माने तो मौजूदा समय में प्रत्येक दसवां इंसान अल्जाइमर से किसी न किसी रूप में ग्रस्त है जिसका मुख्यः कारण, इंसानों की अस्त-व्यस्त जीवनशैली, भागदौड़ व चुनौतियों से जूझती लाइफ, साथ ही खुद के लिए वक्त न निकालना और खानपान की बुरी आदतें आदि के चलते ही इंसानों की स्मरण शक्तियां और दिमागी क्षमता उम्र से पहले जवाब देने लगी है। गुजरे दो दशकों के भीतर अल्जाइमर ने भारत में अन्य बीमारियों के मुकाबले तेजी से पांव पसारे हैं। यह बीमारी कितनी खतरनाक है, इसलिए ही अल्जाइमर की रोकथाम और निदान के संबंध में आम जनों को जागरुकता करने के मकसद से सालाना सितंबर की 21 तारीख को 'विश्व अल्जाइमर दिवस' मनाते हैं। अल्जाइमर मनोभ्रंश दुश्मन है। स्मृति हानि और अन्य संज्ञानात्मक क्षमताओं के लिए एक सामान्य शब्द जो दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करने के लिए गंभीर होता है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम आज का खास दिन करता है।

ऐसा नहीं है कि अल्जाइमर रोग से भारतीय ही पीड़ित हैं, बिल्कुल नहीं? बल्कि इससे समूचा संसार ग्रस्त है। वैसे, भूलने की बीमारी के कारण और भी बहुतेरे हैं। जैसे, महंगाई, कर्ज या अन्य घरेलू समस्याओं में जब इंसान फंसता है तो चिंता के समंदर में गोते लगाने लगता है। उस स्थिति में इंसान की मस्तिष्क कोशिकाएं कमजोर पड़ने लगती हैं। चिकित्सकों की माने तो प्रत्येक इंसान के दिमाग के भीतर एक हिस्सा ऐसा होता है जो सोचने, समझने व याद करने की प्रक्रिया को दुरुस्त करता है, अल्जाइमर इसी भाग पर सबसे पहले प्रहार करता है। समय रहते अगर इंसान रोकथाम या चिकित्सीय सलाह नहीं लेता, तो उसे अल्जाइमर अपने जाल में फंसा लेता है। ऐसी गलती कतई न करें, उसी की सीख देने के लिए आज का दिन मुकर्रर हुआ है। विश्व अल्जाइमर दिवस को गंभीरता लेने की जरूरत है, क्योंकि मामला सेहत से जुड़ा है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि भारत में 55-60 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों में डिमेंशिया का प्रसार 7.4 फीसदी तक है, जिसका मतलब है कि तकरीबन 8.8 मिलियन भारतीय वर्तमान में डिमेंशिया के साथ जी रहे हैं। जबकि, डिमेंशिया 2020 रिपोर्ट के 5.3 मिलियन के अनुमान से भी कहीं अधिक बताई गई है। इस रोग के सात चरण होते हैं। सातवां स्टेज अल्जाइमर का अंतिम चरण बताया गया है, क्योंकि ये एक लाइलाज बीमारी है। सातवें चरण में रोगी की मृत्यु होना निश्चित होता है। अंतिम चरण तक पहुंचते-पहुंचते रोगी संवाद करने की क्षमता पूरी तरह खो चुका होता है। अल्जाइमर से बचने के लिए डब्ल्यूएचओ, भारतीय शोधकर्ताओं व नामी चिकित्सकों ने कुछ बचाव और सुझाव दिए हैं, उन्हें अपना कर भी इस जानलेवा बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है।

आवश्यक बातें कुछ इस तरह हैं कि धूम्रपान व अल्कोहल के सेवन से सभी को बचना चाहिए। समय का उचित प्रबंधन करें, कार्यक्षमता अधिक बढ़ने पर तनाव मुक्ति वाले योगासान करें, दिमाग दुरुस्त करने वाले खेल खेलें, जैसे चेस व सुडोकू। खुशनुमा माहौल बनाएं अपने आसपास, दोस्तों संग मस्ती वाले क्षण उत्पन्न करें, पसंद की मूवी देखें, मनपसंद जगहों पर सैर-सपाटा जरूर करते रहें और यार-दोस्तों संग मासिक संगोष्ठियों को करना बिल्कुल भी न भूलें। दरअसल, ये ऐसे इंसानी जीवन के क्रियाकलाप हैं जो न सिर्फ अल्जाइमर से बचाते हैं, बल्कि डिप्रेशन, शुगर व मौसमी बीमारियों से भी दूर रखते हैं।

चिकित्सीय इतिहास में इस रोग की अभी तक कोई मुकम्मल दवा ईजाद नहीं हुई। हालांकि, अमेरिकी खाद्य व औषधि प्रशासन ने एक दवा को मंजूरी दी है जिसका नाम 'अबूहेंम' है। दशकों में ऐसा पहली मर्तबा हुआ है, जब अल्जाइमर की दवा को मंजूरी मिली है। हालांकि ये दवा अब भी आसानी से उपलब्ध नहीं होती। इसलिए जीवनशैली को अपने तय प्रबंधन से खर्च करें, भागदौड़ से जितना हो सके बचें?

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

अल्जाइमर मनोभ्रंश दुश्मन है। स्मृति हानि और अन्य संज्ञानात्मक क्षमताओं के लिए एक सामान्य शब्द जो दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करने के लिए गंभीर होता है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम आज का खास दिन करता है।

स्वास्थ्य

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

यशोभूमि का सामाजिक संदेश

मृत्युंजय दीक्षित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी दिल्ली में एशिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी व कॉन्फ्रेंस सेंटर यशोभूमि को राष्ट्र को समर्पित किया। इसी नवीन प्रांगण से 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों की लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से सुथर, बढ़ई, नाव निमार्ता, अस्त्रकार, लोहे का काम करने वाले, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निमार्ता, पारंपरिक सुनार, कुम्हार, जूते बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निमार्ता, ताला बनाने वाले, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले राजमिस्त्री, बाल काटने वाले, मालाकर, कपड़े धोने वाले, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले आदि कार्य कार्य करने वाले हुनरमंद भाई बहनों को तीन लाख रुपये तक बिना गारंटी ऋण देने की घोषणा की गई। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्किल अपग्रेडेशन के लिए ट्रेनिंग और 500 रुपये का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा और यह हुनरमंद अपने हाथों से जो उत्पाद तैयार करेंगे उन तैयार उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और उनकी मार्केटिंग में भी सरकार की ओर से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रारम्भिक चरण में विश्वकर्मा योजना में 13000 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं । यह योजना तीन लाख कामगारों के लिए विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर एक अनुपम उपहार है। यह माना जा रहा है कि इस योजना से 30 लाख परिवारों की वित्तीय स्थिति में बड़ा परिवर्तन आएगा। इस योजना से छोटे व्यवसायों और श्रमिकों को अपना व्यापार बढ़ाने और आर्थिक स्थिति सुधारने में भी मदद मिलेगी। समाज के लाखों पारंपरिक कौशल वाले भाई-बहनों के लिए विश्वकर्मा योजना आशा की नई किरण बनकर आई है। इस योजना के माध्यम से भारत के स्थानीय सामान को वैश्विक बनाने में भी बहुत सहयोग मिलेगा। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने उपस्थित विश्वकर्माओं को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बैंक आपको गारंटी नहीं मानता है तो मोदी आपको गारंटी देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई विश्वकर्मा योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसचित जनजाति व समाज के वंचित वर्ग के लोगों का मन जीतने की भी एक बड़ी पहल की है। यह पारंपरिक कार्य करने वाले अधिकतर कारीगर व शिल्पकार समाज के लोग इन्हीं वर्गों से आते हैं। भारतीय जनता पार्टी समाज के इन वर्गों को सशक्त करने के लिए संकल्पवान है क्योंकि जब से प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का युग प्रारम्भ हुआ है और उसके पूर्व से भी समाज का यह वर्ग भाजपा के साथ जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने यशोभूमि के लोकार्पण और विश्वकर्मा योजना के शुभारम्भ के उपलक्ष्य पर गहरे सामाजिक और राजनीतिक निहितार्थ वाला वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री मोदी की यह विशिष्ट कार्यशैली रही है कि अब तक उन्होंने जितने भी लोकार्पण किये हैं उन सभी अवसरों पर सर्वप्रथम वह श्रमिकों का सम्मान करते हैं व उनका मनोबल बढ़ाते हैं। यशोभूमि में भी उन्होंने सर्वप्रथम वहां काम करने वाले सभी प्रकार के विश्वकर्मा भाई-बहनों से बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया।

प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में भारत मंडप और यशोभूमि जैसे सेंटर दिये हैं जो विकसित भारत का स्वप्न तो पूरा करेंगे ही साथ ही आगामी समय में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के वाहक बनेंगे। दोनों ही केन्द्रों पर विश्व भर के लोग अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, बैठकों और प्रदर्शनियों के लिए आएंगे इससे लाखों युवाओं को रोजगार और पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को भी काम मिलेगा। आगामी दिनों में भारत मंडप और यशोभूमि कॉन्फ्रेंस पर्यटन के केंद्र बिंदु बनकर भी उभरने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आगामी पर्वों को देखते हुए देशवासियों से लोकल उत्पाद खरीदने का एक बार फिर आग्रह करते हुए कहा कि जिसमें हमारे विश्वकर्मा साथियों की छाप और भारत की मिट्टी की महक हो वही उत्पाद उपयोग करें । प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से सनातन संस्कृति का भी सन्देश दिया है क्योंकि हिंदू धर्म के आगामी दिनों में जितने भी पर्व व तिथियां आने वाली हैं उसमें जितनी भी छोटी से छोटी सामग्री व उत्पाद प्रयोग में लाए जाते हैं वह सभी वंचित समाज के इन्हीं पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों की मदद से ही बनाये जाते हैं।

समाज के लाखों पारंपरिक कौशल वाले भाई-बहनों के लिए विश्वकर्मा योजना आशा की नई किरण बनकर आई है। इस योजना के माध्यम से भारत के स्थानीय सामान को वैश्विक बनाने में भी बहुत सहयोग मिलेगा।

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

गोदावरी के किनारे बसा है खूबसूरत पंचवटी जहां भगवान राम बिताये थे कई साल

गोदावरी त्र्यम्बक के पास से निकलती है। वर्षा के बाद यहां बहुत अधिक जल नहीं रहता। गोदावरी पर कई पुल बने हैं। गोदवरी में रामकुण्ड, सीताकुण्ड, लक्ष्मणकुण्ड, धनुषकुण्ड आदि अनेक तीर्थ हैं। स्नान का मुख्य स्थान रामकुण्ड है। ब्रह्पुराण में गोदावरी की महिमा के बारे में बताया गया है। महर्षि गौतम ने शंकर जी की कृपा से पृथ्वी पर इन्हें अवतरित किया। एक पुराण के अनुसार एक ब्रह्माणी योगाभ्यास करते-करते गोदावरी बन गई। गोदावरी पश्चिम घाट त्र्यम्बक पर्वत से निकल कर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। आयुर्वेद के अनुसार इसका जल औषधि है। ब्रह्पुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं। गोदावरी की सात धाराएं निकलती हैं जिनके नाम हैं- वशिष्ठा, कौषिकी, बृद्ध, गौतमी, भारतद्वाजी, आत्रेयी और तुल्या।

गोदावरी के प्रमुख तीर्थों में नासिक की महिमा बहुत मानी जाती है। यहां पर त्र्यम्बकेश्वर की गणना द्वादश-ज्योतिर्लिंग में की जाती है। भगवान राम ने यहीं पंचवटी में वनवास के कई साल बिताये थे। यहीं से सीता का हरण हुआ था। प्रत्येक बारह वर्ष पर जब बृहस्पति सिंह राशि में होते हैं तो नासिक में कुम्भ पर्व होता है। मुंबई से दिल्ली जाने वाले मार्ग पर नासिक रोड़ प्रसिद्ध स्टेशन है। नासिक और पंचवटी वास्तव में दोनों एक नगर हैं। गोदावरी दोनों के बीच से बहती है। दोनों ही तटों पर तीर्थों की भरमार है। गोदावरी त्र्यम्बक के पास से निकलती है। वर्षा के बाद यहां बहुत अधिक जल नहीं रहता। गोदावरी पर कई पुल बने हैं। गोदवरी में रामकुण्ड, सीताकुण्ड, लक्ष्मणकुण्ड, धनुषकुण्ड आदि अनेक तीर्थ हैं। स्नान का

मुख्य स्थान रामकुण्ड है। रामकुण्ड में कुछ दूरी पर अरुणा की धारा गोदावरी में गिरती है। इसे अरुणा संगम कहते हैं। इसके पास सूर्य, चंद्र, अश्विनी तीर्थ हैं। लोग यहां कपड़े पहनकर स्नान करते हैं। रामकुण्ड के पीछे सीताकुण्ड है। पास में द्विमुखी हनुमान की प्रतिमा है। वहीं हनुमान कुण्ड, दशाश्वमेध तीर्थ हैं। पास में नारो शंकर मंदिर है। उसके आगे पेशवा कुण्ड, खण्डोवा कुण्ड, ओक कुण्ड, वैशम्पायन कुण्ड, इन्द्र कुण्ड, मुक्तेश्वर कुण्ड हैं। इसी गोदावरी में अहिल्या संगम तीर्थ है। सभी कुण्डों पर स्नान-ध्यान, पिण्डदान और तर्पण किये जाते हैं।

रामकुण्ड के ऊपर गंगाजी का मंदिर है। पास में गोदावरी मंदिर है। यह बारह वर्ष में केवल एक बार खुलता है। मंदिर के सामने बाणेश्वर शिवलिंग है। पास ही राम मंदिर है जिसे अहिल्याबाई ने स्थापित किया था। वहीं कुछ सीढ़ी ऊपर कपालेश्वर शिव मंदिर है। कपालेश्वर से दो फर्लांग की दूरी पर विशाल राम मंदिर काले पत्थर से निर्मित है। वहीं पंचवटी है जहां पांच बरगद के वृक्ष हैं। बरगद के वृक्ष के पास सीता गुफा है। सीता गुफा के पास ही भगवान नटराज की मूर्ति है। पास में ही राम गया तीर्थ है। पंचवटी के पुल के पास सुन्दरनारायण भगवान की मूर्ति है। यहां के प्रसिद्ध अन्य मंदिर निम्न हैं- उमा महेश्वर, नील कण्ठेश्वर, पंचरत्नेश्वर, गोराराम मंदिर, मुरलीधर, तिलभाण्डेश्वर, भद्रकाली, एकमुखदन्त एवं मुक्तेश्वर की अत्यन्त सुंदर कलापूर्ण मंदिर हैं। जहां गोदावरी में कपिला नामक नदी मिलती है वही तपोवन है। यहीं शूर्पणखा की नाक लक्ष्मण ने काटी थी। यहां आठ तीर्थ हैं- ब्रह्म तीर्थ, शिव तीर्थ, विष्णु तीर्थ, अग्नि तीर्थ, मुक्ति तीर्थ, कपिला तीर्थ और संगम तीर्थ। इन तीर्थों के पास कई मंदिर हैं। नासिक से दस किमी की दूरी पर गंगापुर प्रपात है लेकिन अब यह प्रप्रात लुप्त हो गया है लेकिन यहां अनेक छोटे-छोटे तीर्थ हैं। थोड़ी दूरी पर सीता सरोवर है जहां चार-पांच कुण्ड हैं। नासिक से कुछ दूरी पर हाकली गांव में समर्थ रामदास द्वारा स्थापित हनुमान जी की मूर्ति है जो गोबर द्वारा निर्मित है। थोड़ी दूर पहाड़ी पर रामशैय्या है। वहां दो-तीन गुफाएं हैं। पाण्डव गुफा नासिक से कुछ दूरी पर है। यहां कुल 23 गुफाएं हैं। यहां हर गुफा में बुद्ध की मूर्ति है। तीफाड़ तहसील में मृगव्याधेश्वर शिव मंदिर हैं। कहते हैं भगवान राम ने मारीच को यहीं मारा था। नासिक से 40 किमी की दूरी पर जटायु क्षेत्र है जहां जटायु का अंतिम संस्कार किया गया था।

❖ प्रीटी

वर्कआउट के बाद जरूर खानी चाहिए यें चीजें, शरीर को मिलेगा भरपूर पोषण

व्यायाम और एक्सरसाइज के बाद शरीर को सही पोषण देना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि एक्सरसाइज के बाद सही पोषण आपकी तंदुरुस्ती और स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। हम आपको 10 पोस्ट वर्कआउट मील के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपके शरीर को बेहतर रिकवरी देने का काम करते हैं। व्यायाम और एक्सरसाइज के बाद शरीर को सही पोषण देना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि एक्सरसाइज के बाद सही पोषण आपकी तंदुरुस्ती और स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। एक्सरसाइज के बाद सही पोस्ट वर्कआउट भोजन खाने से आपके शरीर की मांसपेशियों का निर्माण होने के साथ उन्हें ऊर्जा मिलती है। जिससे आपकी पुनर्वास गति अच्छी होती है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपने डेली रूटीन में एक्सरसाइज को शामिल करना चाहिए। साथ ही एक्सरसाइज के बाद पोस्ट वर्कआउट मील्स जरूर करना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 10 पोस्ट वर्कआउट मील के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपके शरीर को बेहतर रिकवरी देने का काम करते हैं।



प्रोटीन शेक : एक्सरसाइज करने के बाद प्रोटीन शेक पीना एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। यह आपके शरीर को त्वरित रूप से प्रोटीन पहुंचाने का काम करता है। साथ ही आपके शरीर की मांसपेशियों की मरम्मत करने में मदद करता है।

स्टीम्ड वेजिटेबल्स और ग्रिल्ड चिकन : स्वादिष्ट और स्वस्थ स्टीम्ड वेजिटेबल्स के साथ ग्रिल्ड चिकन खाना चाहिए। इससे आपके शरीर को प्रोटीन, फाइबर और पोटैशियम मिलता है।

ओटमील और ड्राई फ्रूट्स : ओटमील में फाइबर और कार्बोहाइड्रेट्स पाया जाता है। यह आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। वहीं ड्राई फ्रूट्स में मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स भी आपके शरीर के लिए अच्छा होता है।

ग्रीक योगर्ट और बेरीज : ग्रीक योगर्ट में प्रोटीन पाया जाता है। वहीं बेरीज में एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। ग्रीक योगर्ट और बेरीज के सेवन से आपके शरीर को रिकवरी में मदद मिलती है।

खिचड़ी : बता दें कि खिचड़ी आसानी से पकने वाला भोजन है। खिचड़ी में कार्बोहाइड्रेट्स और प्रोटीन पाया जाता है। यह आपके शरीर को वर्कआउट करने के बाद आराम पहुंचाने में मदद करता है।

तिल के लड्डू : तिल के लड्डू में प्रोटीन और ईश्वरीय तत्व पाए जाते हैं। तिल के लड्डू शरीर की मांसपेशियों को मजबूती देने का काम करते हैं।

ब्राउन राइस और तरकारी : ब्राउन राइस में मौजूद कार्बोहाइड्रेट्स आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करने का काम करता है। वहीं तरकारी में विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

अंडा भुर्जी : बता दें कि अंडा भुर्जी में प्रोटीन और विटामिन डी पाया जाता है। अंडा भुर्जी मांसपेशियों की निर्माण करने में मदद करता है।

मूंगफली और छाछ : मूंगफली में प्रोटीन और छाछ में प्रोबायोटिक्स पाया जाता है। यह आपके पाचन क्रिया में सुधार करता है और शरीर की रिकवरी को बढ़ावा देता है।

सूप : आप सूप में तरह-तरह की सब्जियां डाल सकती हैं। यह आपके शरीर को विभिन्न पोषक तत्व प्रदान कर सकती हैं। सूप आपके शरीर को रिकवरी तेजी से बढ़ावा देता है।

❖ अनन्या मिश्रा

शादी डॉट कॉम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

चश्मा आँखों पर कम नाक पर ज्यादा चढ़ा था। इससे साफ पता चलता था कि बंदा पढ़ा-लिखा था। ऊपर से सड़कों से ज्यादा माथे पर सिलवटों के स्पीड ब्रेकर साफ दिखाई देते थे। मतलब वह विवाह के लिए तैयार बिटिया का पिता था। गंवारों की बिटिया जितनी जल्दी बियाह दी जाती हैं, पढ़े-लिखों की बिटिया प्रोफाइल जीवनसाथी डॉट कॉम में उतनी ही देर तक लंबित रहती हैं। मनचाही मुराद और मिस्टर परफेक्टनिस्ट दामाद ये दोनों क्षितिज की तरह होते हैं। यानी ये दोनों भ्रम हैं। एक दिन जीवनसाथी डॉट कॉम से फोन आया। फोन भी ऐसा आया कि जीवन डॉट से ज्यादा डाउट और साथी कॉम से ज्यादा कॉमा लग रहा था। पिता को साथी के साथ कॉमा पसंद था। चुनने के विकल्प जो मिलते थे, वहीं बेटी को अपने भविष्य को लेकर जीवन में बहुत डाउट थे। कुल मिलाकर पिता सुनहरे जीवन और बेटी बेजोड़ साथी की तलाश में जीवनसाथी वेबसाइट पर नाक रगड़ रहे थे। नाक रगड़ने का परिणाम यह हुआ कि बिटिया की उम्र तीस पार हो गई।

तीस पार की लड़की का पिता मनचाहा की जगह समझौता मिजाज हो जाता है। एक दिन एक रिश्ता आया। लड़का खूब पैसों वालों का इकलौता वारिस था, बालों के नाम पर गंजा कहलाता था। शहर में दो-चार कोठियाँ-दुकानें थीं, शरीर के नाम पर सिर और कमर के बीच पिजा-बर्गर का गोल गुंबज था। पानी के नाम पर थोक में कोक पीता था। लड़की समझ नहीं पा रही थी कि इस रिश्ते को जोक मानकर हँसे या शोक मानकर रोए। इसी जोक और शोक के बीच लड़की का पिता कूदा। बेटी को लड़के से अकेले में बात करने के लिए भेजा। शर्त यह थी कि लड़की कुछ नहीं कहेगी। हुआ वही जो होना था। लड़के को लड़की पसंद थी। लेकिन लड़की को लड़का नहीं। लेकिन पिता को अब इस बात की कोई परवाह नहीं थी। उसने बिटिया को समझाया झ एक जमाना था शादी लडके और खानदान को देखकर की जाती थी, अब बैंक बैलेंस और कोठी देखकर की जाती है। दो दिन की चमड़ी के लिए चार दिन की संपत्ति थोड़े न छोड़ते हैं। उसकी सूरत और सीरत को छोड़ दौलत को देख। खुशियों की खुशबू दौलत के बगीचे में बसती है। कौनसा वह मूर्ख है जिसे तुझे कालीदास बनाना है। खुद इंटर पास है लेकिन नौकर-चाकर पीजी पास हैं। ज्यादा पढ़ने से कुछ नहीं होता। ज्ञान तो सड़क पर रोता है। ज्ञानी आज अज्ञानियों के यहाँ नौकरी कर रहे हैं। करोड़ में कितने शून्य होते हैं, यह पढ़ने-पढ़ाने और दिखावे की बाते हैं। तिजोरी में कितने रुपए हैं, वही हमारी औकात बताते हैं। लड़की संस्कार से मजबूर थी। पिता का कहा कैसे टालती? शादी हुए चार सा बीत गए हैं। न बच्चा है न कच्चा है। भविष्य के उत्तराधिकारी की बाट जोह रहे हैं।

कमर दर्द का कारण कोई भी हो, राहत के लिए ये प्रभावी उपाय

कोई भी महिला अपने जीवन में कई जिम्मेदारियां निभाती और कई तरह की भूमिकाओं में खुद को ढालती है। लेकिन इन्हीं जिम्मेदारियों में साथ उन्हें कई तरह की शारीरिक समस्याएं भी हो जाती है। अगर आपको भी ऑफिस या घर में काम करते समय कभी कमर दर्द जैसी शारीरिक समस्या हुई है, तो उससे होने वाली तकलीफ आपसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता। कभी घर में किसी ऊंची अलमारी से कुछ निकालते समय या कभी ऑफिस में जमीन पर गिरे हुए फाइल या पेन को उठाते समय, तब आपके कमर में आई मोंच या खिंचाव के द्वारा पैदा हुए कमर दर्द को खत्म करने के लिए आपके घर में मौजूद कुछ घरेलू चीजे ही आपकी मदद कर सकतीं हैं।

कमर दर्द से राहत पाने के लिए आजमाएं ये सुपर इफेक्टिव रेमेडीज : कमर दर्द दूर करने के लिए आपके घर में ही रखी चीजे आपकी मदद कर सकती हैं। कमर दर्द को दूर भगाने के लिए ये उपाय दादी- नानी के समय से चले आ रहे है और ये घरेलू नुस्खे काफी हद तक अब भी अपना काम बखूबी करते हैं।

अजवाइन है बेहद फायेमंद : कैरम सीड्स के नाम से जाने जानी वाली अजवाइन में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। अजवाइन में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, मिनरल्स, जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं, जो सेहत को बहुत से स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं और कमर दर्द जैसे समस्याओं में भी मदद कर सकती हैं। अजवाइन से कमर दर्द में फायदे पाने के लिए आप अजवाइन को कई तरह से प्रयोग कर सकती हैं। अगर आप एक गिलास पानी में अजवाइन को डालकर उसे रात के समय भिगो देतीं हैं, तो सुबह उठकर उस पानी को पीने से कमर दर्द में राहत मिल सकती है।

हल्दी में हैं शानदार औषधीय गुण : हल्दी एक प्राकृतिक औषधि है जिसमें कर्कुमिन, विटामिन उ, विटामिन ए, फाइबर, आयरन, पोटैशियम, और कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। हल्दी का नियमित उपयोग स्वास्थ्य के बहुत सारे पहलुओं को सुधार सकता है, जिसमें कमर दर्द भी शामिल है। कमर दर्द से छुटकारा पाने के लिए हल्दी को गरम दूध में मिलाकर पीने से आराम मिल सकता है।

नारियल का तेल मिटाएगा दर्द : नारियल तेल में लॉरिक एसिड नाम का एक प्रमुख तत्व होता है जो नारियल तेल को स्वास्थ्यपूर्ण बनाता है। साथ ही नारियल तेल में विटामिन ई, विटामिन के, आयरन, पोटैशियम, और मैग्नीशियम भी मौजूद होते है, जिनके कारण इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है। यह तेल कमर के दर्द मिटाने में भी सहायक होता है, कमर दर्द में नारियल के तेल को गर्म कर-के मालिश करने पर दर्द में आराम मिलता है और चूंकि नारियल की तासीर ठंडी होती है, इसलिए गर्मी के मौसम में इसके सेवन से भी आपको आराम मिलता है।

अदरक से भी कम होगा दर्द : अदरक एक पौष्टिक औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसमें कई पोषक तत्व होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। अदरक में जिंजरोल्स नाम के मुख्य औषधीय तत्व होते हैं जिनमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। अदरक से दूर हो सकता है कमर दर्द। साथ ही अदरक में विटामिन सी, विटामिन बी6, पोटैशियम, मैग्नीशियम, और कैल्शियम पौष्टिक तत्व भी होतें हैं। अदरक कमर दर्द में भी काफी आराम देती है। कमर दर्द के दौरान अगर गर्म तेल में अदरक मिलाई जाएं और उसके बाद मालिश की जाए तो दर्द में बहुत फायदा होता है।

आराम न हो, तो करें डॉक्टर से कंसल्ट : कमर दर्द कभी-कभी डिस्क संबंधी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है। इसलिए अगर आराम और घरेलू नुस्खे आजमाने के बाद भी इससे राहत न मिले, तो आपको डॉक्टर को जरूर दिखाना चाहिए। डॉक्टर आपकी स्थिति देखकर आपको सही राय के साथ दवाइयां भी मुहैया करवाएंगे।

सूडोकु नवताल- 6829

★★★★☆ मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6828 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

दैनिक पंचांग

21 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	कन्या	05.32 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	तुला	07.47 बजे से
मंगल	कन्या में	वृश्चिक	10.02 ब.से
बुध	सिंह में	धनु	12.18 बजे से
गुरु	मेष में	मकर	14.23 बजे से
शुक्र	कर्क में	कुंभ	16.09 बजे से
शनि	कुंभ में	मीन	17.42 बजे से
राहु	मेष में	मेष	19.13 बजे से
केतु	तुला में	वृष	20.53 बजे से
		मिथुन	22.51 बजे से
		कर्क	01.04 बजे से
		सिंह	03.20 बजे से

राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक

गुरुवार 2023 वर्ष का 264 वां दिन
दिशाशूल दक्षिण **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
तिथि षष्ठी 14.15 बजे को समाप्त।
नक्षत्र अनुराधा 15.35 बजे को समाप्त।
योग प्रीति 01.44 बजे रात्र को समाप्त।
करण तैतिल 14.15 बजे तदनन्तर गर 02.00 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 05.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 00° 53'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871743
जूलियन दिन 2460208.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना रवि उलावल
तारीख 05
विशेष स्कन्द षष्ठी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7891



बाएँ से दाएँ

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफन किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

ऊपर से नीचे

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

शब्द पहेली -7890 का हल

आ	म	रा	य		सा	व	धा	न
रा		ह	म	स	फ	र		फ
ध	न			ली			का	र
ना	क		ना	का	रा		न	त
	ब	हा	र		श	र	भ	
खो	ज		द	ह	न		र	म
फ	न			र			ना	न
ना		स	र	फ	रो	श		च
क	र	त	ब		ना	मा	ब	ली

आज का राशिफल

मेष राशि : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

वृष राशि : अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

मिथुन राशि : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

कर्क राशि : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

सिंह राशि : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

कन्या राशि : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

तुला राशि : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा।

वृश्चिक राशि : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

धनु राशि : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशि : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ राशि : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

मीन राशि : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

पीएम 25 को जाएंगे भोपाल, कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को भोपाल आएंगे। उनकी भोपाल यात्रा के लिए जारी तैयारियों के संबंध में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी प्राप्त की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी जम्बूरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करने भोपाल पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने राजकीय विमानतल पर हुई बैठक में कहा कि वर्षा की संभावना को देखते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए तथा यातायात और पार्किंग व्यवस्था योजनाबद्ध रूप से की जाए। बैठक में पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, जन-प्रतिनिधि भगवान दास सबनानी, सुमित पचौरी, भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह, पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

दगडूशेठ गणपति पंडाल में 31,000 महिलाओं ने अथर्वशीर्ष का किया जाप

पुणे (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के पुणे में प्रसिद्ध दगडूशेठ गणपति पंडाल में 31,000 से अधिक महिलाओं ने अथर्वशीर्ष का पाठ किया। अथर्वशीर्ष, संस्कृत में रचित एक लघु उपनिषद है, जो ज्ञान और बुद्धि के देवता भगवान श्री गणेश को समर्पित है। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति ट्रस्ट के अनुसार, यह उनके गणेश उत्सव समारोह में अथर्वशीर्ष के वार्षिक पाठ का 36वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कपड़े पहने 31,000 महिलाएं दगडूशेठ गणपति पंडाल के सामने एकत्र हुईं और अथर्वशीर्ष का जाप किया। इस साल पंडाल की थीम अयोध्या के निमार्णाधीन राम मंदिर की प्रतिकृति है।

मानवाधिकार सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय का नैतिक दायित्व : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि संहिताबद्ध कानून से भी अधिक, हर मायने में मानवाधिकार सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय का नैतिक दायित्व है। राष्ट्रपति बुधवार को यहां मानवाधिकार पर एशिया प्रशांत फोरम की वार्षिक आम बैठक और द्विवार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी से आग्रह किया कि वे मानवाधिकारों के मुद्दे को अलग-थलग न करें और प्रकृति की देखभाल पर भी उतना ही ध्यान दें, जो मानव के अविवेक से बुरी तरह आहत है। उन्होंने कहा कि भारत में हम मानते हैं कि ब्रह्मांड का प्रत्येक कण दिव्यता की अभिव्यक्ति है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, हमें प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपने प्रेम को फिर से जगाना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि मनुष्य जितना अच्छा निर्माता है उतना ही अच्छा विध्वंसक भी है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार यह ग्रह छठे विलुप्त होने के चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां मानव निर्मित विनाश, अगर नहीं रोका गया, तो न केवल मानव जाति बल्कि पृथ्वी पर अन्य जीवन भी नष्ट हो जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हुई कि सम्मेलन में एक सत्र विशेष रूप से पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के विषय पर समर्पित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन एक व्यापक घोषणापत्र लेकर आएगा जो मानवता और ग्रह की बेहतरी का मार्ग प्रशस्त करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संविधान ने गणतंत्र की स्थापना के बाद से सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया और हमें लैंगिक न्याय और जीवन एवं सम्मान की सुरक्षा के क्षेत्र में कई मूक क्रांतियों को शुरू करने में सक्षम बनाया। हमने स्थानीय निकायों के चुनाव में महिलाओं के लिए न्यूनतम 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है और एक सुखद संयोग में राज्य विधानसभाओं और संसद में महिलाओं के लिए समान आरक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव अब आकार ले रहा है। उन्होंने साझा किया कि यह हमारे समय में लैंगिक न्याय के लिए सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत मानवाधिकारों में सुधार के लिए दुनिया के अन्य हिस्सों में सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने के लिए तैयार है जो एक चालू परियोजना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनियाभर के मानवाधिकार संस्थानों और हितधारकों के साथ विचार-विमर्श और परामर्श के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहमति विकसित करने में एशिया प्रशांत क्षेत्र फोरम की बड़ी भूमिका है।

सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की भी उम्र तय हो : कर्नाटक हाईकोर्ट

बच्चे इसके इतने आदी हो गए हैं कि इसमें एक आयु सीमा होनी चाहिए

आरएनएम। नई दिल्ली

कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस नरेंद्र ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र को लेकर कहा कि केंद्र सरकार को देश में सोशल मीडिया के उपयोग के लिए आयु सीमा तय करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं। ऐसे में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की उम्र तय होना वरदान साबित होगा। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस नरेंद्र ने मौखिक रूप से कहा, सरकार को सोशल मीडिया के इस्तेमाल के लिए एक आयु सीमा लाने पर विचार करना चाहिए। जब कोई यूजर रजिस्ट्रेशन करेगा तो उसे कुछ जानकारी देनी होगी, ठीक उसी तरह जैसे ऑनलाइन गेमिंग में होता है, जहां एक उचित आयु सीमा से कम व्यक्ति शामिल नहीं हो सकता है। आप इसे यहां भी क्यों नहीं बढ़ाते ? यह एक वरदान होगा।

यह मामला तब सामने आया जब केंद्र सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि कानून में अब कुछ ऑनलाइन गेम तक पहुंचने से पहले उपयोगकर्ता के पास आधार और अन्य दस्तावेज होना आवश्यक है। अदालत ने तब पूछा कि ऐसी चीजों को सोशल मीडिया तक भी क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह सही होगा कि शराब पीने की कानूनी उम्र की तरह सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की भी उम्र तय कर दी जानी चाहिए। जस्टिस जी नरेंद्र ने कहा, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाएं। मैं आपको बताऊंगा कि बहुत कुछ अच्छा होगा। आज के स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं। मुझे लगता है कि आबकारी नियमों की तरह इसकी भी एक उम्र सीमा तय होनी चाहिए। जस्टिस नरेंद्र ने आगे कहा, आज स्कूल जाने वाले बच्चे इसके इतने आदी हो गए हैं। मुझे लगता है कि इसमें एक आयु सीमा होनी चाहिए, जैसे कि कस्टम नियमों में है। बच्चे 17 या 18 साल के हो सकते हैं, लेकिन क्या उनमें यह निर्णय लेने की परिपक्वता है कि देश के हित में क्या है और क्या नहीं? केवल सोशल मीडिया पर ही नहीं, इंटरनेट पर भी ऐसी चीजें हटा देनी चाहिए, जो दिमाग को भ्रष्ट करती हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट में दो न्यायाधीशों की बेंच कुछ सोशल मीडिया अकाउंट और ट्वीट्स को ब्लॉक करने के केंद्र के आदेश को दी गई चुनौती को खारिज करने के खिलाफ (ट्विटर) की अपील पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस जी नरेंद्र और जस्टिस विजय कुमार ए पाटिल की बेंच ने ये बातें, दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहीं। अदालत ने पहले केंद्र सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया कंपनी की याचिका खारिज कर दी थी और आदेशों का पालन नहीं करने पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

राजस्थान में चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

पीएम, खड़गे व राहुल की होंगी जनसभाएं

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के सक्रिय होने से चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी है और अगले चार-पांच दिन में राजधानी जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जनसभाएं होने वाली हैं वहीं जेजेपी की सीकर में बड़ी रैली होगी जबकि आम आदमी पार्टी एवं अन्य दल भी अभियान एवं यात्रा के माध्यम से जनता का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास करेंगे।

राजस्थान में विस चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रदेश में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाल रही है और गत दो से पांच सितंबर तक लगातार चारों दिशाओं में अलग अलग स्थानों से चार परिवर्तन यात्राओं को रवाना किया गया और अब इनका समापन 19 से 22 सितंबर के बीच हो रहा है। इन चारों यात्राओं के समापन पर मुख्य कार्यक्रम 25 सितंबर को जयपुर में रखा गया जिसमें मोदी शरीक होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी के अनुसार इस अवसर पर मोदी की जयपुर के सूरजपुरा (वाटिका) में जनसभा होगी जहां भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों से लेकर बूथ अध्यक्ष तक के कार्यकर्ता भाग लेंगे और एक विशाल जनसभा होगी जिसमें पार्टी के सभी नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि चुनाव के मद्देनजर मोदी का ध्यान राजस्थान पर पिछले कई महीनों से है और वे पिछले करीब एक साल में गत वर्ष सितंबर से अब तक प्रदेश के आठ दौरे कर चुके हैं। उन्होंने इस दौरान सिरोही जिले के आबू रोड, बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, भीलवाड़ा, दौसा, नाथद्वारा और आबू रोड, अजमेर, बीकानेर एवं सीकर में जनसभाएं की हैं। इसी तरह कांग्रेस के कई शीर्ष नेता भी कई बार राजस्थान का दौरा कर चुके हैं और 23 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस के नवीन भवन के शिलान्यास के अवसर पर खड़गे और राहुल गांधी का दौरा फिर से हैं और वे इस दौरान नए भवन का शिलान्यास करेंगे।

लोकसभा के साथ विधानसभा सभा में आरक्षण का मामला

एससी/एसटी आरक्षण पर सुनवाई 21 नवंबर को

आरएनएम। नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति (एससी) व अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों को मिले आरक्षण को संविधान में दी गई 10 साल की मियाद से आगे बढ़ाने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 21 नवंबर को सुनवाई की तारीख दे दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की संविधान बेंच ने कहा कि वह 104वें संविधान संशोधन अधिनियम की वैधता पर सुनवाई करेगी। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एससी व एसटी समुदायों के लिए आरक्षण अगले 10 के लिए बढ़ाया गया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह पिछले संशोधनों के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को विस्तार दिए जाने की वैधता पर विचार नहीं करेगी। डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संवैधानिक बेंच में जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

बेंच ने कहा कि एंग्लो इंडियन का आरक्षण संविधान के लागू होने के 70 वर्ष पूरे होने के बाद समाप्त हो चुका है, इसलिए 104वें संशोधन की वैधता एससी और एसटी समुदायों पर लागू होने तक ही सीमित होनी चाहिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सीए सुंदरम ने कहा कि मुद्दा ये है कि क्या आरक्षण की अवधि बढ़ाने वाले संवैधानिक संशोधनों से संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन हुआ है। संविधान के अनुच्छेद 334 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों के आरक्षण और मनोनयन के जरिये एंग्लो इंडियन समुदाय के विशेष प्रतिनिधित्व का विशेष प्रावधान एक निश्चित अवधि के बाद समाप्त हो जाएगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने संसद व राज्य विधानसभाओं में एससी/एसटी समुदायों को आरक्षण प्रदान करने वाले 79वें संविधान संशोधन अधिनियम 1999 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दो सितंबर 2003 को मामले को पांच न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था।

भारतीय स्वच्छता लीग 2.0 में 4000 से अधिक शहरों की टीमें शामिल हुई

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय स्वच्छता लीग (आईएसएल) के दूसरे संस्करण में 4000 से अधिक शहरों की भागीदारी के साथ स्वच्छ भारत मिशन-शहरी को नई गति मिली है। आईएसएल स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए शहरों के बीच युवाओं के नेतृत्व वाली एक अनूठी पहल है। आईएसएल के भाग के रूप में, अलग-अलग शहर की टीमें स्वच्छता चैंपियन के रूप में समुद्रतटों, पर्यटन स्थलों और पहाड़ियों की उत्साहपूर्वक सफाई कर रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) के तहत 2022 में आईएसएल का उद्घाटन संस्करण आज एक बड़ी सफलता साबित हुआ। शहरों को कचरा मुक्त बनाने के लिए इस अभियान में पचास हजार स्वयंसेवक शामिल हुए हैं।

स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा 2023 का आयोजन 15 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच किया जा रहा है। 2 अक्टूबर का यह दिन महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी) के रूप में मनाया जाता है। आईएसएल, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और स्वच्छता दिवस इस स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई के अलग-अलग अभियान हैं। आईएसएल 2.0 के लिए शहरों ने सिटी टीम के दिलचस्प नाम चुने हैं। इसके लिए टीम के कप्तानों और राजदूतों के जो नाम चुने गए उनमें शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, प्लॉगमैन रिपुदमन बेवली, पेडलर स्वस्तिका घोष, रामवीर तंवर, डिफेंडिंग चैंपियन चंडीगढ़ चैलेंजर्स, हुनसूर हीरोज, विक्टमसिंगापुरम, डांडेली स्वच्छता वॉरियर्स, कुश्तगी चैंपियंस और अर्सिकेरे आर्मी शामिल हैं। ये पंजीकरण कराने वाली पहली टीमों में से थी। स्वच्छता के लिए जन आंदोलन और आईएसएल 2.0 की थीम पर शहरों में प्रभावी स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं और सुंदर भित्ति चित्र स्थापित किए गए। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की मानव श्रृंखलाएं भी बनाई गईं।

असम-नागालैंड सीमा पर सड़क दुर्घटना में दस लोगों की मौत

गुवाहाटी। असम-नागालैंड सीमा क्षेत्र के मारियानी इलाके में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम के जोरहाट जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक वाहन कोहिमा से मरियानी आ रहा था जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों वाहन गहरी खाई में गिर गए। ट्रक के ड्राइवर और उसके सहायक की हालत गंभीर है। अधिकारी ने कहा, दुर्घटना नागालैंड की ओर हुई। भारी बारिश हो रही थी और शायद कम दृश्यता के कारण दोनों वाहन 200 मीटर गहरी खाई में गिर गए। इस बीच, पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और बचाव अभियान जारी है।

एस. जयशंकर ने कनाडा मुद्दे पर प्रधानमंत्री को दी जानकारी : सूत्र

एजेंसी। नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच राजनयिक गतिरोध के मद्देनजर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पीएम मोदी को घटनाक्रम से अवगत कराया है। सूत्रों के मुताबिक, जयशंकर ने संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री से मुलाकात की और समझा जाता है कि उन्होंने उन्हें कनाडा से जुड़े घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध तब सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए जब 18 सितंबर को कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी संसद में आरोप लगाया था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां? भारत सरकार के एजेंटों और जून में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तान टाइगर फोर्स प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों की जाचं सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने उसी दिन कहा था कि एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया गया है। भारत ने मंगलवार को कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित करते हुए ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका और प्रेरित' बताया था। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त (कैमरून मैके) को मंगलवार (19 सितंबर) को समन कर भारत सरकार ने वर्तमान में देश में तैनात एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के अपने फैसले से अवगत कराया।

पहल | वायु सेना की हथियार प्रणाली शाखा को पहली बार सरकार से मिली मंजूरी

133 महिला अग्निवीर ले रहीं ट्रेनिंग

अतिरिक्त रक्षा अताशे के रूप में तैनात होंगे वायु सेना अधिकारी

एजेंसी। नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि देश की आजादी के बाद पहली बार भारतीय वायुसेना की हथियार प्रणाली शाखा (वेपन सिस्टम ब्रांच) को सरकार से मंजूरी मिल गई है। अब भारतीय वायु सेना आर्मेनिया, स्पेन और आइवरी कोस्ट में अतिरिक्त रक्षा अताशे के रूप में अपने अधिकारियों को तैनात करेगी। इसी तरह अमेरिकी प्रशांत वायु कमान में भी संपर्क अधिकारी के रूप में वायु सेना का एक प्रतिनिधि तैनात किया जाएगा।

वायु सेना प्रमुख चौधरी बुधवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि सरकार से पहली बार वायु सेना को अपनी हथियार प्रणाली शाखा की स्थापना करने के लिए मंजूरी मिली है। इस शाखा में शामिल होने को लेकर उम्मीदवारों के चयन के लिए कुछ सप्ताह पहले एएफसीएटी परीक्षा आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि लगभग 33 अधिकारियों का पहला बैच अगले साल की शुरूआत में अकादमी में शामिल होगा और अगले साल के अंत में हथियार प्रणाली के रूप में कमीशन प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि इस समय 155 महिला अग्निवीर बेलगाम (कर्नाटक) के भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रही हैं।

क्या है वेपन सिस्टम ब्रांच?

वायुसेना में अभी तक तीन ब्रांच का परिचालन होता है, जिनमें फ्लाइंग ब्रांच, टेक्निकल ब्रांच और ग्राउंड ड्यूटीज ब्रांच हैं। आजादी के बाद पहली बार वायुसेना में चौथी एवं एक नई परिचालन हथियार प्रणाली शाखा का गठन किया जा रहा है। यह ब्रांच विमानों में हथियार प्रणाली का संचालन करेगी। इस ब्रांच की चार सब स्ट्रीम बनाई गई हैं, जो फ्लाइंग, रिमोट, इंटेलिजेंस व सरफेस हैं। वेपन सिस्टम ब्रांच की फ्लाइंग स्ट्रीम ट्विन-सीट या मल्टी-क्रू एयरक्राफ्ट में सिस्टम ऑपरेटर शामिल होंगे। रिमोट स्ट्रीम पायलट रहित विमानों व ड्रोन के लिए होगा। इंटेलिजेंस सब-स्ट्रीम में इमेज खुफिया जानकारियों का विश्लेषण, इंफॉर्मेशन वारफेयर स्पेशलिस्ट और रिमोट-पायलट एयरक्राफ्ट और स्पेस-बेस्ड सिस्टम के लिए सिग्नल इंटेलिजेंस ऑपरेटर शामिल होंगे। इसी तरह सरफेस स्ट्रीम सतह से हवा में लक्षित हथियारों और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के लिए कमांडरों और ऑपरेटरों को नियुक्त करेंगी।

FILMY हलचल

अभिनेता गोविंदा ने किया खुलासा, पिछले साल छोड़ा था 100 करोड़ का प्रोजेक्ट

गोविंदा 90 के दशक के लोकप्रिय अभिनेता के रूप में जाने जाते हैं। एक समय सुपरहिट फिल्में देने वाले इस अभिनेता ने पिछले कई सालों से बॉलीवुड से दूरी बना ली है। गोविंदा ने हाल ही में गणेश चतुर्थी के मौके पर पैपराजी से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि पिछले साल उनका करीब 100 करोड़ का प्रोजेक्ट रिजेक्ट हो गया था। गोविंदा अपने परिवार के साथ गणेश चतुर्थी मना रहे हैं। उन्होंने पैपराजी से बातचीत में कहा, मैं हर काम बहुत सोच समझकर चुनता हूं। मैं किसी भी ऑफर को हल्के में नहीं लेता। मेरे इस स्वभाव के कारण कई लोग सोचते हैं कि मुझे काम नहीं मिल पाएगा, लेकिन यह बिल्कुल गलत है। मुझे सचमुच बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त है। मैंने पिछले साल 100 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट छोड़ दिया था, क्योंकि जो काम मुझे सही लगता है, मैं उसे स्वीकार कर लेता हूं। गोविंदा ने फिर मजाक में कहा कि मैं शीशे के सामने खड़े होकर खुद को थप्पड़ मार रहा था। वे मुझे पहले ही बहुत सारा भुगतान करने को तैयार थे। मैं ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहता हूं जो मेरे दिल के अनुकूल हों और एक निश्चित स्तर की हों।

'खालिस्तान' के समर्थन की खबर के बाद रैपर शुभ का 'स्टिल रोलिन इंडिया टूर' रद्द

कनाडाई रैपर शुभ (शुभनीत सिंह) खालिस्तान के कथित समर्थन के बाद मुसीबत में फंस गए हैं, जिसके कारण भारत में उनका 'स्टिल रोलिन' दौरा रद्द हो गया है। टिकट बुकिंग एप्लिकेशन बुक माय शो ने एक्स पर घोषणा की कि पंजाब में जन्मे 26 वर्षीय कनाडाई रैपर का मल्टी-सिटी 'स्टिल रोलिन इंडिया टूर' रद्द कर दिया गया है। बुक माय शो ने 7-10 दिनों के भीतर टिकटों का पूरा रिफंड देने का भी वादा किया। पोस्ट में लिखा, "भारत में होने वाला स्टिल रोलिन टूर रद्द कर दिया गया है। इसके लिए, बुक माय शो ने उन सभी कंज्यूमर्स के लिए टिकट अमाउंट रिफंड करना शुरू कर दिया है, जिन्होंने शो के लिए टिकट खरीदे थे।" रिफंड कस्टमर के ऑरिजनल ट्रांजैक्शन के सोर्स अकाउंट में 7-10 वर्किंग डे के भीतर दिखाई देगा।

NEWS इन ब्रीफ

जान दे देंगे, लेकिन नहीं खाली करेंगे हॉस्टल नंबर-4

रांची। रांची विश्वविद्यालय के हॉस्टल नंबर चार को खाली करवाने की प्रशासन की कोशिश नाकाम हो गयी। हॉस्टल खाली करवाने गयी प्रशासन की टीम को सीधे मना कर दिया। छात्रों ने एक सुर में स्पष्ट कर दिया कि जान दे देंगे, लेकिन वे हॉस्टल खाली नहीं करेंगे। वहीं प्रशासन की टीम ने हॉस्टल खाली करवाने के लिए कल(गुरुवार) को फिर आने की बात कही है। हॉस्टल नंबर चार में लगभग 100 छात्र रहते हैं। दरअसल झारखंड शिक्षा विभाग और सीसीएल के सहयोग से एक लाइब्रेरी बननी है। जिसके लिए रांची विश्वविद्यालय के जमीन को चिंहित किया गया है। लगभग एक सप्ताह से हॉस्टल नंबर चार के पास की खाली जमीन की साफ सफाई की जा रही है। इसी दौरान हॉस्टल को भी तोड़ने की बात कही जा रही है। हॉस्टल में रहने वाले छात्र गरीब परिवार से हैं। हॉस्टल में रहने वाले छात्रों का कहना है कि ये विश्वविद्यालय की जमीन है और इस पर लाइब्रेरी रांची विश्वविद्यालय बनाए।

पिछड़ा वर्ग का शिष्टमंडल राज्यपाल व सीएम को सौपेंगा ज्ञापन

रांची। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा की बैठक पूर्व मंत्री लालचंद महतो की अध्यक्षता में अमरवती अपार्टमेंट में हुई। मौके पर उन्होंने कहा कि बीते दिनों राजभवन भवन के समीप होने वाले धरना कार्यक्रम को डुमरी उपचुनाव की वजह से स्थगित किया गया था। जिसमें निर्णय लिया गया है कि पिछड़ा वर्ग के 21 जाति के मुख्य लोगों का शिष्टमंडल लंबित मांगों का ज्ञापन राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि लोकसभा में महिलाओं का आरक्षण पास किया गया, उसका स्वागत करते हैं और आरक्षण के संबंध में जो बातें हुई वह स्वागत योग्य है। किंतु भाजपा नेता उमा भारती ने जो कहा, उससे मुझे डर है कि यह 33 फीसदी आरक्षण उस वर्ग को चला जायेगा, जो बस मनोनित होंगे।

जूनियर बन गए एसपी, सीनियर कर रहे डीएसपी के पद पर काम

रांची। एंटी करप्शन ब्यूरो यानी एसीबी में जूनियर अफसर एसपी के पद पर पदस्थापित हैं, जबकि, सीनियर आईपीएस बनने के बाद भी डीएसपी के पद पर काम कर रहे हैं। सरकार ने पिछले सप्ताह डीएसपी से एसपी बने 2017 बैच के कैलाश करमाली और आरिफ एकराम को एसपी के पद पर पदस्थापित किया है। वहीं दूसरी तरफ 2014 बैच के आईपीएस सादिक अनवर रिजवी और 2016 बैच के सहदेव साव डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। पिछले महीने सरकार ने 24 डीएसपी को आईपीएस रैंक में प्रोन्नति दी थी। इनमें से 16 अफसरों को एसपी रैंक के पद पर पदस्थापित किया जा चुका है। जबकि आठ अफसर अब भी डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। जिनमें अरविंद कुमार सिंह, सादिक अनवर रिजवी, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजुर, अजय कुमार सिन्हा, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह और मुकेश कुमार शामिल हैं।

राष्ट्रीय कृषि प्रसंस्करण संस्थान के 100वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

कृषि की राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम, रांची के 100वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस संस्थान ने हमारे देश में कृषि विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीएआर-एनआईएसए की सफलता इसके वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं व कर्मियों के समर्पित प्रयासों से ही संभव हो सका। कृषि के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई सफलताए और प्रगति हुई हैं जिससे हमारे देश व दुनिया को लाभ हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान द्वारा न केवल पारंपरिक व नए मेजबान पौधों का उपयोग करके कुसुमी और लाह की खेती, संग्रह एवं प्रसंस्करण के वैज्ञानिक पद्धति विकसित किया गया है, बल्कि इसने लाह उत्पादकों और प्रसंस्करण से जुड़े व्यक्तियों के

आर्थिक उत्थान के लिए इसे प्रसारित करने में भी अहम भूमिका निभाई है। इस संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के 80% से अधिक लाभार्थी छोटानागपुर क्षेत्र के गरीब व सीमांत जनजातीय किसान हैं। उन्होंने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि विगत 99 वर्षों में, संस्थान द्वारा विभिन्न पहलों/कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 10 लाख से अधिक व्यक्तियों को कौशल प्रदान कर उनके सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के लिए प्रयास करना सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश कच्चे लाख के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी उत्पादक है, जिसका वार्षिक उत्पादन 20,000 टन से अधिक है, जो विश्व के कुल उत्पादन का लगभग 80% है। इसमें झारखंड राज्य का योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कृषि हमेशा हमारे राष्ट्र की रीढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में वार्षिक लगभग 1500 मिमी वर्षा होने के बावजूद, कृषि के क्षेत्र में कतिपय समस्याएँ हैं। हमारे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी अपनानी होगी। माननीय प्रधानमंत्री जी किसानों की आय में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए किसानों को द्वितीयक कृषि पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को ह्लइंटरनेशनल मिलेट ईयरह्व घोषित किया गया है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि राज्य में कृषि से संबंधित गतिविधियों को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सब्जियों, मसालों, औषधीय पौधों, सुगंधित चावल आदि की जैविक खेती की यहां पूर्ण संभावना है। उन्होंने मत्स्यपालन, मुर्गीपालन हेतु भी प्रेरित किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करेगा। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने ह्यलाह कलर एनालायजर एवं पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

पृष्ठ एक के शेष

लोकसभा में महिला बिल...

बने तो ये ड्रॉपआउट रेशो घटकर 0।7 फीसदी रह गया। शाह ने कहा, ये हमारे लिए राजनीति नहीं, मान्यता और संस्कृति का मुद्दा है। महिला सशक्तीकरण संविधान संसोधन से जुड़ा नहीं है, बल्कि ये महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और सहभागिता का मामला है। मोदीजी ने जिस दिन पीएम पद की शपथ ली, ये संकल्प लिया। ये सरकार का संकल्प है, जिसे पूरा किया गया। गृहमंत्री ने इसके साथ बिल को पास कराने के लिए सहयोग मांगा।

कानून मंत्री ने क्या कहा : महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि परिसीमन को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है। परिसीमन के सेक्शन 8 और 9 में ये कहा गया है कि संख्या देकर ही निर्धारण होता है। इन तकनीकी चीजों में हम जाएंगे तो आप चाहते हैं कि ये बिल फंस जाए। लेकिन हम इस बिल को फंसने नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है कि महिला आरक्षण का विषय हॉरिजोन्टल भी है और वर्टिकल भी है। अब तुरंत तो परिसीमन, जनगणना नहीं हो सकती। आप कह रहे हैं कि तुरंत दे दीजिए।

झारखंड में कुड़मी समाज का रेल रोको...

इलाका पुलिस छावनी तब्दील कर दिया गया है। उधर, पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा स्टेशन और गोमो स्टेशन में रेल चक्का जाम कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे आंदोलनकारियों को पुलिस ने रोका तो कुड़मी समाज के सदस्य की पुलिस के साथ बकझक हो गयी। इस दौरान सोनुआ थाना प्रभारी सोहनलाल से आंदोलनकारियों ने रोकने का कारण पूछा और पुलिस से उलझ गए। इसके बाद हो हंगामे करते हुए कुड़मी समाज जबरन घाघरा स्टेशन के अंदर चले गए। धनबाद के गोमो स्टेशन में भी यही हाल हुआ। सैकड़ों महिला-पुरुष छोटे-बड़े वाहनों में सवार होकर घाघरा स्टेशन पहुंचे। हालांकि, स्टेशन के भीतर भी सुरक्षा बल तैनात हैं। उल्लेखनीय है कि कुड़मी समाज के लोगों का यह तीसरा आंदोलन है। केंद्र से उनकी मांग है कि उन्हें आदिवासी का दर्जा दिया जाए। फिलहाल ये लोग ओबीसी वर्ग के दायरे में आते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, झारखंड में कुड़मी समाज के लोगों की आबादी 22 प्रतिशत है।

पंचायत स्वयंसेवक संघ का नंग-धड़ंग प्रदर्शन स्थगित

4 अक्टूबर को प्रोजेक्ट भवन घेरने का लिया गया है निर्णय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सेवा स्थायीकरण सहित 5 सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन कर रहे पंचायत स्वयंसेवक ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास पर नंग-धड़ंग प्रदर्शन आंदोलन को स्थगित कर दिया है। संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अपरिहार्य कारणों से बुधवार के आंदोलन को स्थगित किया गया है। संघ ने 4 अक्टूबर को झारखंड मंत्रालय का घेराव करने का निर्णय लिया है, जिसमें राज्य भर के पंचायत स्वयंसेवक भाग लेंगे। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि राजभवन के समक्ष चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मांगे माने जाने तक जारी रहेगा। गौरतलब है कि सेवा

स्थायीकरण सहित 5 सूत्री मांगों के समर्थन में पिछले 75 दिनों से राजभवन के समक्ष पंचायत स्वयंसेवक धरना पर बैठे हैं। आज 20 सितंबर को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास पर नंग-धड़ंग प्रदर्शन करने की घोषणा कर रखी थी।आंदोलन स्थगित होने के पीछे की ये है वजहः 20 सितंबर के आंदोलन को स्थगित करने के पीछे पंचायत स्वयंसेवक संघ ने कई वजह बताई है। सबसे प्रमुख वजह प्रदेश अध्यक्ष के माता जी का असामयिक निधन और धरना दे रहे कई पंचायत स्वयंसेवक का बीमार होना बताया जा रहा है। आंदोलन कर रहे पंचायत स्वयंसेवकों का कहना है कि लगभग 75 दिनों से उनके आंदोलन की सुधि लेने के लिए सरकार का कोई अधिकारी नहीं आया हैं। ऐसे में इन पंचायत स्वयंसेवकों ने आर पार की लड़ाई की ठान ली है।2016 में हुई थी नियुक्तिः इनका कहना है कि सरकार के द्वारा सेवा स्थायीकरण की बात तो दूर कर्मचारियों के बकाया मानदेय का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस वजह से एक-एक कर्मचारी का बकाया सरकार पर ढाई से तीन लाख तक है। गौरतलब है कि झारखंड में पंचायत स्वयंसेवकों की नियुक्ति 2016 में प्रत्येक पंचायत में हुई थी। जिसमें आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए करीब 18 हजार युवाओं को नियुक्त किया गया था। इनके ऊपर सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी थी।

भारतीय युवक संघ का 190 फीट का पंडाल होगा आकर्षण का केंद्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के सबसे आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करने वाले भारतीय युवक संघ (बकरी बाजार) की ओर से 190 फीट का पंडाल बनाया जा रहा है। चौड़ाई 140 फीट और ऊंचाई 50 फीट है। पंडाल के निर्माण में 60 लाख रुपए खर्च होंगे।भारतीय युवक संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बुधवार को बताया कि इस बार का पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि महाभारत के चक्रव्यूह की यात्रा के प्रसंग पर आधारित पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। चक्रव्यूह एक पहिए के जैसे घूमता हुआ व्यूह है। चक्रव्यूह वाले इस पंडाल की खासियत यह है कि श्रद्धालु इसमें फंसेंगे, लेकिन मां की कृपा से आसानी से दर्शन कर लेंगे। उन्होंने बताया कि पंडाल के अंदर

बीच में अभिमन्यु का रथ होगा। रथ के चारों तरफ शीशे लगे होंगे, जिसमें पंडाल का पूरा प्रतिबिंब नजर आएगा। पंडाल ऊपर की ओर से खुला होगा और अंदर ऑडिटोरियम होगा, जिसमें भव्य सजावट देखने को मिलेगा। इसमें मां का दरबार लगेगा, 13 फीट ऊंची स्वर्ण जड़ित मूर्ति स्थापित की जाएगी। मूर्ति को बंगाल के कलाकार रांची में ही बनाएंगे। बंगाल के 90 कारीगर पंडाल बनाने में जुटे हैं। बच्चों के लिए मेला आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसमें 15 आधुनिक झूले लगाए जाएंगे। बंगाल और रांची की ओर से लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

नारी शक्ति वंदन विधेयक बिल ढाक के तीन पात

रांची। राजद के प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रानी कुमारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश के प्रधानमंत्री के द्वारा नये सांसद भवन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला नारीशक्ति वंदन विधेयक भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जुमला है। जब चुनाव नहीं होगा इस तरह का मामला चलेगा। चुनाव के बाद फिर यह विधेयक ठंडे बस्ते पड़ जायेगा। नारी शक्ति महिला विधेयक आरक्षण विल तत्काल प्रभाव से लागू नही होगा। नारिशक्ति वंदन विधेयक 2029के परिसीमन के बाद होने वाले चुनाव में लागू हो सकता है।पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को नारी शक्ति वंदन विधेयक में आरक्षण से वंचित रखा गया है। नारी शक्ति वंदन विधेयक में कहा गया है कि यह आरक्षण सीधे जनता द्वारा चुनी जाने वाली महिला प्रतिनिधियों पर ही लागू होगा। यानी यह आरक्षण देश के उच्च सदन राज्यसभा या छह विधान परिषदो पर लागू नही होगा।

24 सितंबर को भजन सत्संग नृत्य नाटिका का होगा आयोजन

कोलकाता से आ रहे भजन गायक लोगों को झूमायेंगे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवम स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक बुधवार को संस्था के शिवगंज हरमु रोड़ रांची स्थित सत्संग भवन में हुई जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संस्था के द्वारा इस बार 37वें वार्षिक उत्सव में दूसरे वर्ष भी श्री राधा अष्टमी महोत्सव भजन सत्संग संग नृत्य नाटिका बहुत ही धूमधाम से संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में मनाने का निर्णय लिया। संस्था के द्वारा श्री राधा अष्टमी का भव्य कार्यक्रम भजन संकीर्तन एवम नृत्य नाटिका का भव्य आयोजन किया जायेगा।

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे दोपहर 12:30 बजे से श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति एवं उनके परिवार सदस्यों के सौजन्य से 108 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण रविवार 24 सितंबर 2023 को किया जायेगा। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था 37वें वार्षिक उत्सव में दूसरी बार श्री राधा अष्टमी महोत्सव का भव्य कार्यक्रम निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर(मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) पुंदाग में कर रहा है। कार्यक्रम को रास मंडली द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया जायेगा। उडीसा से आई हुई भजन गायक स्वर्ण रेखा महंता ग्रुप के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत राधा महारानी के भजन पर कलकता से आये नृत्य नाटिका के कलाकार

धूमधाम से संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में मनाने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम में भक्तों की भीड़ लगेगी

सुब्रोदीप राय एण्ड ग्रूप के द्वारा नृत्य नाटिका एवं भजनों के माध्यम से श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से बहुत ही सुन्दर रूप से किया जायेगा। उडीसा से आए हुए भजन मंडली के साथ भजनों का मधुर गायन संस्था के मनीष सोनी, निर्मल जालान, सज्जन पाड़िया,महिला मंडल की उर्मिला पाड़िया, सिता शर्मा इनके अलावा और भी भजन गायक भजन मंडली का भजन गायन मे साथ देंगे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/LOHARDAGA/E-14/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लोहरदगा जिला के किस्को प्रखण्ड में एक 45 Bedded Fully Furnished हॉस्टल (Indoor Gym) निर्माण योजना।	1,99,99,500.00	4,00,000.00	10000.00	6 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–27.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–.07.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :–.09.10.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–10.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank@Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.307280 Lohardaga(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10/2023-24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 29/09/2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 30/09/2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 30/09/2023 को 03:30 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. भवन अवर प्रमण्डल, पदाधिकारी–01, लोहरदगा का कार्यालय। 2. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय। 3. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल संख्या–2,रॉंची का कार्यालय।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
8. कार्य का विस्तृत विवरण :–

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation work of Conference Hall, DC Chamber, NIC VC Room, Jharnet Meeting Room, Toilets in GF and misc. Painting etc at Collectoriate Building, Lohardaga	15,22,300=00	31,000=00	5,000=00	02 (Two) Months

♣ विशेष जानकारी के लिए – www.jharkhand.gov.in या कार्यालय का सूचना पटट् पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.307271 Lohardaga(23-24):D

जिलागव्य विकास कार्यालय,गढ़वा
Email Id:-dddogarhwa@gmail.com mobile No. -9934529928

(पशुपालकों के लिए आम सूचना।)

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/ पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांकः–326, दिनांकः–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदरदुधारू पशुप्रबंधन एवं पशुपोषण प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जानाहै।

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिलागव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्तकर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचानपत्र (आधारकार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्य कमनिम्नवत है।
प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशुप्रबन्धन एवं पशुपोषण प्रशिक्षण। (N% दिवसीय)

क0	दिनांक	समान्य जाति(OSP)			अनूसूचितजाति(SCSP)			कुल योग
	प्रशिक्षण अवधि	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	
1	12.12.2023 से 18.12.2023	18	10	28	3	3	6	34
	कुलः–	18	10	28	3	3	6	34

पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–
1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि N% दिवसीय निर्धारितहै।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आना वर्जित है।बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगा जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों कोअपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अतिआवश्यक है।
5. उम्रन्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्द रहो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 307356 Animal Husbandry(23-24).D

NEWS इन ब्रीफ

तेज गेंदबाज टिम साउदी के चोटिल अंगूठे की होगी सर्जरी

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने बुधवार को कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी का अंगूठा इस इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम वनडे में चोटिल हो गया था और फ्रैक्चर हो गया था, जिसकी अब सर्जरी की जाएगी। पिछले शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे के दौरान कैच लेने का प्रयास करते समय इस अनुभवी तेज गेंदबाज का दाहिना अंगूठा टूट गया और उसकी हड्डी खिसक गई। भारत में आगामी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए वरिष्ठ तेज गेंदबाज की उपलब्धता पर निर्णय सर्जरी के नतीजे आने के बाद अगले सप्ताह की शुरूआत में किया जाएगा। मुख्य कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि साउदी समय पर ठीक होकर टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध हो सकेंगे।

तितस साधु भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ खेलने के लिए तैयार

नई दिल्ली। तितस साधु का एशियाई खेलों के लिए सीनियर भारतीय महिला टीम में पहली बार शामिल होना उनके अनुसार 'अचानक' था। 18 वर्षीय खिलाड़ी को उस दिन एशियाई खेलों की टीम की घोषणा होने का पहले से कोई अंदाजा नहीं था। 14 जुलाई को वह बिस्तर पर जाने के लिए तैयार होने ही वाली थी कि अचानक उसके एक दोस्त का मैसेज आया।

भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया

हांगझाऊ (चीन)। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने मंगलवार को हांगझाऊ में सीएक्ससी जिम्नेजियम में पूल सी में कंबोडिया पर 3-0 से जीत के साथ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरूआत की। मिली जानकारी के मुताबिक, भारत ने यह मैच 3-0 (25-14, 25-13, 25-19) से जीता। बुधवार को भारत का मुकाबला दुनिया के 27वें नंबर की टीम दक्षिण कोरिया से होगा। हांगझाऊ खेलों में पुरुष वॉलीबॉल में कुल 19 टीमें भाग ले रही हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई खेलों में अब तक कुल तीन वॉलीबॉल पदक जीते हैं। 1962 में वे उपविजेता रहे। भारत के अन्य दो पदक 1958 और 1986 में जीते गए कांस्य थे।

एकदिवसीय क्रिकेट के बादशाह बने मोहम्मद सिराज

गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कोलंबो में एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 21 रन देकर छह विकेट लेने की सनसनीखेज उपलब्धि के बाद गेंदबाजों की आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

सिराज, जिन्होंने पहली बार इस साल जनवरी में शीर्ष स्थान हासिल किया था और मार्च में जोश हेजलवुड ने उन्हें अपदस्थ कर दिया था, ने श्रीलंका के खिलाफ अपने यादगार प्रदर्शन के बाद आठ स्थानों की बढ़त हासिल की है। उनके बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंकाई टीम केवल 50 रनों पर सिमट गई और भारत ने आसानी से 10 विकेट से जीत हासिल कर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज नवीनतम साप्ताहिक अपडेट में बढ़त हासिल करने वाले एक और बड़े गेंदबाज हैं। महाराज ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से जीतवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महाराज ने अंतिम मैच में 33 रन देकर चार विकेट लिए, उन्होंने श्रृंखला में आठ विकेट लिये और 15वें स्थान पर पहुंच गए। रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अन्य गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब-उर रहमान (दो स्थान ऊपर चौथे स्थान पर) और राशिद खान (तीन स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर) शामिल हैं। इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स 11वें स्थान पर हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी 21वें स्थान पर हैं।

दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और इंग्लैंड के डेविड मालन बल्लेबाजी चार्ट में बड़े मूवर्स हैं। सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लासेन की 174 रन की पारी ने उन्हें पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचा दिया है, जबकि मालन श्रृंखला में खेले गए तीन मैचों में 277 रन बनाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर हैं। द ओवल में इंग्लैंड का अब तक का सर्वोच्च स्कोर 182 रन बनाने के बाद बेन स्टोक्स को 13 स्थान का फायदा हुआ और वह 36वें स्थान पर आ गए। दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर (चार पायदान ऊपर 17वें), श्रीलंका के चैरिथ असलांका (दो पायदान ऊपर 28वें), बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (पांच पायदान ऊपर संयुक्त 29वें) और ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी (तीन पायदान ऊपर संयुक्त 29वें स्थान पर)) बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में शामिल हैं।

वाराणसी में स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में सचिन व गावस्कर आमंत्रित

एजेंसी। वाराणसी (यूपी)

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और अनुभवी क्रिकेटर सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री के 23 सितंबर को यहां गंजारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में भाग लेने की संभावना है। स्टेडियम की संरचना काशी की विरासत को प्रतिबिंबित करेगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर और हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय को समारोह में आमंत्रित किया गया है। शिलान्यास समारोह के बाद खिलाड़ी काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। समारोह में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी शामिल होंगे। वाराणसी के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी आर.पी. सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम वाराणसी के गंजारी क्षेत्र में 12.809 हेक्टेयर भूमि पर बनाया जाएगा। जमीन का अधिग्रहण 121.8 करोड़ रुपये में किया जा चुका है। स्टेडियम में 30,000 लोगों के बैठने की क्षमता होगी, इसे पूरा होने में ढाई साल से ज्यादा का समय लगेगा। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में एलएंडटी निर्माण एजेंसी ने मिट्टी परीक्षण जैसी निर्माण-पूर्व गतिविधियां पहले ही शुरू कर दी हैं। पहले चरण में स्टेडियम के साथ-साथ पार्किंग और प्रैक्टिस पिच बनाई जाएगी।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियाई खेलों में करेगी पदार्पण

क्वार्टर फाइनल में करेगी अभियान की शुरूआत

एजेंसी। हांगझू

भारतीय महिला क्रिकेट टीम पहली बार चीन के हांगझू में एशियाई खेलों में हिस्सा लेगी और महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर रही है। शुरूआत में हरमनप्रीत को टीम इंडिया का नेतृत्व करना था। हालाँकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय मैच के दौरान उनके गुस्से के कारण उन्हें निलंबित करने के बाद वह दो मैचों से अनुपस्थित रहेंगी। हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में स्मृति मंधाना टीम की कमान संभालेंगी।

भारत गुरुवार को हांग्जो में झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा।

पिछले दस वर्षों में महिला क्रिकेट में रुचि बढ़ी है और टी20 प्रारूप ने इसे और बढ़ावा दिया है।

महिला टी20 को एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बहु-खेल आयोजनों में शामिल किया गया है। हांग्जो, चीन में एशियाई खेल 2022, जो उस वर्ष कोविड के कारण नहीं खेले जा सके थे, 2023 में आयोजित किए जा रहे हैं, में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए टी20 प्रतियोगिताएं होंगी। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में केवल टी-20 प्रारूप में महिलाओं की प्रतियोगिता हुई।

इस सूची में शामिल होने वाले अन्य उल्लेखनीय नामों में जेमिमाह रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष शामिल हैं।

एशियाई खेल 2023 में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता, जो टी20 प्रारूप में खेली जाएगी, 19 से 28 सितंबर तक होगी। सभी मैच झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में खेले जाएंगे।

भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश शीर्ष वरीयता प्राप्त हैं और सीधे क्वार्टर फाइनल चरण से अपना अभियान शुरू करेंगी।

भारत पहली बार एशियाई खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमें भेज रहा है। यह दूसरी बार है जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम किसी मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में खेलेगी। पिछले साल बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में, भारत की महिलाओं ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद रजत पदक जीता था।

चीन के खिलाफ हार के बाद करो या मरो के मुकाबले में बांग्लादेश से भिड़ेगा भारत

एजेंसी। हांगझोउ

मेजबान चीन के खिलाफ पहले मैच में करारी हार के बाद भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के करो या मरो के ग्रुप मैच में बाग्लादेश के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। भारतीय टीम सोमवार देर शाम यहां पहुंची थी और उचित आराम और नींद के बिना उसने मंगलवार को चीन के खिलाफ अपना पहला मैच खेला जिसमें टीम को 1-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। नॉकआउट की दौड़ में बने रहने के लिए इगोर स्टिमक की टीम को ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को हर हाल में हराना होगा। बांग्लादेश के खिलाफ हार से भारत टूर्नामेंट से बाहर नहीं होगा क्योंकि छह ग्रुप से तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीम भी प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी लेकिन ऐसी स्थिति में अंतिम मैच से पहले काफी अनिश्चितता रहेगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक के रूप में क्वालीफाई करने से भारत को प्री क्वार्टर फाइनल में मजबूत टीम का सामना करना पड़ सकता है। बांग्लादेश की टीम किसी भी स्तर पर भारत के लिए आसान टीम नहीं रही है और वे भी पहले मैच में म्यांमार के खिलाफ 0-1 की हार के बाद वापसी करने की कोशिश करेंगे।

डिफेंडर कोनसैम चिंगलेनसाना सिंह वीजा में विलंब के कारण टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाए। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने उनके लिए 'एक्सप्रेस वीजा' का इंतजाम किया और वह यहां अलग से पहुंचे। एक्सप्रेस वीजा दो से तीन दिन में मिल जाता है।

सुनील छेत्री की अगुआई वाली टीम के लिए बांग्लादेश को हराकर प्रतियोगिता की पहली जीत दर्ज करना आसान नहीं होगा क्योंकि इंडियन सुपर लीग क्लबों के खिलाड़ियों को छोड़ने से इनकार करने के बाद अंतिम समय में टीम तैयार की गई और इसमें अधिकतर अंजान चेहरे हैं। भारत ने हालांकि चीन को पहले हाफ में कड़ी टक्कर दी थी लेकिन दूसरे हाफ में खिलाड़ियों पर थकान हावी दिखी।

ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता है : इगा स्वीयाटेक



एजेंसी। पेरिस (फ्रांस)

विश्व नंबर 2 इगा स्वीयाटेक ने 2024 ओलंपिक खेलों में खेलने के लिए अपनी 'प्राथमिकता' साझा की, और रौलां गैरो 2024 से ठीक पहले पेरिस ओलम्पिक शेड्यूल करने के लिए विश्व टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) पर निराशा भी व्यक्त की। रौलां गैरो(फ्रेंच ओपन), जो 28 मई से 9 जून 2024 तक पेरिस के स्टेट रौलां गैरो में निर्धारित है, 26 जुलाई से 11 अगस्त तक निर्धारित ओलंपिक खेलों से ठीक पहले खेला जाएगा। स्वीयाटेक ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मुझे अपने शरीर की बात सुनने की जरूरत है और सीजन बहुत व्यस्त है - हमारी नंबर एक प्राथमिकता इसे अच्छे स्वास्थ्य के साथ अंत तक खेलना और समझदारी से योजना बनाना है ताकि हमें चोट लगने का खतरा न हो। ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता हैं, लेकिन विशेष रूप से इन प्रतियोगिताओं के लिए अच्छी स्थिति में रहना मुश्किल होगा। अगर मैं ऐसा करना चाहता, तो तैयारी का दौर रौलां -गैरो के दौरान शुरू करना होगा...कैलेंडर बहुत व्यस्त है और मेरे सामने कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। रास्ते में हमारे पास ऑस्ट्रेलियन ओपन, संयुक्त राज्य अमेरिका में महत्वपूर्ण कार्यक्रम और रौलां गैरो हैं। ऐसा नहीं है कि मैं ऐसे अनुशासन का अभ्यास करती हूं जिसमें सबसे महत्वपूर्ण चीज विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक खेल हैं।

अल्पकालिक सौदे पर जर्मनी के मुख्य कोच नियुक्त हुए जूलियन नगेल्समैन

बर्लिन। बायर्न म्यूनिख के पूर्व कोच जूलियन नगेल्समैन को जर्मनी की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का अस्थायी मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 2004 में 39 वर्षीय जर्गेन क्लिंसमैन की नियुक्ति के बाद से 36 वर्षीय नगेल्समैन सबसे कम उम्र के कोच बन गए हैं। वह अगले जुलाई में यूईएफए यूरो 2024 टूर्नामेंट तक कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। दस दिन पहले, हंसी फ्लिक ने कतर में 2022 फीफा विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने और कई मैत्री मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। नगेल्समैन जर्मनी के साथ एक निश्चित अवधि के समझौते पर सहमत हो गए हैं। वह अगली गर्मियों में एक क्लब के साथ अपना करियर जारी रखने की योजना बना रहे हैं। नगेल्समैन का बायर्न के साथ 2026 तक चलने वाला अनुबंध खत्म हो गया है।

अंडर-17 एशिया कप : भारतीय महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड के खिलाफ नई शुरूआत करने को तैयार

एजेंसी। बुरिराम (थाईलैंड)

एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप क्वालीफायर के अपने पहले मुकाबले में कोरिया से 0-8 से हारने के बाद भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम अगले दो मैचों में कुछ अच्छे प्रदर्शन के लिए तैयार है। भारतीय अंडर-17 टीम आने वाली चुनौतियों से पूरी तरह अवगत है। उनका मुकाबला मेजबान थाईलैंड से है, जिसे 'मुस्कान की भूमि' के नाम से जाना जाता है। उपनाम न केवल उनकी हंसमुख संस्कृति का प्रतिबिंब है, बल्कि यह खेल के प्रति उनके दृष्टिकोण की भी विशेषता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, ये टीम हार नहीं मानती। भारतीय टीम को गुरुवार को बुरिराम सिटी स्टेडियम में थाईलैंड से भिड़ना है। यह मैच दो प्रतिबद्ध अंडर-17 टीमों के बीच एक रोमांचक संघर्ष होने का वादा करता है, जो प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ने का प्रयास कर रही हैं। हाल में थाईलैंड शानदार फॉर्म में रहा है, उसने एएफसी अंडर17 महिला एशिया कप क्वालीफायर के राउंड 1 में अपने ग्रुप ए मैचों में उत्तरी मारियाना द्वीप (11-0) और मलेशिया (11-0) पर शानदार जीत हासिल की है। मंगलवार को अपने पहले राउंड 2 मुकाबले में उन्होंने ईरान को 6-0 से हराया। भारतीय कोच विरोधियों की ताकत और कमजोरियों से अवगत हैं और उन्होंने कहा, थाईलैंड एक प्रतिभाशाली टीम है, वापसी की रक्षा और जवाबी हमले की रणनीति में उत्कृष्ट है जबकि हमारी शैली आक्रामक फुटबॉल पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, "हमारे पिछले मैच में हमें कई गलत पासों से जूझना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप गेंद पर कब्जा करने में कमी आई। हम अपनी ताकत और कमजोरियों के बारे में जानते हैं और हम उस पर काम करेंगे। भारत का ध्यान अब बचे हुए मैचों में पूरे अंक हासिल करने और प्रतियोगिता में आगे बढ़ने पर होगा।

टी20 विश्व कप | आईसीसी ने की स्थल के रूप में न्यूयॉर्क, डेलास-फ्लोरिडा की पुष्टि

ट्रॉफी के लिए 20 टीमों के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी। दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के अमेरिका चरण के तीन स्थलों के रूप में बुधवार को न्यूयॉर्क, डेलास और फ्लोरिडा के नाम की पुष्टि की। अमेरिका में ब्रोवार्ड काउंटी (फ्लोरिडा), ग्रैंड प्रेरी (डेलास) और आइसेनहावर पार्क (न्यूयार्क) टी20 विश्व कप मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। यह पहली बार है जब टूर्नामेंट का आयोजन अमेरिका में हो रहा है और वह वेस्टइंडीज के साथ सह मेजबान है।

आईसीसी ने 2021 में अमेरिका को प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी थी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्यौफ अलार्डिस ने कहा कि विस्तृत आकलन प्रक्रिया के बाद इन स्थलों को चुना गया है। अलार्डिस ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, ट्रॉफी के लिए 20 टीम के बीच भिड़ंत वाले अब तक के सबसे बड़े आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के एक हिस्से की मेजबानी के लिए तीन अमेरिकी स्थलों की घोषणा करने की हमें खुशी है।

उन्होंने कहा, हमने देश में कई संभावित स्थलों पर विचार किया और संबंधित मेजबानों के बीच रोमांच को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। अलार्डिस ने कहा कि फ्लोरिडा और डेलास में मौजूदा स्थलों में विस्तार किया जाएगा जिससे कि अधिक दर्शकों और मीडिया को जगह दी जा सके। साथ ही 'प्रीमियम हॉस्पिटेलिटी एरिया' भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क की नसाउ काउंटी में भी बाकी दोनों स्टेडियम की तरह 34 हजार दर्शकों की क्षमता वाले मॉड्युलर स्टेडियम के निर्माण के लिए समान तकनीक का इस्तेमाल होगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इसके लिए स्थानीय अधिकारियों से जरूरी मंजूरी अगले महीने तक मिल जाएगी। प्रतियोगिता से पूर्व मुकाबलों और ट्रेनिंग के लिए अमेरिका में कुछ और स्थलों की पहचान की गई है जिसमें एमएलसी टीम वाशिंगटन फ्रीडम का घरेलू मैदान जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी भी शामिल है। आईसीसी की इस घोषणा से अमेरिका के टी20 विश्व कप 2024 की मेजबानी को लेकर अनिश्चितता के बादल भी छंट गए हैं। स्टेडियमों की तैयारियों को लेकर संदेह जताया गया था।

जेसन रॉय को विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वाकई कठिन था : जोस बटलर

लंदन। इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज और अपने अच्छे दोस्त जेसन रॉय को आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वास्तव में कठिन फैसला था। 32 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 पुरुष वनडे विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। रॉय के स्थान पर आए बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान ने 54, 96 और 127 रन बनाकर विश्व कप चयन के लिए अपना मामला मजबूत कर लिया और खुद की टीम में जगह पक्की करने के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया। मलान द्वारा अपनी जगह पक्की करने के बाद, रॉय को टीम से बाहर कर दिया गया और फॉर्म में चल रहे युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टीम में शामिल कर लिया गया।